श्रावण शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 29.0° न्यून. 23.6°
रांची: अधिक. 29.8° न्यून. 23.8°

रांची, रविवार
03 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-182, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## राज्य में मानव तस्करी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पर्दाफाश

# हजारीबाग पुलिस ने किया 5 को गिरफ्तार

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** हजारीबाग जिले की पुलिस ने मानव तस्करी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने डंकी रूट के जरिए अमेरिका भेजने का झांसा देकर की गई करोड़ों की ठगी मामले में मास्टरमाइंड उदय कुमार कुशवाहा सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें उदय कुमार कुशवाहा, सा. भराजो, वर्तमान पता - अमेरिका, दर्शन प्रसाद, सा. बुध बाजार, टाटीझरिया, लालमोहन प्रसाद, सा. केसडा, टाटीझरिया, चोहान प्रसाद, सा. भराजो, टाटीझरिया और शंकर प्रसाद, सा. मेरु, हजारीबाग शामिल हैं।

शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजनाथ प्रसाद विष्णुगढ़ के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था। अनुसंधान एवं छापेमारी के क्रम में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। हजारीबाग पुलिस इसे एक बड़े अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी रैकेट के रूप में देख रही है। इस मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों और माफिया नेटवर्क की तलाश जारी है। साथ ही, पुलिस ने आमलोगों से अपील की है कि ऐसे किसी भी झांसे में न आएं और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। दरअसल, हजारीबाग जिला के टाटीझरिया थाना क्षेत्र के भराजो गांव निवासी सोनू कुमार ने 30 जुलाई 2025 को थाने में एक सनसनीखेज शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें यह बताया गया था कि गांव के ही निवासी उदय कुमार कुशवाहा (जो पिछले 45 वर्षों से अमेरिका में रहकर व्यवसाय कर रहे हैं) ने उन्हें अमेरिका में नौकरी दिलाने का झांसा देकर, फर्जी दस्तावेजों और मानव तस्करी के डंकी रूट के माध्यम से वर्ष 2024 में ब्राजील के लिए रवाना किया। वादी के अनुसार, उदय कुमार ने विकाश कुमार (दर्शन प्रसाद का पुत्र) और पिंटू कुमार दारू थाना के जरगा निवासी को भी अलग-अलग दिन दिल्ली से ब्राजील भेजा। ब्राजील पहुंचने पर इन तीनों को अंतरराष्ट्रीय डंकी माफिया के हवाले कर दिया गया। उन लोगों ने उन्हें छिपाकर रोड और नदी मार्ग से

शेष पेज 11 पर

### डंकी रूट के जरिए अमेरिका भेजने का झांसा देकर की गई करोड़ों की ठगी

### मास्टरमाइंड भी गिरफ्त में, अन्य व्यक्तियों और माफिया नेटवर्क की तलाश जारी



**अब तक डंकी रूट से भेजे गए व्यक्तियों की सूची**

1. दिगंबर कुशवाहा (2018)
2. राजकुमार कुशवाहा (2013)
3. नंदू कुमार (2022)
4. पप्पू कुमार (2022)
5. चन्दन कुमार (2022)
6. शंभू दयाल (2022)
7. पृथ्वी राज कुशवाहा उर्फ सोनू (2022)
8. संजय वर्मा (2022)
9. सुमन सौरभ प्रसाद (2022)
10. प्रवीण कुमार (2022)
11. अरुण कुमार कुशवाहा (2019)
12. धीरज कुमार (2019)

(सभी अमेरिका भेजे गए)

### महत्वपूर्ण बरामदगी

1. उदय कुमार के पास से सैमसंग मोबाइल, जिसमें पीड़ित और उसके पिता से व्हाट्सएप चैट की छायाप्रति।
2. उसकी पत्नी के नाम से एक्सिस एवं एसबीआई बैंक डिपॉजिट पर्ची।
3. नोटबुक, जिसमें डंकी रूट से भेजे गए लोगों की सूची और उनसे वसूली गई रकम का विवरण है।
4. दर्शन प्रसाद के पास से रेडमी मोबाइल, जिसमें ट्रांजैक्शन स्क्रीनशॉट है।
5. लालमोहन प्रसाद के पास से एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन तथा उसमें उदय कुशवा के साथ लेनदेन का व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट है।
6. शंकर प्रसाद के पास से मोटोरोला मोबाइल, जिसमें उदय से लेन-देन से जुड़े व्हाट्सएप चैट हैं।

### जल, थल व वायु सेना को सलाम

राष्ट्रीय नवीन मेल




डॉ उमा सिंह किसलय

देश की सेवा में लगे हमारे जांबाज जवान सदैव देश की रक्षा में तैनात रहते हैं। किसी भी दुश्मन में साहस नहीं कि वह भारतीय सेना को परास्त कर सके। उसका जीवंत उदाहरण है, 'ऑपरेशन सिंदूर।' 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में घातक आतंकवादी हमला हुआ। इस पर्यटक स्थल पर छुट्टियां बिता रहे मासूम नागरिकों से उनका परिचय पूछ कर उनके परिवार के सामने ही बेरहमी से मार डालने वाली घटना में आतंकवाद का वीभत्स चेहरा नजर आया। आतंकवादियों की यह बर्बरता असहनीय थी। इस कारण आतंकी ठिकानों पर सटीक वार एवं नियंत्रण की पहल प्रारंभ हुई। जल, थल और वायु सेना के वीर सैनिक इस अभियान में लगे। वीर सैनिकों ने 6 और 7 मई 2025 की मध्य रात्रि में 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम से एक सैन्य अभियान चलाया। भारतीय सशस्त्र बल की ओर से पाकिस्तान व पाक प्रशासित इलाके में आतंकवादियों के ठिकाने पर एयर स्ट्राइक की गई। 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को नष्ट कर देश की बेटियों का सिंदूर उजाड़ने का बदला लिया। केंद्रीय निर्णय एवं भारतीय सैन्य गतिविधियों ने साफ संदेश दिया कि जो दहशत के बीज बोते हैं, उन्हें माकूल जवाब देना आवश्यक है।

### राहुल दुबे गिरोह के छह गिरफ्तार, पिस्तौल समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद

**लातेहार।** पुलिस ने कुख्यात राहुल दुबे गिरोह के छह अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ये आरोपी मगध कोलियरी (बालूमाथ), फुलबसिया (बरियातू) और टोरी कोल साइडिंग में हुई आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं में शामिल थे। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि इन घटनाओं के लिए गठित एसआईटी टीम ने जांच के बाद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों में बल्केश्वर उर्फ सत्या, शंकर महतो, मुकेश कुमार, मनोज कुमार साहू, सागर कुमार और बबलू कुमार शामिल हैं।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## मंत्री रामदास सोरेन दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती




ब्रेन हेमरेज के बाद उनकी स्थिति गंभीर

**रांची।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को ब्रेन हेमरेज के बाद टाटा मोटर्स अस्पताल से एयर एंबुलेंस के जरिए दिल्ली के अपोलो अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह रामदास सोरेन बाथरूम में नहाने के दौरान गिर गए थे। इससे उन्हें सिर में गंभीर चोट आई। चोट के कारन खून का थक्का जम गया। आनन-फानन में उन्हें जमशेदपुर के टेल्को स्थित टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके बाद उन्हें विशेष मेडिकल टीम और बेटे सोमेश सोरेन के साथ एयर एंबुलेंस से दिल्ली रवाना किया गया। वहां उनका इलाज चल रहा है।

## करंट की चपेट में आने से दो की मौत

नवीन मेल संवाददाता



**बानो (सिमडेगा)।** सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड के कर्राडमाइर गांव में शनिवार को बिजली करंट की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। मिली जानकारी के अनुसार कर्राडमाइर गांव निवासी अल्फोस होबो और उनकी बहु कुमुदिनी डुंगडुंग के घर का पंखा खराब हो गया था। पंखा बनाने के क्रम में दोनों बिजली के चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। वहीं, दिलीप कंडुलना सूचना मिलते ही इनको बचाने की कोशिश की। बचाने के क्रम में दिलीप कंडुलना भी बिजली के चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए हैं। सूचना मिलते ही आसपास से ग्रामीण और बिजली कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी सांसद प्रतिनिधि अजित कंडुलना, जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना

शेष पेज 11 पर

### साहिबगंज में गंगा नदी में नाव पलटी, 4 युवक डूबे, 1 का शव बरामद

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले में एक नाव शनिवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे गंगा नदी में पलट गई। इस हादसे में चार युवक नदी में डूब गए। इनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि तीन युवक अब भी लापता हैं। ये चारों युवक आदिवासी समुदाय से हैं और बड़हरवा प्रखंड के बिंदुवासनी मंदिर के पास स्थित एक गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि नाव में 31 लोग सवार थे। नाव से गंगा नदी पार करने के दौरान यह हादसा गंगा नदी थाना क्षेत्र के गदाई दियारा इलाके में हुआ। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची

शेष पेज 11 पर

## दुष्कर्म मामले में प्रज्वल रेवन्ना को आजीवन कारावास की सजा

बेंगलुरु (आईएएनएस)

दुष्कर्म और अश्लील वीडियो मामले में बेंगलुरु की एमपी/एमएलए विशेष अदालत ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने पूर्व जेडी (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना को मृत्यु तक आजीवन कारावास के साथ-साथ 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट ने यह फैसला सुनाया है। अदालत ने प्रज्वल रेवन्ना को बार-बार दुष्कर्म के लिए आईपीसी की धारा 376 (2) (एन) के तहत मृत्यु तक आजीवन कारावास और 5 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने आईपीसी की धारा 376 (2) (के) के तहत एक महिला पर नियंत्रण या प्रभुत्व रखने और उस महिला के साथ दुष्कर्म करने के लिए भी उम्रकैद और 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने निर्देश दिया है कि जुर्माने की राशि में से 7 लाख रुपए पीड़िता को दिए जाएं। सजा सुनाए जाने के समय प्रज्वल रेवन्ना अदालत के सामने दोनों हाथ जोड़कर खड़े थे।

विशेष लोक अभियोजकों ने शनिवार को सजा की अवधि पर अंतिम बयान देते हुए अदालत से पूर्व सांसद और दोषी प्रज्वल रेवन्ना को अश्लील वीडियो और दुष्कर्म मामले में अधिकतम सजा आजीवन कारावास देने का आग्रह किया। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसी सजा समाज को एक कड़ा संदेश देगी और इसी तरह के अपराध करने वाले अन्य लोगों को रोकने का काम करेगी।

सजा सुनाए जाने से पहले अपना अंतिम बयान देते हुए प्रज्वल रेवन्ना भावुक हो गए और अदालत में रो पड़े। प्रज्वल रेवन्ना ने कहा, यह मामला चुनाव के दौरान ही क्यों सामने आया? जब मैं सांसद था, तब मेरे खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई थी। अब वे कह रहे हैं कि मैंने कई बार यौन उत्पीड़न किया। तब कोई सामने क्यों नहीं आया? यह मामला चुनाव के दौरान ही क्यों सामने आया? उन्होंने आगे आरोप लगाया, पुलिस ने ऐसा किया है। यह राजनीति से प्रेरित है। मैं अदालत के फैसले को स्वीकार करूंगा। मैंने छह महीने से अपने माता-पिता को नहीं देखा है। जब न्यायाधीश संतोष भट्ट ने प्रज्वल से उनकी शैक्षणिक योग्यता के बारे में पूछा, तो प्रज्वल ने जवाब दिया कि उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। उन्होंने आगे कहा, आप मेरे शैक्षणिक रिकॉर्ड की पुष्टि कर सकते हैं। मैं एक मेधावी छात्र हूं। मेरी एकमात्र गलती यह है कि मैं राजनीति में बहुत जल्दी आगे बढ़ गया। मैं मीडिया को दोष नहीं दूंगा।

अदालत ने अभियोजन पक्ष के दो विशेष लोक अभियोजकों की अंतिम दलीलें और प्रज्वल रेवन्ना का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील की दलील को भी दर्ज किया। विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व जेडी (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना को अश्लील वीडियो और दुष्कर्म मामले में दोषी ठहराया था।

### प्रज्वल को बेंगलुरु पुलिस ने 31 मई 2024 को किया था गिरफ्तार

दुष्कर्म और अश्लील वीडियो का यह मामला केआर नगर निवासी एक घरेलू सहायिका द्वारा प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दर्ज कराई गई दुष्कर्म की शिकायत और अन्य आरोपों से संबंधित है। अदालत ने इस मामले से संबंधित 26 साक्ष्यों की समीक्षा की है। प्रज्वल रेवन्ना पर इसी तरह के तीन अन्य मामले भी दर्ज हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना को महिलाओं का यौन उत्पीड़न करते और उन कृत्यों को रिकॉर्ड करते हुए दिखाने वाले वीडियो सामने आए थे। मतदान के बाद, प्रज्वल देश छोड़कर भाग गए थे। 31 मई, 2024 को बेंगलुरु लौटने पर प्रज्वल को बेंगलुरु पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और उनके चाचा, केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी की सार्वजनिक अपील के बाद उनकी वापसी हुई थी। प्रज्वल 14 महीने से बेंगलुरु सेंट्रल जेल में बंद हैं और उनकी कई जमानत याचिकाओं को सभी अदालतों ने सिरे से खारिज कर दिया है। इस मामले से जुड़े एक वीडियो ने व्यापक आक्रोश पैदा कर दिया है, जिसमें कथित तौर पर पीड़िता पर यौन उत्पीड़न दिखाया गया है। पीड़िता होलेनरसीपुरा के एक फार्महाउस में काम करने वाली एक बुजुर्ग घरेलू सहायिका है। वीडियो में, महिला प्रज्वल से छोड़ देने की विनती करती हुई दिखाई दे रही है और कह रही है कि उसने उसके पिता और परिवार के अन्य बुजुर्गों की सेवा की थी।



**मृत्यु तक उम्रकैद की सजा भुगतनी होगी**

**10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगा**

### अमेरिकी टैरिफ के बीच बोले पीएम मोदी

## किसानों, छोटे उद्योगों और युवाओं का कल्याण है 'सर्वोच्च प्राथमिकता'

वाराणसी (आईएएनएस)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि किसानों, छोटे उद्योगों और युवाओं का कल्याण सरकार की 'सर्वोच्च प्राथमिकता' है। साथ ही कहा कि देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। पीएम मोदी का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 7 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की गई है। अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी से पैदा हुई उथल-पुथल के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की पुष्टि करते हुए कहा कि देश को अपने आर्थिक हितों के प्रति सतर्क रहना चाहिए और 'स्वदेशी' उत्पादों को अपनाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने वाराणसी में एक रैली के दौरान कहा, वैश्विक स्तर पर अस्थिरता का माहौल है। सभी देश अपने-अपने हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और इसलिए भारत को अपने आर्थिक हितों के प्रति सतर्क रहना होगा। इस सप्ताह की शुरूआत में, ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। साथ ही कहा था कि रूसी तेल खरीदने पर भारत को अतिरिक्त टैरिफ दंड का भी सामना करना पड़ेगा।

शेष पेज 11 पर



**पीएम ने कहा देश को अपने आर्थिक हितों के प्रति सतर्क रहना चाहिए**

## इंडिया: स्वच्छता सर्वेक्षण में श्रेष्ठता वाले इंदौर से सीख



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

इंदौर का स्वच्छता में श्रेष्ठता आज के प्रयास तो हैं, पर शुरुआत 1913 में होलकर राज्य में तभी हो गई थी, जब शहर में गंदगी करने वालों पर जुर्माना लगने लगा था। 1970-80 के दशक में जब इंदौर नया आकार ले रहा था और कॉलोनियों की शुरुआत हुई, तब भी सफाई को प्राथमिकता दी गई। इंदौर की कॉलोनियों का स्वच्छ होना 2014 के बाद स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा बन गया है, जब पहली बार देश में इसको लेकर स्वच्छ शहर अवॉर्ड की शुरुआत हुई। भारत में घर-घर डस्टबीन में कचरा संग्रह कराने की शुरुआत इंदौर से ही हुई, जो मील का पत्थर भी साबित हुई। बाद में गीले-सूखे कचरे संग्रह की शुरुआत हुई। गीले कचरे के शोधन के लिए आसपास संयंत्र लगाए गए। दिल्ली और अन्य कई महानगरों जैसे इंदौर में भी देवगुराड़िया गांव के पास कचरे के ढेर मुंह चिढ़ाते थे। वहां पंद्रह लाख टन कचरे को खत्म करने की शुरुआती पहल से सभी का ध्यान इंदौर की ओर गया और पहली बार 2017 में इंदौर ने देश के स्वच्छ शहर का खिताब न केवल अपने नाम किया, बल्कि आज तक बरकरार भी रखा।

इंदौर नगर निगम का वार्षिक बजट आठ हजार करोड़ रुपयों से ज्यादा है। इसमें दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा स्वच्छता के लिए बताए जा रहे हैं। इसी में वेतन एवं अन्य विविध व्यय भी शामिल हैं। यहां के लोगों से उपयोगकर्ता यानी यूजर चार्ज शुल्क भी बहुत मामूली वसूला जाता है। झुग्गी-झोपड़ियों से 60 रुपए, मध्यम वर्ग से 90 रुपए और संपन्न से 150 रुपए हर घर का मासिक शुल्क लिया जाता है। निश्चित रूप से यह न केवल जनभागीदारी है, बल्कि इससे जिम्मेदारी भी बनती है।शहर के साफ-सफाई में अव्वल आने से लोगों की मानसिकता बदली है। इंदौरियों में स्वच्छता का संस्कार ऐसे रच बस गया है कि वे खुद भी इधर-उधर कचरा नहीं फेंकते और दूसरों को भी नहीं फेंकने देते।

लोगों की सड़कों पर जहां-तहां थूकने की आदत भी बदल गई है। इससे लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के अलावा दूसरे फायदे भी नजर आ रहे हैं, जहां स्थाई संपत्तियों की दरें बढ़ रही हैं, वहीं निवेशक भी इंदौर की तरफ आकृष्ट हो रहे हैं। रांची सहित झारखंड के अनेक शहरों में स्वच्छता बढ़ी है और गंदगी करने वालों की संख्या भी क्योंकि स्वच्छता सिर्फ सरकारी प्रयासों से पूरी नहीं हो सकती इसे आदत बनानी चाहिए और परंपरा भी जिससे झारखंड और समृद्ध होगा।



### पिछड़ों के हित की चिंता है, तो निकाय चुनाव में 27% आरक्षण की घोषणा करे राज्य सरकार

# कांग्रेस का चाल, चरित्र व चेहरा पिछड़ा विरोधी : आदित्य साहू

- कहा, पिछड़ों का विरोध कांग्रेस पार्टी के डीएनए में शामिल है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के बयान पर शनिवार को कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी फिर से पिछड़ा समाज का हितैषी बनने का दिखावा कर रही है। जबकि, कांग्रेस पार्टी का चाल, चरित्र और चेहरा पिछड़ा विरोधी है। पिछड़ों का विरोध कांग्रेस पार्टी के डीएनए में शामिल है।

सांसद आदित्य साहू ने कहा कि ये वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने पिछड़ा वर्ग आयोग को कभी भी संवैधानिक दर्जा नहीं दिया। मंडल कमीशन की रिपोर्ट को वर्षों तक ठंडे बस्ते में डाल दिया। इसे वीपी सिंह की सरकार ने लागू किया। उन्होंने कहा कि एक परिवार को महिमा मंडित करने में अनेक विद्वान और जनाधार वाले पिछड़े नेताओं को कांग्रेस पार्टी ने बार-बार अपमानित किया है।

#### भाजपा सरकार पिछड़ों के कल्याण के लिए समर्पित



सांसद आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ों के कल्याण के लिए समर्पित है। आज 11 वर्षों से पिछड़ा समाज से आने वाले गरीब का बेटा भारत का लोकप्रिय प्रधानमंत्री है। उनके कैबिनेट में दर्जनों मंत्री पिछड़े समाज से हैं। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा मोदी सरकार ने ही दिया।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी पिछड़ों की हितैषी बनने का नाटक कर रही है, जबकि कांग्रेस समर्थित हेमंत सरकार में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया बिना पिछड़ा समाज के आरक्षण के संपन्न हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तो पिछड़ों के आरक्षण को मुस्लिम समाज केलिए आरक्षित कर रही है। और, झारखंड में पिछड़ों के हित की बात कर रही है। यह तो साफ तौर पर उसकी नीयत को दिखाता है।

आदित्य साहू ने कहा कि आज तक राज्य सरकार ने ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया, जो आरक्षण के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए पहली संवैधानिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदीप यादव जी को पता होगा कि बाबूलाल मरांडी के मंत्रिमंडल में, जिसमें वे स्वयं भी शामिल थे, पिछड़ों के आरक्षण को बढ़ाने की कोशिश की गई थी। लेकिन, कोर्ट के निर्देश में उसे लागू नहीं किया जा सका।

सांसद साहू कहा कि कांग्रेस पार्टी को अगर पिछड़ों की चिंता है, तो राज्य में होने वाले नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण दिलाना सुनिश्चित करे। केवल बयानबाजी से पिछड़े समाज का कल्याण नहीं होगा। उसे धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी भी राज्य सरकार की है।

## कृषि मंत्री दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल पहुंची मंत्री रामदास के स्वास्थ्य की ली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल पहुंचकर झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। रामदास सोरेन वर्तमान में अस्पताल में इलाजरत हैं। इस मौके पर मंत्री शिल्पी ने डॉक्टरों की टीम से मुलाकात कर चिकित्सा स्थिति और उपचार प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और चिकित्सकों की टीम लगातार निगरानी में है। अस्पताल में मौजूद शिक्षा मंत्री के पुत्र सोमेश सोरेन से भी मंत्री शिल्पी ने मुलाकात की। और जल्द स्वस्थ होने की कामना की।




- जल्द स्वस्थ होने की कामना की

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित करेगी भाजपा : मनोज सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाजपा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के साथ तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन करेगी। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने दी। कार्यक्रम केलिए नन्द जी प्रसाद, शशांक राज, बबलू भगत,और सीमा सिंह को सह संयोजक बनाया गया है। आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए श्री सिंह ने बताया कि तैयारियों को लेकर 3 अगस्त से 5 अगस्त तक विभिन्न जिलों में और 6 से 10 अगस्त तक मंडलों में कार्यशालाएं आयोजित होंगी। विभिन्न जिलों की आयोजित कार्यशाला में प्रदेश के नेता शामिल होंगे।

बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 3 अगस्त को रांची महानगर की बैठक में शामिल होंगे जबकि संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह 5 अगस्त को रामगढ़, 3 अगस्त को प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू लोहरदगा, डॉ प्रदीप वर्मा रांची ग्रामीण जिला, 4 अगस्त को प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह लातेहार में,प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद 6 अगस्त को जमशेदपुर महानगर, विकास प्रीतम 5 अगस्त को चतरा, 6 अगस्त को गढ़वा, आरती कुजूर खूंटी, बड़ कुंवर गगराई पूर्वी सिंहभूम, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी धनबाद महानगर और ग्रामीण की कार्यशाला में 5 अगस्त को शामिल होंगे। बताया कि 10 से 14 अगस्त तक सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा आयोजित होगी। 12 से 14 अगस्त तक शहीद स्मारकों, प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। बताया कि 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों, प्रतिष्ठानों,पर कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा फहराने का आग्रह किया जाएगा। कहा कि स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को पार्टी विभाजन विभीषिका दिवस भी मनाएगी।




- 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में निकलेगी तिरंगा यात्रा
- 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं, युद्ध स्मारकों के लिए होगा स्वच्छता अभियान
- 13 से 15 अगस्त तक हर घर तक लगेगा तिरंगा
- 14 अगस्त को पार्टी मनाएगी विभाजन विभीषिका दिवस
- 3 से 5 अगस्त तक विभिन्न जिलों में और 6 से 8 अगस्त तक मंडलों में होगी कार्यक्रम की तैयारी बैठक

### 17 से 19 सितंबर को होगा डिफेंस एक्सपो, बोले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

# राज्य को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रांची में डिफेंस एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रक्षा और एमएसएमई से जुड़े सेक्टर भाग लेंगे और अपनी प्रदर्शनी भी लगाएंगे। शनिवार को दोपहर एक बजे होटल रामदा में प्रेस वार्ता हुई जिसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री का वीजन भारत को प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। इसी संकल्प के तहत रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है जिसमें झारखंड को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की भूमि में ईस्ट टेक 2025 पूर्वी भारत का चौथा डिफेंस एक्सपो रांची में 17 सितंबर से लेकर 19 सितंबर तक ठाकुर विश्वनाथ इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

यह एक्सपो पूर्वी भारत का चौथा दो बार कलकत्ते और एक बार गुवाहाटी में आयोजन किया गया था। झारखंड में इसकी तैयारी पिछले चार महीने से चल रही थी। इसका उद्देश्य रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो जो इंडस्ट्री क्षेत्र है उसे बूस्ट अप देना है। डिफेंस एक्सपो में भाग लेने के लिए 200 से ज्यादा कंपनियों और 50 एमएसएमइ ने रजिस्ट्रेशन कराया है। झारखंड के एमएसएमई इंडस्ट्रीज के, ट्रेड इंडस्ट्री, कॉमर्स इंडस्ट्रीज के लोग जुडें, चैंबर के लोग जुड़ें एक माहौल क्रिएट होगा तब जाकर यहां एक मौका मिलेगा। झारखंड सरकार का भी सहयोग मिल रहा है सभी एमएसएमई, स्टॉटअप, डीआरडीओ एक प्लेटफार्म में आए। स्कूल, कॉलेज के बच्चे भी इस कार्यक्रम में भाग लें। अभी का एरा जय जवान,जय किसान और और जय विज्ञान का है। जय जवान ऑपरेशन सिंदूर की विजय ऑपरेशन महावीर की विजय, जय किसान 81 करोड़ लोगों को फ्री अनाज यही अन्नदाता दे रहे हैं और जय विज्ञान जहां हमलोग स्पेस में वॉक कर रहे हैं।

#### बी क्लास सीटि में पहली बार आयोजन



- एचईसी के दिन बहुरेंगे

प्रधानमंत्री का संकल्प आत्मनिर्भर रक्षा मंत्रालय है यही आत्मनिर्भरता की गूंज ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिला। दुनिया अचंभित है कि भारत ने अपने स्वदेशी हथियारों के दम पर चाहे वह ड्रोन हो, मिसाइल, एअर डिफेंस सिस्टम या ब्रह्मोस हो, कुछ ही मिनटों में काम तमाम कर दिया। लोगों का यकीन नहीं हुआ कि 22 मिनट में ही ऑपरेशन सिंदूर ने 9 आतंकी अड्डे 11 एअरबेस ध्वस्त कर दिए और कई आतंकी मारे। झारखंड के युवाओं को रोजगार का सुनहरा यही अवसर है सेना में युवा अपना भविष्य देखें। अब यह पुराना भारत नहीं कि इंपोर्ट करता रहे यह नया भारत है जो एक्सपोर्ट की भूमिका में है। यह गर्व की बात है कि डिफेंसे प्रोडक्शन पिछले साल 1,27,000 करोड़ रूपए का हुआ वहीं डिफेंस एक्सपोर्ट 23,622 करोड़ रूपए का हुआ और दुनिया के 92 देशों में हम एक्सपोर्ट कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि मेरा रक्षा राज्य मंत्री बनना तब सार्थक होगा जब झारखंड में रक्षा औद्योगिक गलियारे की स्थापना हो जो मेरा सपना है। यही मौका है झारखंड को आगे बढ़ने के। झारखंड के लोगों को प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने बहुत बड़ा मौका दिया है। यह बहुत बड़ा स्टेप है डिफेंस एक्सपो का। बी क्लास सीटी में पहली बार यह आयोजन हो रहा है ,बी क्लास में भी कैपेबीलीटी है हुनर इसे साबित करना है। अभी शुरूआत है आगे दूर तक जाना है। हुनर वाली रांची बनाना है, वह दिन दूर नहीं जब झारखंड में डिफेंस कारिडोर की स्थापना होगी। वहीं विश्वास दिलाया कि एचईसी के दिन बहुरेंगे।

## मानवता को शर्मसार करने वाले निजी अस्पताल पर हो सख्त कार्रवाई : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष ने एक निजी अस्पताल के द्वारा किए गए जघन्य अपराध पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री मरांडी ने कहा कि रांची के एक निजी अस्पताल में मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक नवजात शिशु की मृत्यु के बाद भी उसे चार दिनों तक वेंटिलेटर पर रखकर परिजनों से लगातार पैसे वसूले गए। कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह पुष्टि हो चुकी है कि बच्चे की मौत पहले ही हो चुकी थी, बावजूद इसके अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों ने परिजनों को अंधेरे में रखकर इलाज के नाम पर मोटी रकम की उगाही की। कहा कि इस अमानवीय हरकत ने न केवल चिकित्सा पेशे की गरिमा को कलंकित किया है, बल्कि एक दुःखी परिवार की भावनाओं के साथ भी क्रूर मज़ाक किया है। जानकारी के अनुसार, डॉक्टरों ने झूठ बोलकर बच्चे को वेंटिलेटर पर ज़िंदा बताया और मृत शरीर के लिए लाखों रुपये का बिल थमा दिया।

## भवनाथपुर विधायक से मिले पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, स्वस्थ होने की दी शुभकामनाएं

**रांची।** भवनाथपुर, विधायक अनंत प्रताप देव की तबीयत खराब है। उन्हें इलाज के लिए रांची स्थित मेडिका अस्पताल भरती किया गया है। विधायक के अस्वस्थ होने की जानकारी मिलने के बाद से ही समर्थक और शुभचिंतक उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे है। पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने शनिवार को मेडिका अस्पताल पहुंचकर अनंत प्रताप देव से मुलाकात की। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया विधायक के साथ एक फोटो पोस्ट किया। अपने पोस्ट में मिथिलेश ठाकुर ने लिखा मां गढ़देवी की कृपा से उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, जो हम सबके लिए सुखद बात है। हम सबकी दुआएं और शुभकामनाएं उनके साथ हैं।



- गाय को खिलाई हरी स जी, रोटी और गुड़

### नेत्रदान करने वाले व्यक्तियों के परिजनों को किया सम्मानित

# अंगदान के लिए समाज में फैलानी होगी जागरूकता : डॉ राजकुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्टेट ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (एसओटीटीओ) झारखंड ने शनिवार को एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें नेत्रदान करने वाले दिवंगत महानुभावों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज में अंगदान के महत्व को रेखांकित करते हुए जागरूकता का संदेश भी दिया गया। इस समारोह में विशेष उल्लेख दिवंगत सुशांत सिंह का किया गया, जिनके परिवार ने वर्ष 2023 में लंदन में उनके अंग दान किए थे। सुशांत सिंह के पिता ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा लगता है, जैसे मेरा बेटा आज भी जीवित है। उसके अंगों के माध्यम से कई लोगों को नई जिंदगी मिली है। कार्यक्रम में रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार, डीन प्रो (डॉ) शशि बाला सिंह, नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार, एसओटीटीओ झारखंड के नोडल पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में निदेशक डॉ राजकुमार ने कहा, जब किसी व्यक्ति को ब्रेन डेड घोषित कर दिया जाता है, तो अंगदान को लेकर हिचक क्यों? आज भी ब्रेन डेथ की पुष्टि के बाद अंगदान नहीं हो पा रहा है। यही स्थिति कुछ वर्ष पहले रक्तदान को लेकर भी थी, लेकिन जागरूकता आने के बाद स्थिति बदली। अब अंगदान के लिए भी हमें समाज में जागरूकता फैलानी होगी। मीडिया और आम जनता को इसमें अहम भूमिका निभानी चाहिए। जब अंग दूसरों को जीवन दे सकते हैं, तो उन्हें व्यर्थ क्यों जाने दें? उन्होंने कहा कि अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रिम्स प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान, रिम्स क्विज सोसायटी के वर्ष 2022 बैच के छात्रों द्वारा पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। यह आयोजन छात्रों ने अंगदान जैसे संवेदनशील विषय पर अपनी रचनात्मकता के माध्यम से जागरूकता फैलाई।



**चार नेत्रदाताओं के परिवारों को किया सम्मानित :** स्व. ईश्वर सिंह, स्व. राम रतन राम, स्व. शारदा वोरा और स्व. हराधन महतो के परिवारों को एसओटीटीओ झारखंड ने सर्टिफिकेट व शॉल देकर सम्मानित किया।

## फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों ने बनाई प्रफुल्ल चंद्र राय की रंगोली




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को वोकेशनल टीचर एसोसिएशन ने रसायन शास्त्र दिवस पर फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों ने रसायन विज्ञान के महान विभूति, रसायन विज्ञान के जनक कहे जाने वाले प्रफुल्ल चन्द्र राय की अती सुंदर रंगोली बनाएं जाने पर उनका शाल और उपहार देकर उत्साह वर्धन किया।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अटल पाण्डेय ने बताया कि फाइन आर्ट्स एवं म्यूजिक के विद्यार्थी लगातार विश्वविद्यालय के एवं अन्य विभागों के भी विभिन्न कार्यक्रमों में अपना बहुमूल्य समय एवं कला का योगदान देकर सुंदर रंगोली एवं अन्य तरह से सहयोग करते आ रहें हैं। एसोसिएशन के डॉ सुरजीत घोषाल ने कहा कि फाइन आर्ट्स विभाग के शिक्षक अभाव में भी विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा दे रहे हैं परन्तु उन्हें प्रोत्साहन के साथ गुणवत्तापूर्ण माहौल की भी जरूरत है। सम्मान पाने वाले फाइन आर्ट्स के विद्यार्थी तुषार पाण्डेय, दिव्या श्रीवास्तव, नीलम कुमारी, एकता रानी आदि। कार्यक्रम में मुख्य रूप से म्यूजिक के प्राध्यापक मनीष कुमार, फाइन आर्ट्स के विवेक दास, अवधेश ठाकुर, सुनील कुमार झा आदि उपस्थित थे।

## न्यायालय परिसर की सफाई और गरिमा बनाए रखना आवश्यक : न्यायायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सार्वजनिक स्वच्छता और सफाई को बढ़ावा देने के संदेश के साथ रांची के न्यायायुक्त ने जिले के सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ मिलकर शनिवार को सिविल कोर्ट परिसर में एक व्यापक स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। यह विशाल स्वच्छता अभियान झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान की हालिया निरीक्षण यात्रा के बाद प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में प्रारंभ किया गया है। यह पहल रांची बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और कई अधिवक्ताओं के सहयोग से चलाई जा रही है।

इस अभियान की शुरुआत न्यायायुक्त, रांची द्वारा की गई, जिसमें न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने झाड़ू उठाकर स्वच्छता के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता व्यक्त की। कोर्ट परिसर में इतने व्यापक स्तर पर सफाई कार्य इससे पहले कभी नहीं हुए थे। इससे समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का नया मानक स्थापित हुआ है।

सभा को संबोधित करते हुए न्यायायुक्त ने कहा कि न्यायालय परिसर की सफाई और गरिमा बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि यह संस्था की प्रतिष्ठा को दर्शाता है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने भी इसी भावना को दोहराया और अधिवक्ताओं व कर्मचारियों से अपने आस-पास की स्वच्छता की जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया। यह पहल बार और बेंच दोनों द्वारा प्रतिबद्धता और उत्साह के एक नए स्तर को दर्शाती है और एक सामान्य उद्देश्य के लिए सर्वोत्तम समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची के सचिव ने कहा कि यह अभियान 10 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसमें सभी कोर्ट ब्लॉक, प्रतीक्षा क्षेत्र, रिकॉर्ड कक्ष और आसपास के रास्तों की सफाई की जाएगी। कोर्ट स्टाफ, पैरा लीगल वॉलेंटियर्स और बार के सदस्यों सहित कई स्वयंसेवकों ने इस नागरिक जिम्मेदारी में भाग लेने की शपथ ली है। यह स्वच्छता अभियान केवल एक प्रतीकात्मक पहल नहीं है, बल्कि न्याय व्यवस्था के भीतर निरंतर सामूहिक प्रयास और नागरिक अनुशासन का आह्वान है।



- सिविल कोर्ट, रांची में विशाल स्वच्छता अभियान का हुआ शुभारंभ

**जीर्णोद्धार** उन्नत तकनीक का उपयोग कर लद्दाख के बौद्ध मठों का बनेगा विस्तृत संरचनात्मक मानचित्र

# बौद्ध मठों के संरक्षण में सीयूजे दे रहा महत्वपूर्ण योगदान

- तीन प्रोफेसरों की एक टीम कर रही है परियोजना का नेतृत्व
- परियोजना तीन साल चलेगी, डीएसटी ने दिए हैं 1.14 करोड़ रुपए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के तीन प्रोफेसरों की एक टीम बौद्ध मठों के संरक्षण के लिए एक परियोजना का नेतृत्व कर रही है। इस परियोजना का नाम 'फील्ड बेस्ड 3डी लेजर स्कैनर स्ट्रक्चरल (एक्सटीरियर एंड इंटीरियर) मैपिंग एंड मॉनीटरिंग ऑफ बुद्धिस्ट मॉनेस्ट्रीज फॉर कंजरवेशन प्लानिंग इनकॉरपोरेटिंग नेचुरल हजार्ड्स इन पार्ट्स ऑफ लाहौल-स्पीति लद्दाख, कोल्ड डेजर्ट रीजन ऑफ इंडिया' है। यह परियोजना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार द्वारा विज्ञान एवं विरासत अनुसंधान पहल (साइंस एंड हेरिटेज रिसर्च इनिशिएटिव, एसएचआरआइ) के अंतर्गत भू-सूचना विज्ञान विभाग, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची को स्वीकृत की गई है। इस डीएसटी-एसएचआरआई की यह पहल लद्दाख क्षेत्र में संवेदनशील विरासत स्थलों के संरक्षण एवं उनके सतत विकास की योजना बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह परियोजना तीन साल चलेगी, जिसके अंतर्गत डीएसटी द्वारा 1.14 करोड़ रुपए दिए गए हैं।

#### सीयूजे के कुलपति ने शोधकर्ताओं के दृढ़ प्रयासों की सराहना की



झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने सीयूजे के शोधकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने भारत के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और धरोहरों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के उनके दृढ़ प्रयासों की सराहना की।

परियोजना के प्रधान शोधकर्ता प्रो अरविंद चंद्र पांडे ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य लिडार (एलआईडीएआर) प्रौद्योगिकी और उन्नत 3डी लेजर स्कैनिंग का उपयोग करके बौद्ध मठों के विस्तृत संरचनात्मक मानचित्र (बाहरी और आंतरिक) को बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि यह क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के तहत प्राकृतिक खतरों का आंकलन करता है। डीएसटी ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लामायुरु मठ और करशा मठ (जांस्कर) में दो स्वचालित मौसम स्टेशन (एडब्ल्यूएस) की स्थापना के लिए वित्त प्रदान किया है।

हाल ही में परियोजना के सभी शोधकर्ताओं ने लद्दाख का दौरा किया और जलवायु डाटा प्राप्ति के लिए सुरक्षित स्थान और दृश्य क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए इन मठों के निकट पहला स्वचालित मौसम स्टेशन स्थापित किया।

सीयूजे के भू-सूचना विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ चंद्रशेखर द्विवेदी, सह-प्रमुख अन्वेषक ने परियोजना के परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में प्राकृतिक खतरों के तहत मानचित्रित मठों के सतत विकास के लिए संरक्षण योजना और संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने में मदद करेगी और इन प्रतिष्ठित मठों और उनके आसपास के भू-पर्यावरण के अनुसार सतत विकास में योगदान देगी।

एक अन्य सह-प्रमुख अन्वेषक डॉ कोंचक ताशी, सहायक प्रोफेसर, सुदूर-पूर्व भाषा विभाग, सीयूजे, जो इस क्षेत्र के निवासी भी हैं, ने कहा कि दीर्घकालिक जलवायु डाटा और जलवायु परिवर्तन प्रभाव विश्लेषण के अनुसार, ये दो मठ/क्षेत्र, लद्दाख में बादल फटने के लिए हॉटशॉट क्षेत्रों में आते हैं। ये दोनों मठ लगभग हजार साल पुराने और लद्दाख के सबसे पुराने मठों में से हैं, जहां बौद्ध धर्मग्रंथ अच्छी तरह से संरक्षित हैं। यही कारण है कि इन मठों को जलवायु परिवर्तन से होने वाली आपदाओं से विशेष सुरक्षा की आवश्यकता है।

डॉ ताशी ने आगे कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं, त्रिपिटक, इन मठों में अच्छी तरह से संरक्षित हैं, जो मूल रूप से संस्कृत और पाली में उपलब्ध हैं और अब मठों में तिब्बती में अनुवादित संस्करण में उपलब्ध हैं। ये सभी लेखन पारंपरिक 'ताड़पत्र' (पत्ते से बना प्राचीन कागज) पर संरक्षित हैं। शोधकर्ताओं और उनकी टीम का जांस्कर के भिक्षुओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया, तथा उन्हें सम्मान और आतिथ्य के प्रतीक पारंपरिक स्कार्फ 'खटक' से सम्मानित किया।

## राज्य के 12 जिलों में आज हो सकती है भारी बारिश



- रांची में भी हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मॉनसून पूरी तरह से सक्रिय है। लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने राज्य के 12 जिलों में 3 अगस्त को भारी बारिश की संभावना जताई है। राज्य में अब तक सामान्य से 48 फीसदी अधिक बारिश हो चुकी है। मौसम केंद्र ने झारखंड राज्य के लिए जारी की गई मौसम की चेतावनी कहा है कि 3 अगस्त को उत्तरी एवं उससे सटे मध्य भागों गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ में कुछ जगहों पर भारी वर्षा होगी। मौसम विभाग के अनुसार 3 अगस्त को रांची में बादल छाए रहेंगे और एक या दो बार हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

वहीं, झारखंड में मानसून अब तक 778.8 मिमी बरस चुका है, जो सामान्य से 48 प्रतिशत अधिक है। 1 जून से 2 अगस्त 2025 तक झारखंड में 526.3 मिलीमीटर वर्षा को सामान्य वषार्पात माना जाता है। पाकुड़ एकमात्र जिला है, जहां सामान्य से कम वर्षा हुई है। बाकी सभी 23 जिलों में कहीं सामान्य, तो कहीं सामान्य से अधिक बारिश हुई है।

### दो दिवसीय ह्यूमैनिटीज फेस्ट 'द आरोहण' का हुआ भव्य समापन

# डीपीएस रांची को सार्थक पहल के लिए बधाई : प्रो विमल किशोर

- विविध शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों से भरा रहा महोत्सव
- प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची में शनिवार को दो दिवसीय ह्यूमैनिटीज फेस्ट 'द आरोहण' का भव्य समापन हुआ। 1 और 2 अगस्त 2025 को आयोजित यह उत्सव आलोचनात्मक चिंतन, रचनात्मक अभिव्यक्ति और विचारोत्तेजक संवाद का साक्षी बना। रांची शहर के 20 प्रतिष्ठित विद्यालयों से आए 350 से अधिक प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसने मानवीय विषयों की व्यापकता को समझने और उस पर चर्चा करने के लिए एक प्रेरणादायक मंच प्रदान किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि प्रो विमल किशोर, प्रोफेसर एंस हेड, डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड, रांची थे। मुख्य अतिथि को सैपलिंग और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डीपीएस रांची के प्रतिभाशाली छात्रों के भावपूर्ण वाद्य संगीत से हुई। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर विमल किशोर ने कहा, 'द आरोहण' में युवाओं की भागीदारी और उनकी गहन समझ को देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। यह आयोजन न केवल मानविकी शिक्षा की शक्ति को उजागर करता है, बल्कि यह छात्रों को एक संवेदनशील, जागरूक और संवादशील नागरिक बनने की प्रेरणा भी देता है। आज जब ज्ञान के क्षेत्र आपस में घुलमिल रहे हैं, ऐसे मंच छात्रों को शैक्षणिक और व्यावहारिक जीवन को सीखने एवं समझने में सक्षम बनाते हैं। मैं डीपीएस रांची को इस सार्थक पहल के लिए बधाई देता हूं। यह दो दिवसीय महोत्सव विविध शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों से भरा रहा। इसमें मुख्य आकर्षण डीपीएस रांची मॉडल यूनाइटेड नेशंस रहा, जिसके तहत इसमें ऑल इंडिया पॉलिटिकल पार्टी मीट, यूनाइटेड नेशंस ह्यूमन राइट्स काउंसिल और यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त 'द फोर्थ एस्टेट' नामक एक मीडिया आधारित प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने समाचार प्रस्तुति, पॉडकास्ट और दृश्य रिपोर्टिंग के माध्यम से पत्रकारिता की नैतिकता और तकनीक के रचनात्मक उपयोग को प्रदर्शित किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता और 'रेटोरिका - लेट द हिस्ट्री स्पीक अगेन' जैसे कार्यक्रमों ने प्रतिभागियों की तार्किक क्षमता, ऐतिहासिक समझ और प्रस्तुति कौशल को उजागर किया। इन सभी प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडली द्वारा किया गया।

'द आरोहण' को खास बनाने वाली बात यह रही कि इसका संपूर्ण संचालन छात्रों द्वारा किया गया। योजना निर्माण से लेकर डिजिटल रिपोर्टिंग, सामग्री लेखन, मंच संचालन और व्यवस्थापन तक सभी कार्यों को छात्रों ने अपने नेतृत्व में सफलतापूर्वक अंजाम दिया। यह अनुभव उनके लिए केवल एक शैक्षणिक अभ्यास नहीं था, बल्कि एक जीवनोपयोगी प्रशिक्षण भी था, जिसने उनकी नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान कौशल, रचनात्मकता और जिम्मेदारी को प्रोत्साहित किया।



### 'द आरोहण' डीपीएस रांची की विशेष शिक्षा दृष्टि का सजीव उदाहरण : प्रचार्या

विद्यालय की प्रचार्या डॉ जया चौहान ने अपने संबोधन में कहा, 'द आरोहण' केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि डीपीएस रांची की उस शिक्षा-दृष्टि का सजीव उदाहरण है, जिसमें हम शिक्षा को समग्र, अनुभवात्मक और जीवनोपयोगी बनाना चाहते हैं। यह उत्सव उन विषयों का उत्सव है, जो हमें समाज, शासन, मीडिया और संस्कृति की गहराई को समझने में मदद करते हैं। मुझे इस बात पर अत्यंत गर्व है कि इस पूरे कार्यक्रम की योजना, आयोजन, डिजाइन, मीडिया कवरेज, आतिथ्य और सामग्री निर्माण – सब कुछ हमारे विद्यार्थियों ने स्वयं संभाला। उन्होंने न केवल जिम्मेदारी उठाई, बल्कि पूरी निष्ठा और दक्षता से उसे निभाया। यह अनुभव निश्चित रूप से उन्हें आत्मविश्वास, नेतृत्व, सहयोग और भावनात्मक समझ जैसे नैतिक मूल्य सिखाता है, जो उन्हें भविष्य में उत्कृष्टता की ओर ले जाएगा।

### आधे अधूरे शिक्षक और शिक्षण सामग्री के भरोसे फाइन आर्ट विभाग

# अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहा आरयू का फाइन आर्ट विभाग




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची स्थित रांची विश्वविद्यालय में सिर्फ शहरी नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों से भी विद्यार्थी पहुचंते हैं। विशवविद्यालय में लगभग सभी विभाग है लेकिन कई विभागों में पुरे शिक्षक नहीं है तो कई विभागों में बच्चों को जागरूक करने और प्रोत्साहन के लिए शिक्षण सामग्री नहीं है। रांची विशवविद्यालय में फाइन आर्ट विभाग में कुल चार विषय हैं जिसमे फाइन आर्ट्स, संगीत, नृत्य, थियेटर शामिल हैं। जिसमे कुल दो दो शिक्षक होने चाहिए थे लेकिन कही फाइन आर्ट्स में अथिति शिक्षक के द्वारा क्लास ली जा रही है वहीं संगीत में 45 विद्यार्थियों के लिए दो शिक्षक है इसके अलावा नृत्य में 40 विद्यार्थियों और थियेटर में 20 विद्यार्थियों के लिए मात्र एक एक शिक्षक है। अथिति शिक्षक विवेक दास ने बताया की विभागों में परमानेंट शिक्षक नहीं है। बच्चों की कमी पर उन्होंने कहा पीजी वोकेशनल के बच्चों में फाइन आर्ट के लिए रुझान कम हो जाता हैं। साथ ही शिक्षकों की कमी और बच्चों में जागरूकता की कमी के कारण भी ये स्थिति है।

### नामकुम रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब बरामद

**रांची।** कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ रांची मंडल सतर्क मोड में कार्य कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को ऑपरेशन 'सतर्क' के तहत पोस्ट कमांडर आरपीएफ रांची के पर्यवेक्षण में आरपीएफ पोस्ट रांची और फ्लाइंग टीम रांची द्वारा नामकुम रेलवे स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्र में संदिग्ध वस्तुओं, चोरी, मानव तस्करी आदि के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान नामकुम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर एक व्यक्ति भारी बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा पाया गया। पूछताछ करने पर उसने बताया कि बैग में शराब रखी हुई है। जांच में उसके बैग से कुल 12.750 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 35,000 रुपए है। शराब के प्रकार में ब्लैक डॉग, 100 पाइपर्स, बैलेंटाइंस और ब्लैक एंड व्हाइट स्कॉच व्हिस्की शामिल हैं। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम संजय कुमार, उम्र 45 वर्ष, निवासी बैरिया, थाना लालगंज, जिला बलिया, उत्तर प्रदेश बताया।

## कर संग्रहण लक्ष्य की पूर्ण प्राप्ति सुनिश्चित की जाए : संजय कुमार



- रांची नगर निगम के अपर प्रशासक की अध्यक्षता में हुई राजस्व शाखा की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के राजस्व संग्रहण लक्ष्यों की प्राप्ति, नवीन रणनीति निर्माण तथा राजस्व स्रोतों में वृद्धि के लिए अपर प्रशासक संजय कुमार की अध्यक्षता में राजस्व शाखा की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक रांची नगर निगम कार्यालय में शनिवार को हुई। बैठक में राजस्व से संबंधित कार्यों में तीव्रता लाने के लिए नगर निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार ने निर्देश दिया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में कर संग्रहण लक्ष्य की पूर्ण प्राप्ति सुनिश्चित की जाए तथा पर्वू वर्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक नई उपलब्धि स्थापित की जाए। उन्होंने कहा कि वार्डवार बड़े बकायेदारों, जिन्होंने अब तक होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किए हैं, उन्हें नोटिस निर्गत करते हुए कर की वसूली की जाए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान यदि यह पाया जाए कि भवन मालिकों द्वारा घोषित क्षेत्रफल की तुलना में निर्मित क्षेत्रफल अधिक है, तो ऐसी सूची तैयार कर पुनर्मूल्यांकन की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कर संग्रहकर्ता एवं राजस्व निरीक्षक फील्ड में अधिक से अधिक समय दें, ताकि अंडर-असेस्ड एवं अन-असेस्ड संपत्तियों की पहचान कर उनका सत्यापन सुनिश्चित किया जा सके। शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नगर निगम कर्मियों एवं एजेंसी के कर्मचारियों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए कार्य किया जाए। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के ट्रेड लाइसेंस की जांच की जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भवन मालिकों द्वारा जितने क्षेत्रफल के लिए ट्रेड लाइसेंस प्राप्त किया गया है, उतने ही क्षेत्रफल का कॉमर्शियल होल्डिंग टैक्स अदा किया जा रहा है या नहीं।अपर प्रशासक संजय कुमार ने निर्देश दिया कि जिन भवनों में आवासीय होल्डिंग के अंतर्गत व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, उनकी सूची बनाकर पुनर्मूल्यांकन की कार्रवाई की जाए। होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस से संबंधित लंबित आवेदनों का शीघ्र निपटारा कर पेंडेंसी में कमी लाई जाए।



## श्री श्याम भंडारे में ढाई हजार से ज्यादा भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में हुआ था भंडारे का भव्य आयोजन

श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 165वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया। भंडारे में 2500 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया।

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, पूर्व अध्यक्ष गोपाल मुरारका, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, मनोज, मनीषा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। इसके बाद खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया।

अग्रवाल परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। फिर, प्रथम देव श्री गणेश जी की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में नमक अजवाइन पूड़ी, आलू-लौकी मिक्स सब्जी, केसरिया जलेबी, टॉफी का प्रसाद वितरण किया गया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद मंदिर परिसर में अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था। श्री श्याम भंडारे में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य अजय मारू, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, पूर्व अध्यक्ष गोपाल मुरारका, मनोज खेतान, मंत्री गौरव अग्रवाल, पूर्व महामंत्री राजेश ढांढनीया, मनोज, मनीषा, मयंक, अमृता, मेघा, कनिष्क अग्रवाल, रतन शर्मा, अनुज मोदी, पवन केडिया, आशीष डालमिया, कमलेश सावा, वेद भूषण जैन, राहुल अग्रवाल, कौशल चौधरी, अंकित कुमार, कृष्णा कुमार, संकेत चौधरी, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडे सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया। ये जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### आज / कल




## शाखा सदस्य वार्षिक शुल्क जल्द से जल्द जमा करें : पूजा अग्रवाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की कार्यकारीणी की हुई बैठक
- फनताक्षरी, डांडिया नाइट, दिवाली लकी ड्रा, दिवाली मेला पर हुई चर्चा

रांची समर्पण शाखा के सत्र 2025-26 की चौथी कार्यकारिणी बैठक शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में शनिवार को अग्रसेन भवन में संपन्न हुई। इस बैठक की शुरुआत शाखा अध्यक्ष ने की। साथ ही, अनुपस्थिति एवं गणपूर्ति की सूचना दी गई। शाखा अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया। शाखा सचिव ने जुलाई माह का प्रतिवेदन पेश किया। कार्यकारिणी की बैठक में आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत फनताक्षरी, डांडिया नाइट, दिवाली लकी ड्रा, दिवाली मेला से संबंधित कार्यकमों के आयोजन पर चर्चा की गई। शाखा अध्यक्ष ने शाखा सदस्यों से वार्षिक शुल्क जल्द से जल्द देने के लिए आग्रह किया, जिससे संस्था के कार्य सुचारू रूप से हो सकें। शाखा सचिव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने सभा समाप्ति की घोषणा की।

कार्यकारणी की बैठक में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष विनिता बिहानी, पूर्व अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, रितु पोद्दार, रोजी खंडेलवाल, सौम्या समोता, पिंकी शर्मा, आशा संथालिया, पूजा जैन, पूजा तोदी, कोमल झुनझुनवाला और अन्य सदस्य उपस्थित थीं। ये जानकारी मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में नन्हे सितारों ने बिखेरी मनमोहक छटा

# 'वात्सल्यम 2025' ग्रैंडपैरेंट्स डे का हुआ आयोजन

- वृद्धाश्रम 'अपना घर' के सदस्यों ने बच्चों को दिया आशीर्वाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में शनिवार को 'वात्सल्यम 2025' ग्रैंडपैरेंट्स डे का आयोजन हर्षोल्लास एवं स्नेहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस वर्ष का आयोजन 'चतुर्भुज - पीलर्स ऑफ सक्सेस' थीम पर आधारित रहा, जिसमें चार प्रमुख जीवन मूल्यों को मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से सजीव किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और उनके दादा-दादी के बीच प्रेम, संबंध और जीवन मूल्यों को प्रगाढ़ करना था।

इस कार्यक्रम में सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के महानिदेशक प्रो (डॉ) गोपाल पाठक भी उपस्थिति थे। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें ईश्वर से सभी के कल्याण की कामना की गई। इसके बाद नन्हे विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। मंच पर विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों को डिप्टी लिट्रेरी सेक्रेटरी ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व छात्रा सिमरन तथा भूमि केशरी को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। उन्होंने नीट (राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा) में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। यह पल सभी के लिए प्रेरणादायी रहा।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में नर्सरी के बच्चों ने 'एटरनल बॉन्ड' शीर्षक के अंतर्गत दादा-दादी और पोते-पोतियों के विशेष रिश्ते पर भावनात्मक प्रस्तुति दी। केजी 'ए' के छात्रों ने 'यूनिटी बीट्स' के माध्यम से एकता की शक्ति को ताल और लय के द्वारा प्रस्तुत किया। इसके बाद केजी 'बी' के बच्चों ने 'कदम से कदम मिलाएं' शीर्षक पर प्रस्तुति दी, जिसने यह संदेश दिया कि नियमित अभ्यास से सफलता संभव है। अंत में केजी 'सी' के विद्यार्थियों ने 'मोशन मैट्रिक्स' के तहत समय प्रबंधन के महत्व को सुंदर और रचनात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया। इन सभी प्रस्तुतियों में बच्चों ने चार प्रमुख जीवन स्तंभों - प्रेमपूर्ण संबंध, एकता, अभ्यास और समय प्रबंधन - को रचनात्मकता और ऊर्जा से जीवंत किया, जो किसी भी छात्र को सफलता के शिखर तक पहुंचाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की झलक ने उत्सव को विशेष आकर्षण प्रदान किया। भगवान कृष्ण की झांकियों एवं नृत्य से पूरा परिसर भक्तिमय और आनंदमय हो उठा।

रांची स्थित वृद्धाश्रम 'अपना घर' के सदस्य भी बच्चों को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित थे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए उन्हें आभार स्वरूप उपहार भेंट किए गए। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। दादा-दादी एवं अभिभावकों के चेहरे बच्चों की प्रस्तुतियों से खुशी और गर्व से खिले हुए थे।



### पारिवारिक मूल्यों को बच्चों में रोपित करने का यह सुंदर प्रयास है : प्राचार्या

प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी दादा-दादी एवं अभिभावकों को उनके सहयोग और उपस्थिति के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह प्रस्तुति केवल बच्चों के हुनर का परिचय नहीं थीं, बल्कि उनमें जीवन के अमूल्य संदेश भी छिपे थे। यह आयोजन हमारे संस्कारों और पारिवारिक मूल्यों को बच्चों में रोपित करने का एक सुंदर प्रयास है।




### खलारी के पहाड़ी मंदिर में सावन महोत्सव पर भक्तिमय जागरण का भव्य आयोजन

# पांडेय जागरण मंडली के कलाकारों ने बांधा समा

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** श्रावण मास के पावन अवसर पर खलारी स्थित ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर परिसर में शनिवार की रात एक भव्य 'सावन महोत्सव भक्ति जागरण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सौजन्य से आयोजित इस समारोह में भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक रंगों का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम शुभारंभ से पूर्व मंदिर के पुजारी बृजराज दुबे ने अतिथियों के साथ भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती और बजरंगबली की पूजा-अर्चना किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि खलारी के पुलिस उप अधीक्षक रामनारायण चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि खलारी सीओ प्रणव अंबष्ट, जिप सदस्य सरस्वती देवी सहित अन्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। अतिथियों ने पूजा स्थल पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद मंच पर आमंत्रित कलाकारों, अतिथियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सबसे खास प्रस्तुति रही धनबाद से पधारे पांडेय जागरण मंडली की भक्ति संध्या, जिसने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंडली के साथ आए महुआ चैनल के लोकप्रिय गायक धीरज पांडेय और लोकप्रिय गायिका स्वीटी बंसल ने भगवान शिव, माता पार्वती, श्रीराम और हनुमान पर आधारित एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। पूरे पंडाल में जय शिव शंकर, हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष गूंजते रहे। कार्यक्रम में धार्मिक झांकियों का विशेष आकर्षण भी रहा। इसे राजू हलचल नाटक मंडली ने प्रस्तुत किया। उनके द्वारा प्रस्तुत विभिन्न झांकियों ने सभी दर्शकों को आकर्षित किया और श्रद्धा भाव से भर दिया। देर रात तक चले इस जागरण कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति गीतों व झांकियों का भरपूर आनंद लिया। सावन की हरियाली में सजे इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन ने श्रद्धालुओं को अध्यात्म, भक्ति और मनोरंजन का अनुपम अनुभव प्रदान किया, जो लंबे समय तक खलारीवासियों की यादों में बना रहेगा। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। डीएसपी आरएन चौधरी और पुलिस निरीक्षक जयदीप टोप्पो के नेतृत्व में पुलिस बल सक्रिय रूप से मौजूद रहा। समारोह के दौरान खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार, भोला साव, रोहिणी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, सिद्धेश्वर प्रसाद, ओमप्रकाश राय, अरविन्द सिंह, अमरेश वर्मा, पृथ्वी सिंह, नागेश्वर महतो, बलराम प्रसाद सोनी, रमानाथ सिंह सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं को उनके सराहनीय योगदान के लिए मंच पर सम्मानित किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में पहाड़ी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, सचिव दिनेश पांडेय 'घंटू' सहित समिति के नन्दू मेहता, अनिल कुमार पासवान, रमेश्वर सिंह, रामसूरत यादव, शिबू तूरी, अवधप्रसाद गुप्ता, उदय यादव, पप्पू सिंह, हरिप्रसाद गुप्ता, शम्भू दास, भूपनाथ साहू, दिलीप मेहता, रमेश गिरि, शत्रुंजय सिंह, राजेन्द्र रजक, अरुण सिंह, विजय गुप्ता आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# पुलिस ने विस्फोट पदार्थ किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**सरायकेला-खरसावं।** शनिववार को पुलिस अधीक्षक, सरायकेला-खरसावां को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित भाकपा (माओ0) नक्सली संगठन के उग्रवादियों द्वारा कुचाई थाना के दलभंगा ओपी अन्तर्गत ग्राम-सिकरम्बा के समीप पहाड़ी क्षेत्र में गोला-बारूद छिपाकर सुरक्षा बलों के विरूद्ध उनका अभियान रोकने तथा क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से कुछ वर्ष पूर्व छिपाकर रखा गया है। जिसके आलोक में सरायकेला-खरसावां पुलिस के साथ चाईबासा पुलिस, झारखण्ड जगुआर, सीआरपीएफ एवं एसएसबी का एक संयुक्त अभियान का गठन करते हुए शनिवार को कुचाई थाना के दलभंगा ओपी अन्तर्गत ग्राम-सिकरम्बा के आस-पास जंगली/पहाड़ी क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया गया। संयुक्त अभियान दल द्वारा अग्रतर सर्च अभियान के दौरान शनिवार को कुचाई थाना के दलभंगा ओपी अन्तर्गत ग्राम-सिकरम्बा के समीप पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पूर्व में छिपाकर रखे गये स्टील के कन्टेनर में रखा हुआ चावल का प्लास्टिक 05 पैकेट (बैग) में अमोनियम नाईट्रेट पाउडर-125 किग्रा (प्रत्येक पैकेट 25 कि0ग्रा0) बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है। इस संदर्भ में विधि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### अड़की प्रखंड में स्कूली बच्चों के बीच साइकिल वितरण




**अड़की।** प्रखंड परिसर में शनिवार को स्कूली बच्चों का साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो, प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, मुखिया शांति देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष भोलानाथ लाल, स्कूल के शिक्षक और शिक्षा कर्मियों की उपस्थिति में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी सुविधा के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करना था। वितरण कार्यक्रम अड़की प्रखंड में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे छात्रों को अपनी शिक्षा जारी रखने में मदद मिलेगी।

## बेड़ो के गणेश पूजा पंडाल में पारंपरिक टेराकोटा हस्तशिल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** श्री राधे कृष्ण यूथ संगम गणेश पूजा समिति द्वार इस वर्ष गणपत्ती का भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है. पूरे पूजा पंडाल को टेराकोटा के घोड़ो जिसे बांकुड़ा घोड़ा भी कहते हैं जो अपनी लंबी गर्दन, सुंदर मुद्रा और अनूठी अमूर्तता के लिए जाना जाता है का प्रारूप दिया जा रहा है. भगवान गणेश का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को पूरे पूजा पंडाल में पारंपरिक टेराकोटा हस्तशिल्प, लोक कला का अनूठा संगम देखने को मिलेगा. पूजा पंडाल के निर्माण में झोला, मिट्टी के बर्तन, कुल्हड़ का उपयोग किया जा रहा है. श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित करेगा जिसकी भव्यता रात्रि में देखते ही बनेगी. पूजा पंडाल की लंबाई 90फीट व चौड़ाई 55 फीट होगी इसके निर्माण कार्य में बांकुड़ा के 45 कारीगर दिन-रात लगे हुए हैं. पंडाल के अंदर गणपति बप्पा का दर्शन करने के बाद, श्रद्धालु चलित मूर्ति का अवलोकन कर सकेंगे. समिति की ओर से इस वर्ष भव्य विद्युत सज्जा भी की जा रही है पूजा पंडाल आने वाले मार्गों पर कई तोरण द्वार जिसमें एफिल टावर, ड्रैगन, तितली द्वार, लोगों को अपनी और आकर्षित करेगाऔर साथ ही रंग बिरंगे लाइटों से विद्युत सज्जा भी की जा रही है. बप्पा की भव्य मूर्ति का निर्माण पंकज पाल और बिल्टन पाल कर रहे हैं. पूजा को सफल बनाने में शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, अविनाश कश्यप, अमन गुप्ता ,अभिनव गुप्ता,उत्तम सोनी , उत्तम कुमार, विभाकर सिंह,राकेश साहू,आशीष महतो, प्रेम गुप्ता, अमित कुमार,(चीकू), अजय साहू,आशीष सोनी,शुभम गुप्ता,सौरभ खन्ना, अभिजीत राज, सुशांत राय,आकाश रक्षित,संकित मंगल, संदीप कुमार, रविंद्र, विकास कुमार, प्रीतम महतो, प्रिंस पांडे, गौतम गोप,गोलू ,यशवंत, ऋतिक, रौनक ,तुषार, दीपक, सहित सभी सदस्य लगे हुए है.

## अलग-अलग संकुल में 'मेरा विद्यालय निपुण मैं भी निपुण' पर कार्यशाला आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया संकुल रामवि ककरिया सहित लेटे, महुगांव, लापुंग, चालांगी, मालगो, दोलैचा तथा सरसा संकुल में "मेरा विद्यालय निपुण मैं भी निपुण" विषय पर एक दिवसीय संकुल स्तरीय कार्यशाला सह विशेष गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षण के दौरान लापुंग एवं महुगांव के संकुल साधन सेवी चंद्रमोहन ठाकुर ने बताया कि निपुण भारत मिशन के तहत विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रम का प्रतिफल संतोषजनक नहीं रहने के कारण "मेरा विद्यालय निपुण और मैं भी निपुण" नामक विशेष अभियान की रणनीति बनाई गई है। वहीं लेटे में सीआरपी मनोज कुमार साहु ने बताया कि मेरा विद्यालय निपुण के तहत विद्यालयों में की जाने वाली गतिविधियों में विद्यालय का मूल्यांकन किया जाएगा जिसके तहत निर्धारित स्कोर प्राप्त करने वाले विद्यालय को मेरा विद्यालय निपुण घोषित किया जाएगा और निर्धारित स्कोर प्राप्त करने वाले बच्चे को मैं भी निपुण में शामिल किया जाएगा। मालगो तथा चालांगी में मंटु कुमार साहु ने बताया कि निपुण भारत के पूर्ण अधिगम प्रतिफल को देखने के लिए किए जाने वाले मूल्यांकन में कक्षा तीन के बच्चों का मूल्यांकन कक्षा दो के समतुल्य तथा कक्षा दो के बच्चों का मूल्यांकन कक्षा एक के समतुल्य किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यशाला के दौरान ककरिया में सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि विद्यालय का मूल्यांकन प्रिंट समृद्ध कक्षा-कक्ष, शिक्षण-अधिगम सामग्री, निपुण लक्ष्य के प्रति शिक्षक में जागरूकता, समय निर्धारण, बाल साहित्य का उपयोग, कक्षा संचालन प्रक्रिया एवं विद्यार्थियों का आकलन, प्रधानाध्यापक की भागीदारी, सामुदायिक भागीदारी तथा विद्यार्थियों के अधिगम परिणाम हिंदी,गणित एवं अंग्रेजी के मापदंड पर मूल्यांकन किया जाएगा। इस मौके पर रामवि ककरिया के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव ने विभिन्न विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों एवं सहायक शिक्षक तथा सहायक अध्यापकों का स्वागत किया। कार्यशाला के दौरान मुख्य रूप से अगुस्टीन लकड़ा कालीचरण चौधरी, खलीदुल हसन, मो समीउल्लाह हक, सहित कई शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को दुरुस्त कर पार्क का होगा कायाकल्प

**खूंटी।** शहर के कचहरी मैदान में बने बिरसा पार्क के कायाकल्प की तैयारी में नगर पंचायत जुट गया है. बिरसा पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा भी अब जर्जर हो गई है, उसे भी दुरुस्त कराते हुए पार्क का जीर्णोद्धार होगा. इसके लिए नगर पंचायत 55 लाख खर्च करेगा. बिरसा मुंडा की प्रतिमा जर्जर अवस्था में है जिसे 15 अगस्त से पहले दुरुस्त कराना है. नगर पंचायत प्रतिमा को ठीक कराकर पूरे पार्क का जीर्णोद्धार कार्य कराने की तैयारी है. स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिलावासी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं. नगर क्षेत्र में जिला का इकलौता पार्क है जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं. यहां दिन भर लोगों की भीड़ रहती है लेकिन नगर पंचायत ने कभी भी प्रतिमा को दुरुस्त कराने की पहल नहीं की. स्वतंत्रता दिवस पहुंचने वाला है तो नगर पंचायत पूरी तैयारी कर रहा है. कचहरी मैदान स्थित बिरसा पार्क को कायाकल्प करने की तैयारी है. इसमें करीब 55 लाख रुपये खर्च होंगे. नगर पंचायत ने डीपीआर बनाकर स्वीकृति के लिए विभाग को भेज दिया है. राशि स्वीकृत होते ही बिरसा पार्क का जीणोंद्वार का काम शुरू कर दिया जाएगा. नगर पंचायत की प्रशासक सृष्टि दिप्रिया मिंज ने बताया कि पार्क की जर्जर पाउंटेन दुरूस्त कर फव्वारा शुरू की जाएगी. इसके अलावा पूरे पार्क परिसर में विद्युतीकरण, रंगरोगन से लेकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को भी ठीक ठाक की जाएगी।

## हजारों कांवरियों का लापुंग में भव्य स्वागत कांवरिया सेवा शिविर का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** ककरिया बजरंगबली मंदिर के समीप शनिवार को कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान हजारों श्रद्धालु कांवरियों का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पैदल आम्रेश्वर धाम जा रहे कांवरियों के बीच विभिन्न प्रकार के फलों, खीर, शरबत एवं पानी का वितरण किया गया। साथ ही ककरिया स्वास्थ्य केंद्र की ओर से प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी की गयी थी। उल्लेखनीय है प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुमला जिला के भरनो एवं सिसई से गया साहु के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कांवरियों का जत्था लापुंग प्रखंड क्षेत्र के दोलैचा ककरिया होते हुए आम्रेश्वर धाम खूंटी जल चढ़ाने जाता है। जिसे लेकर ककरिया कांवरियां सेवा समिति के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया था। भारी बारिश के बावजूद, भारी संख्या में कांवरिया पैदल पहुंचे, इस दौरान बोल बम हर हर महादेव के जयघोषों से ककरिया गुंज उठा। इस मौके पर विहिप जिला महामंत्री विरेन्द्र सोनी, समीर गुप्ता, राज कुमार गुप्ता, रवि वर्मा, अनील कुमार साहू, सीताराम पाठक, चुनिया राम, प्रवीण कुमार, प्रभात कुमार, विक्रम सिंह, कुंती देवी, कांती देवी, रिंकी कुमारी, रीतू कुमारी, रोहित कुमार, विश्राम प्रधान, गजाधर दास, अशोक लाल, विशू लोहरा, महेश कुमार, शम्भु सेन, समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### माहेश्वरी महिला चौपाल ने किया सावन सिंझारा का आयोजन

# महिलाओं ने की जमकर मस्ती गेम्स को किया एन्जॉय

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** माहेश्वरी महिला चौपाल ने शनिवार को माहेश्वरी भवन में सावन सिंझारा का आयोजन किया। चौपाल सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर इस सिंझारा का आनंद लिया। महिला चौपाल में 50 से अधिक उम्र की महिलाओं ने ऑन स्पॉट क्वेश्चन आंसर राउंड, सावन स्पेशल चूड़ी राउंड, म्यूजिक राउंड, हाऊजी जैसे कई तरह के गेम्स को एन्जॉय किया। सभी सदस्यों ने गृहिणी होते हुए भी अपने लिए थोड़ा-सा समय निकालकर अपनी सखियों के साथ मिलकर मौज-मस्ती कीं। सभी ने मिलकर डेकोरेशन किया, सखियों के साथ झूला झूला, डांस किया, ट्रेंडी रील्स भी बनाइं। सभी महिलाओं ने लजीज व्यंजन के भी आनंद उठाए। इस सावन सिंझारा को सुमन चितलांगिया, रेनू फलोर, संगीता चितलांगिया, शशि डागा, ममता डागा, आशा बियानी, किरण बियानी, मनीषा कोंकणी, सरोज राठी, उषा डागा, लक्ष्मी चितलांगिया, दुर्गा काबरा, बीणा महेश्वरी, संगीता बागड़ी, दुर्गा बाहेती, रंजू मालपानी, मृदुल बियानी, सरला सारडा, कृष्णा बोरा, कांता सारडा, राधा चितलांगिया, उमा साबू, रश्मि मालपानी और अन्य सदस्यों ने मिलकर सफल बनाया।

### प्रेमचंद सह मैथिलीशरण गुप्त जयंती मनाई गई

**मांडर।** मांडर महाविद्यालय में शनिवार को प्रेमचंद सह मैथिलीशरण गुप्त जयंती मनाई गई। इस वर्ष 31 जुलाई को प्रेमचंद की 145वीं जयंती हुई तथा गुप्त की 139 वीं जयंती 3 अगस्त को होगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. के.पी. शाही ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं हमारे दिल को छू लेती हैं। तथा हमारे समाज का वास्तविक चित्र प्रस्तुत करती हैं। गुप्त जी के विषय में उन्होंने बताया कि उनकी रचनाएं देश-प्रेम की भावना से ओत-प्रोत होती हैं, जो हममें देशभक्ति का जज्बा जगाती हैं। उन दोनों की जयंती पर हम उन्हें सादर नमन करते हैं। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा सेनेल टेटे ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं समाज के हर वर्ग के व्यक्तियों चाहे, वो स्त्री, पुरुष, बूढ़े या बच्चे कोई भी हों सभी की मनोभावों को व्यक्त करती हैं। प्रेमचंद की भाषा भी समाज के हर वर्ग के व्यक्तियों के अनुरूप होती है। मौके पर विद्यार्थियों ने प्रेमचंद से संबंधित पोस्टर, उनकी जीवनी तथा संवादों को प्रस्तुत किया।

## परिशोधन पोर्टल से पंजी-2 में सुधार संबंधी शिकायतों की प्रक्रिया प्रारंभ



**रांची।** परिशोधन पोर्टल में पंजी-2 सुधार संबंधी शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए जिला प्रशासन की ओर से एक और पहल की गई है। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा परिशोधन पोर्टल से प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन हेतु अंचलवार (विशेषकर ग्रामीण अंचलों में) शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा आम जनता की भूमि से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से परिशोधन पोर्टल प्रारंभ किया गया है। रांची जिला में इस पोर्टल पर पंजी-2 सुधार से संबंधित कई ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध और प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार रांची जिले में अंचलवार विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को उपरोक्त तिथि-सारणी अनुसार अपने-अपने हल्कों में शिविर आयोजित कर आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही शिविर की व्यापक जानकारी आम जनता तक पहुंचे इस हेतु व्यापक प्रचार प्रसार का भी निर्देश दिया गया है। डीसी ने कहा कि हर योजना की जनकारी लोगों तक होनी चाहिए ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें। सरकार की जो भी योजनाएं हैं वह लाभ उठाएं।

## न्यूज बॉक्स

### बुढ़मू प्रखंड के छापर में जंगली हाथियों ने ग्रामीणों को घर को किया ध्वस्त



**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड के छापर में जंगली हाथियों ने उत्पात मचाया। जानकारी के अनुसार बीते रात जंगली हाथियों ने छापर के गुनी लोहरा, मकचंद लोहरा, अंधरू लोहरा सहित कई ग्रामीणों के घर को ध्वस्त कर दिया, साथ ही छापर के कई किसानों का फसलों को भी नष्ट कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अचानक जंगली हाथियों का झुंड आया और घर को ध्वस्त कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि जिन लोगों का घर ध्वस्त हुवा है वे सभी गरीब किसान परिवार के लोग है। वही पीड़ित गुनी लोहरा, मकचंद लोहरा, अंधरू लोहरा के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभाग से देखकर सहयोग करने एवं मुवाजे की मांग की है।

### न्यायालय के आदेश पर वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाए इश्तिहार



**बुढ़मू।** बुढ़मू पुलिस ने बड़कागांव पुलिस के सहयोग से बड़कागांव थाना क्षेत्र के माननीय न्यायालय के आदेश पर बुढ़मू थाना में कांड संख्या 51/24,दिनांक 21/8/24 धारा 308(2)308(4)317(5)/3(5) बी0एन0एस0 एवं 25(1-A)25(1-B)A/26/35 आर्म्स एक्ट 17 सीएलए के वारंटी देवगढ़ निवासी निर्मल गंझू उर्फ टेगरु गंझू तेलीराम गंझू उर्फ सुरेश गंझू के घर पहुंचकर इश्तहार चिपका कर माननीय न्यायालय श्रीमती मान्या टंडन JMFC - XVIII सदर कोर्ट रांची में दिनांक 10/9/25 को 4: 30 बजे तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण कर अपना पक्ष सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। मौके पर बुढ़मू थाना के पु०आ०नि० रवि रंजन कुमार एवं सशस्त्र बल तथा बड़का गांव थाना के सा०आ०नि० बसंत भगत एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### रांची शहर के कुछ इलाकों में आज रहेगी बिजली गुल



**रांची।** आज रविवार को विद्युत शक्ति उपकेंद्र -पॉलीटेक्निक में पावर ट्रांसफॉर्मर बदलने संबंधित कार्य किया जाएगा। इस कार्य के कारण विद्युत शक्ति उपकेंद्र-पॉलिटेक्निक से निकलने वाले 11 KV बसारटोली फीडर, 11 KV मेन रोड फीडर, 11 KV चर्च रोड फीडर, 11 kv सुजाता फीडर और 11 KV पत्थलकुदवा फीडर की विद्युत आपूर्ति दिन के 10.00 बजे से 02.00 बजे तक बाधित रहेगी। इस दौरान इस दौरान मेन रोड, सुजाता एरिया, कर्बला एरिया, गोस्सनर कॉलेज एरिया, सीरम टोली, फातुल्लाह रोड, रेडिसन ब्लू, चर्च कॉम्प्लेक्स, सैनिक मार्केट, उर्दू लाइब्रेरी इत्यादि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि बिजली से जुड़े आवश्यक कार्य को उक्त समय से पूर्व कर लें।

### नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल में 115 पदकों 14 ट्रॉफियों के साथ लहराया जीत का परचम



**सिल्ली।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल (2025-26) प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 41 स्वर्ण पदक,37 रजत पदक, 37 कांस्य पदक और 14 ट्रॉफियाँ जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता झारखंड के विभिन्न डीएवी स्कूलों में आयोजित की गई थी, जिसमें डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल (गुमला),डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल (गढ़वा ),डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल (डाल्टनगंज), डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल ( भवनाथपुर) तथा डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल (हेहल) शामिल है। जिसमें डी. ए. वी. (सिल्ली) के 114 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा 115 पदक जीत कर आए और बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विभिन्न खेलों में कई खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत पुरस्कार भी प्राप्त किए: सर्वश्रेष्ठ वुशू पुरस्कार तथा सर्वश्रेष्ठ वुशु खिलाड़ी– आर्या रानी, सर्वश्रेष्ठ कराटे पुरस्कार – हिमांशु, सर्वश्रेष्ठ स्किपिंग (यू-14) खिलाड़ी पुरस्कार – प्रियांशी , सर्वश्रेष्ठ स्किपिंग (यू-17) खिलाड़ी पुरस्कार – काव्या कुसुम । टीम स्तर पर भी स्कूल ने कई ट्रॉफियाँ अपने नाम की। वुशू रनर अप ट्रॉफी , कराटे ओवरऑल विनर ट्रॉफी , शतरंज यू-14 एवं यू-17 रनर अप ट्रॉफी, फुटबॉल द्वितीय रनर अप ट्रॉफी, रोप स्किपिंग बॉयज़ यू-17 द्वितीय रनर अप ट्रॉफी, रोप स्किपिंग गर्ल्स यू-14 एवं यू-17 विनर ट्रॉफी, बैडमिंटन यू-17 रनर अप ट्रॉफी, बैडमिंटन यू-14 द्वितीय रनर अप ट्रॉफी। विद्यालय की प्राचार्या बी. शरण ने समस्त विद्यालय परिवार की ओर से खेल शिक्षक श्री विजय कुमार मंडल, वुशु खेल प्रशिक्षक सैयद वाहिद अली तथा सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस शानदार उपलब्धि से स्कूल का नाम पूरे क्षेत्र में गर्व से ऊँचा हुआ है।

### स्कूल में इंटरैक्टिव मोटिवेशनल सेशन



**मांडर।** ऑक्सब्रिज स्कूल में शनिवार को इंटरैक्टिव मोटिवेशनल सेशन का आयोजन किया गया। मोटिवेशनल स्पीकर उज्जवल कुमार द्वारा किशोरावस्था के महत्व को बताया। उन्होंने समयानुसार खुद पर नियंत्रण, माता - पिता और शिक्षकों पर भरोसा कर बुरी आदत या लत से बचते हुए एक अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने पढ़ाई में होने वाली कठिनाई को दूर करने के लिए सही समय पर प्रतिदिन स्वाध्याय से विषयवस्तु को समझ कर पढ़ाई करने की सीख दी। हर चुनौती को अवसर मानते हुए स्वीकारने की बात कही। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक तौफीक आलम, प्राचार्य ईवोन ई. एक्का तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**चान्हो।** पंचायती राज विभाग का प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को किया गया। यह कार्यशाला अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा के अधिकार एवं जिम्मेवारी विषय पर आधारित था। प्रखंड सभागार में आयोजित इस कार्यशाला प्रखंड विकास पदाधिकारी की देखरेख में किया गया। मौके पर मास्टर टैनर साहिल अंसारी एवं रेखा सांगा, साजिद अंसारी, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक वसीम अंसारी, दीपक रंजन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### विधायक ने अपने गांव में की पारंपरिक धान रोपनी, कहा

# मैं भी इसी मिट्टी की बेटी हूं



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी ने शनिवार को. दुलमी प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव होहद में परंपरागत तरीके से धान रोपनी कर ग्रामीण संस्कृति और किसान जीवन से अपने जुड़ाव को एक बार फिर दर्शाया। इस अवसर पर गांव की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं जिन्होंने पारंपरिक लोकगीत गाते हुए धनरक्ति में विधायक का साथ दिया। खेतों में धान की बिचड़ियाँ रोपते हुए वातावरण में एक सांस्कृतिक उत्सव का माहौल बन गया। इस मौके पर विधायक ममता देवी ने कहा मैं भी आपकी तरह इसी मिट्टी की बेटी हूं- खेत, खलिहान और आपकी मेहनत से मेरा गहरा नाता है। आपके सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ी हूं , क्योंकि यही मेरा फर्ज भी है और पहचान भी। मेरा जीवन गांव से से ही जुड़ा और यहां की वातावरण में पली हूं। अपने गांव की याद हमेशा याद रहती है। इस कभी भुलाया नहीं जा सकता। विधायक ने कहा कि जनता से जुड़ाव केवल मंचों पर भाषण देने से नहीं होता, बल्कि उनके जीवन में सहभागी बनकर, उनके साथ खड़े होकर ही असली सेवा होती है। यह कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए न केवल प्रेरणादायी रहा, बल्कि यह भी दर्शाता है कि विकास और नेतृत्व की जड़ें तभी मजबूत होती हैं जब वे माटी से जुड़ी होती हैं। मौके पर करदीप महतो, गुड़िया महतो, मोहन महतो, गायत्री देवी, शकुंतला देवी, कनिता देवी, रानी देवी, मानो देवी, रुकमणि देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

## बुजुर्ग महिला की सांसद प्रतिनिधि ने की मदद

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा के जवाहरनगर मुहल्ले में रहने वाली 85 वर्षीय रूनिया देवी वर्षों से अकेली जीवन गुजार रही हैं। उनका इस दुनिया में कोई अपना नहीं है। वह हाट-बाजार में सब्जी बेचकर किसी तरह दो वक्त की रोटी का इंतज़ाम करती हैं। हाल ही में हुई लगातार मूसलाधार बारिश ने उनकी झोपड़ी को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। झोपड़ी की छत उड़ गई और दीवारें भी कभी भी गिरने की स्थिति में थीं। मजबूरी में रूनिया देवी प्लास्टिक की शीट डालकर रह रही थीं। इस मामले की जानकारी मिलने पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए वृद्धा की सहायता के लिए पहल की। प्रतिनिधिमंडल ने रूनिया देवी से मुलाकात कर उनके मकान की मरम्मत के लिए सीमेंट और घर मरम्मत से जुड़ी अन्य सामग्री उपलब्ध कराई। सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना जरूरी है।

## स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन



**बरही ।** सुदूरवर्ती क्षेत्र डॉ अंबेदकर पब्लिक स्कूल मलकोको में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया. इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने छात्रों के कलाई पर राखी बांधकर मंगल कामनाएं की. जहां छात्रों ने अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया. प्राचार्य गुलाब कुमार दास ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के महत्व की चर्चा करते हुए हुमायूं और कर्णावती की कहानी बताई. उन्होंने बताया कि यह त्यौहार बहनों का भाई के लिए व भाइयों का बहनों के लिए प्रेम व रक्षा का संकल्प दिलाता है. कलाई पर बांधी गई रेशम की डोर भाई बहनों के बीच के प्रेम का प्रतीक है. जिसका हम सबों को हर हाल में निभानी चाहिए. बहनों के सम्मान और रक्षा के लिए भाइयों को सदैव तत्पर रहनी चाहिए वहीं बहनों को भी अपने भाईयों के प्रेम में कभी कमी नहीं होने देनी चाहिए.

## न्यूज बॉक्स

### बरकट्ठा व गोरहर में नए थाना प्रभारी ने संभाला पदभार शांति व सुरक्षा का लिया संकल्प



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा और गोरहर थाना में नए थाना प्रभारियों ने शनिवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देशानुसार हुए तबादले में पंकज सिंदुरिया को बरकट्ठा थाना का नया प्रभारी बनाया गया है, वहीं नीतीश कुमार सिंह ने गोरहर थाना प्रभारी का कार्यभार संभाला।विदित हो बरकट्ठा थाना के प्रभारी पंकज सिंदुरिया इसके पूर्व विष्णुगढ़ थाना में क.अ.नि. के पद पर कार्यरत थे और अपने अनुशासन एवं सतर्कता के लिए जाने जाते हैं। वहीं, नीतीश कुमार सिंह इससे पहले चुरचू थाना में प्रभारी पद पर कार्यरत थे, जहाँ उन्होंने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी। पदभार ग्रहण करने के बाद दोनों थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाएगी। आम नागरिकों की सुरक्षा, न्याय और शांति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने स्थानीय जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी आपराधिक गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### चेचकपी मुखिया ने खिलाड़ियों के बीच जर्सी का किया वितरण



**बरकट्ठा।** चेचकपी पंचायत मुखिया रीता देवी ने चेचकपी के फुटबॉल खिलाड़ियो को सम्मान बढ़ाते हुए निजी खर्चे से जर्सी वितरण किया तथा उनका उत्साह वर्धन किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व खिलाड़ियों ने जर्सी का मांग किया था। जिसे आज उपलब्ध कराया गया। वहीं उपस्थित खिलाड़ियों ने कहा कि हमारे मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव हमलोगों का सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। वहीं डेगलाल साव ने कहा कि आप लोग फुटबॉल खेल का बेहतर प्रदर्शन कर रहें हैं।आप लोग अपने खेल का और बेहतर प्रदर्शन करेंगे तो मुखिया के तरफ से सम्मानित करते हुए गिफ्ट दिया जाएगा। जब आप लोग जीत कर आते हैं तो हमारे पंचायत का नाम रोशन होता है और हम सबों को बहुत खुशी होती है।

### मुखिया अब्बास अंसारी ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कोनहारा कला में एफसीबी क्लब कोनहारा कला के तत्वावधान में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी ने फीता काट कर किया। उद्घाटन मैच होप क्लब कोडरमा और क़यामत क्लब पिपराडीह के बीच खेला गया। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के टूर्नामेंट आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। युवा वर्ग खेलकूद के माध्यम से भी अपनी कैरियर बना सकते हैं। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी, वार्ड सदस्य जहीर अंसारी, जीवन यादव, रहमत अंसारी, असरफ अंसारी, राम अवतार यादव, सिकंदर अंसारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी ने जानी लोगों की परेशानी

**रामगढ़।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत दोहाकातू पंचायत के बनखेता उरबा टोला के ग्रामीण विगत कई दिनों से बिजली संकट झेल रहे थे। ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पूरा टोला अंधेरे में डूबा था। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक ममता देवी को जानकारी दी। जनसमस्याओं के प्रति सजगता दिखाते हुए विधायक ने तुरंत संज्ञान लिया और संबंधित विभाग से समन्वय कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने फीता काटकर किया। इस दौरान वे ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए।

### दूसरे दिन भी नहीं लगा ट्रांसफार्मर गर्मी से परेशानी

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा रिवर साईड में दूसरे दिन भी ट्रांसफार्मर नहीं लगा, जिससे बिजली की समस्या और गंभीर हो गई है। लोगों के घर में लगा इन्वर्टर ने भी अब जवाब दे दिया है, इससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। पूरे दिन लोग बैटरी चार्ज कराने के लिए परेशानी दिखे। वहीं कई लोगों ने किराये पर जेनरेटर की व्यवस्था कर बिजली की समस्या को पाटा है। इधर शाम ढलते ही लोग सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों के भय से घर में ही रहना मुनासिब समझ रहे हैं। रात को रोशनी से जगमग रहने वाली रिवर साईड का ऑफिसर्स कॉलोनी, पुराना थाना कॉलोनी, दोतल्ला और बिरसा नगर बस्ती अंधेरे में पूरी तरह डूब जाता है। गुरुवार देरशाम विभाग ने दूसरे ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की थी। इसके बाद उसे रिजनल वर्कशॉप पर चार्ज कर शुक्रवार को लगाया गया था, लेकिन वो ट्रांसफार्मर सेट नहीं हो पाया। इसके बाद विभाग ने शुक्रवार को दूसरे ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की है, जिसे शनिवार को लगा कर चार्ज किया जाएगा। बताते चलें कि रिवर साईड पानी टंकी स्थित सीसीएल का 500 केवीए का ट्रांसफार्मर बुधवार की रात जल गया, जिससे बिजली की समस्या उत्पन्न हुई है।

### फुटबॉल टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल में पहुंची छह टीमें

**केदला।** सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का विगत 27 जुलाई को भाजपा घाटो मंडल के लइयो स्थित लुगू बाबा फुटबॉल ग्राउंड में हुआ। जिसका उदघाटन सांसद मनीष जायसवाल ने किया था। प्रतियोगिता में कुल 48 टीमों ने भाग लिया। जिसमें छह टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंची। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों में एंजल एफसी क्लब लइयो, आरआर खटिया चौक तितिरमरवा, ज्योति क्लब तापिन, रोहित एलेवन ढोठाटांड़, एएसएफसी लइयो और एसएससी मुकुंदाबेड़ा शामिल है। इनमें से चार टीम सेमी फाइनल खेलेगी। सेमी फाइनल जीतने वाली दो टीमें फाइनल खेलेगी। फाइनल के विजेता टीम को 25 हजार रुपए नगद और एक बड़ा कप और उप विजेता टीम को 15 हजार रुपए नगद और छोटा कप पुरस्कार के रुप में दिया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में टूर्नामेंट के अध्यक्ष मंडल महामंत्री गोविंद रजवारआदि लोग जुटे हैं।

## हरित धरती माता का श्रृंगार एवं सुख-समृद्धि का प्रतीक है : प्राचार्य




**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के शिशु वाटिका खंड में नन्हें-मुन्ने भैया बहनों द्वारा सावन माह के अवसर पर 'हरित दिवस'(ग्रीन डे) बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चे हरे रंग के विभिन्न पेड़-पौधे,सब्जियां आदि के परिधानों में सजकर धरती को हरा-भरा करने तथा खुशियाली लाने का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि हरियाली धरती माँ का श्रृंगार एवं सुख-समृद्धि का प्रतीक है। यह सबके मन को लुभाती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पेड़-पौधे,हरा-भरा स्वच्छ पर्यावरण एवं " प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन" की जानकारी देना है। शिशु वाटिका प्रमुख अमृता चौधरी ने कहा कि बच्चे बड़े उत्साह से इस कार्यक्रम में रुचि दिखाते हुए हरे पेड़-पौधे की जानकारी प्राप्त किए।इसमें उनके अभिभावकों का भी प्रमुख योगदान है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्या अमृता चौधरी,ललिता गिरि,रानी कुमारी एवं ज्योति कुमारी की प्रमुख भूमिका रही।

### जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने उपायुक्त के साथ की बैठक

# जनजातियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को लाभुकों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें

**नवीन मेल संवाददाता**

- **संयुक्त सचिव ने अनुसूचित जनजाति एवं आदिम जनजाति के लाभुकों को मिल रहे आवास योजना, जल जीवन मिशन, विद्युत आपूर्ति आदि की जानकारी ली**



**रामगढ़।** संयुक्त सचिव, जनजातिय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के बृजनंदन प्रसाद ने शनिवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की।बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से संयुक्त सचिव सहित बैठक में उपस्थित अन्य को प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन), धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं आदी कर्म योगी अभियान के तहत रामगढ़ जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। पीएम जनमन योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए संयुक्त सचिव ने अनुसूचित जनजाति एवं आदिम जनजाति के लाभुकों को मिल रहे आवास योजना, जल जीवन मिशन, विद्युत आपूर्ति आदि की जानकारी ली एवं लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान संयुक्त सचिव के द्वारा लाभुकों को सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वन पट्टा के लाभ से संबंधित जानकारी ली गई एवं ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वन पट्टा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा संयुक्त सचिव को धरती आबा जनजातीय जन भागीदारी अभियान के तहत 15 जून से 15 जुलाई 2025 तक चलाए गए विशेष अभियान के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी जिस पर संयुक्त सचिव द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा संयुक्त सचिव सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को भारत सरकार द्वारा हाल ही में अनुसूचित जनजाति एवं आदिम जनजाति के लाभुकों के लिए शुरू किए गए "आदी कर्म योगी" अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी इस दौरान उनके द्वारा बताया गया कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला, प्रखंड, पंचायत एवं गांव स्तर पर मास्टर ट्रेनरों का चयन किया जाना है एवं उन्हें प्रशिक्षण देकर गांव में अनुसूचित जनजाति एवं आदिम जनजाति के लाभुकों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाना है।

## हर ग्रामीण आपदा में सतर्क और सक्षम होगा तभी समाज होग सुरक्षित : सुधीर



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय सीरु में शनिवार को आपदा मित्र द्वारा ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा की स्थिति में जीवन रक्षा के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई।बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने मौके पर कहा आज का समय तेजी से बदल रहा है, जहां हर क्षेत्र में आपात स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। खासकर ग्रामीण इलाकों में चिकित्सकीय संसाधनों की सीमित उपलब्धता को देखते हुए, यह जरूरी हो जाता है कि आमजनों को स्वयं संकट की स्थिति में प्राथमिक उपचार देने के लिए प्रशिक्षित किया जाए। इस प्रकार के प्रशिक्षण न केवल किसी व्यक्ति विशेष के जीवन की रक्षा करते हैं, बल्कि यह सामाजिक जागरूकता और आपसी सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। जब गाँव का हर नागरिक आपात स्थिति में सतर्क और सक्षम होगा, तभी हमारा पंचायत और समाज भी सुरक्षित रहेगा। प्रशिक्षण में घबराहट, सांस रुकना, खून बहना, जलना, बेहोशी, हड्डी टूटना, डूबना, करंट लगना, सड़क दुर्घटना जैसी आकस्मिक घटनाओं में तात्कालिक प्राथमिक उपचार देने की विधियों को सरल भाषा में समझाया गया। यह कार्यक्रम गांवों में आपातकालीन स्थितियों से निपटने की सामुदायिक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हो रहा है। मौके पर उप मुखिया मनेश्वर महतो,पंचायत सचिव ममता कुमारी, सहिया सुलोचना देवी, लीला देवी, पिंकी देवी, यशोदा देवी, रोजगार सेवक शत्रुघ्नसिन्हा, दिपेन कुमार आदि उपस्थित थे।

### मांडू प्रखंड में खेलो झारखंड का हुआ आयोजन

# पढ़ाई के साथ खेलकूल भी जरूरी : तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** शनिवार को मांडू प्रखंड के सुभाष स्टेडियम में झारखंड सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व विधायक के आगमन पर पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील कुमार कश्यप ने किया। मौके पर विधायक तिवारी महतो ने कहा कि आज के दौर में विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है। कहा कि विद्यार्थी यदि खेल में प्रतिभा दिखाते हैं तो इस क्षेत्र में भी कैरियर बना सकते हैं। मौके पर मांडू चट्टी के मुखिया अनीता देवी, मांडूडीह मुखिया बैजनाथ राम, वार्ड सदस्य पंकज कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों का स्वागत बीपीओ अहिया इस्लाम द्वारा किया गया। वहीं, व्यवस्था बनाने में अकाउंटेंट बंदना एक्का, सीआरपी सत्येंद्र कुमार, संतोष कुमार ने योगदान दिया। खेलो झारखंड के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, फुटबॉल प्रतियोगिता, वॉलीबॉल प्रतियोगिता, ऊंची कूद ,लंबी कूद, शॉटपुट ,कबड्डी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन सरकारी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को खेल के प्रति रुचि जगाने के लिए झारखंड सरकार द्वारा कराया जा रहा है।

### गिद्दी अस्पताल में हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन

**गिद्दी।** आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल गिद्दी ए में शनिवार को हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गिद्दी ए, गिद्दी सी, रेलीगढ़ा, सिरका परियोजना और एकेसी के कर्मी शामिल हुए। इस हृदय रोग परामर्श शिविर में माइंस रेस्कूयू के टीम ने उपस्थित सीसीएलकर्मियों को हृदय रोग के बारे में विस्तार से बताया। जिसमें इसके लक्षण के बारे में बताते हुए बगैर देर किए चिकित्सा सुविधा लेने की सलाह दी। इस दौरान क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी जेडआई खान ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों में हृदय संबंधी बीमारियों के प्रति जागरुकता फैलाना और समय रहते इलाज के लिए प्रेरित करना है। बताया कि बदलते जीवनशैली, खान पान और अनावश्यक तनाव के कारण हृदय रोगों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है।

### जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव ने कई गांवों का किया दौरा

**गोला।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय सचिव संतोष चौधरी ने शुक्रवार को बरलंगा व सरगडीह पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान सरगडीह गांव के कई ग्रामीणों ने केंद्रीय सचिव को बताया कि अबुवा आवास व पीएम आवास सूची में नाम होने के बाद भी आवास की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि आवास योजनाओं में बिचौलिए हावी हैं।

## पांच दिवसीय मिल्लेट्स फसल प्रशिक्षण व बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रदेश में पीएम किसान के 20वीं किस्त के विमोचन के मौके पर भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र गौरिया करना में श्रीअन्न/कदन्न (मिल्लेट्स) फसलों के उत्पादन, प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण व बीज वितरण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ. जिसका शुभारंभ संस्थान के ओएसडी डॉ विशाल नाथ पांडेय ने किया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्वी भारत के अनुसूचित जाति के किसानों को सशक्त व जलवायु-प्रतिरोधी मिल्लेट्स खेती को बढ़ावा देना है. जिसे अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत आयोजित किया गया. इस अवसर उपस्थित लोगों ने पीएम मोदी के वाराणसी के कार्यक्रम पीएम किसान के 20वीं किस्त विमोचन व अभिभाषण का ऑनलाइन प्रसारण भी देखा. डॉ. नाथ ने छोटे व सीमांत किसानों के सुरक्षा, आय वृद्धि और स्थायी कृषि की प्रतिबद्धता को दुहराते हुए बाजरा को मुख्य धारा में लाने की बात बताई. साथ हीं मडुआ, कुटकी, सावा, चीना, ज्वार, बाजरा आदि जैसे मोटे अनाज के उत्पादन पर जोर दिया. योजना में नोडल अधिकारी व कृषि वैज्ञानिक डॉ. कृष्ण प्रकाश ने बताया कि इस योजना के माध्यम से इस वर्ष अब तक 12 हजार से अधिक किसानों को मुफ्त में खरीफ फसलों के बीज दिए गए हैं. कार्यक्रम संचालन में प्रशिक्षण समन्वयक व पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. आशा कुमारी, सह-पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. सौगत, डॉ. काशीनाथ, डॉ. साहेब पाल और डॉ. पवित्रा के. एन. के समर्थन प्राप्त है. जिसे सफल बनाने में संस्थान के अधिकारी व कृषि वैज्ञानिक डॉ. महंता, डॉ. पंकज कुमार सिन्हा, डॉ. अनिमा महतो, डॉ. वंदना और डॉ. आशा रानी पटेल आदि महत्ती योगदान दे रहे हैं. जिसके तहत किसानों को मूल्य वृद्धि, प्रसंस्करण, मार्केटिंग लिंक और फसल प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी. इस दौरान प्रशिक्षित किसानों के बीच बीज व प्रमाण पत्र भी वितरित किए जायेंगे.

### राघवन को हिन्द मजदूर सभा का सहायक महामंत्री बनाने पर सम्मान समारोह आयोजित

# संगठन को मजबूत बनाएं और मजदूरों के हितों का हमेशा ध्यान रखें : राघवन

**नवीन मेल संवाददाता**

- **दोनों पदाधिकारियों को स्थान मिलने से अब मजदूरों की समस्याओं का निराकरण करने में मदद मिलेगी**




**रामगढ़।** कोल्ड फील्ड मजदूर यूनियन के महामंत्री राघवन रघुनंदन को हिन्द मजदूर सभा का सहायक महामंत्री बनाये जाने पर 2 अगस्त को शहर के होटल लॉ मेरिटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राघवन रघुनंदन, विशिष्ट अतिथि चंदेश्वर सिंह, खुशीलाल महतो, बिनय सिंह मानकी उपस्थित हुए। समारोह के दौरान कोल्ड फील्ड मजदूर यूनियन के महामंत्री राघवन रघुनंदन को हिन्दू मजदूर सभा का सहायक महामंत्री बनाये जाने पर माल्यार्पण कर एवं शॉल ओढ़ाकर उम्साह के साथ स्वागत किया गया। इसके उपरांत अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। समारोह का संचालन रंजीत पांडे ने किया। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कोल्ड फील्ड मजदूर यूनियन के महामंत्री राघवन रघुनंदन को हिन्द मजदूर सभा का सहायक महामंत्री बनाए जाने और चंदेश्वर सिंह को हिन्द मजदूर सभा में कार्य समिति का सदस्य बनाए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि हिन्द मजदूर सभा में दोनों पदाधिकारियों को स्थान मिलने से अब मजदूरों की समस्याओं का निराकरण करने में मदद मिलेगी। वक्ताओं ने कहा कि दोनों पदाधिकारी मजदूरों के हित में लगातार संघर्ष करते आ रहे हैं। वहीं, मुख्य अतिथि राघवन रघुनंदन ने कहा कि कोल्ड फील्ड मजदूर यूनियन वर्तमान समय में सशक्त बनकर उभरा है तो इसका कारण यूनियन के पदाधिकारी और सदस्यों का यूनियन के चरित्र को कायम रखना है। उन्होंने संगठन के सदस्यों से आहवान किया कि अनुशासन कायम रखते हुए संगठन को मजबूत बनायें और मजदूरों के हितों का हमेशा ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि कोल्ड फील्ड मजदूर यूनियन इसलिए सशक्त बनाकर उभरा है क्योंकि जो भी इससे जुड़ते हैं वे इससे फिर अलग नही होते हैं। मौके पर क्षेत्रीय सचिप पीके जायसवाल, आरूणेश, ध्वजा राम धोबी सहित बड़ी संख्या में कोल्ड फील्ड मजदूर यूनियन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

## शिव मंदिर में रुद्राभिषेक व भंडारे का आयोजन

# श्रद्धालुओं ने मांगा कल्याण का वरदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** श्रावण मास के पावन अवसर पर शनिवार को शामटोली स्थित शिव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में रुद्राभिषेक सह भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंडित अमित मिश्र की पुरोहिताई में सम्पन्न हुई।पूजन में अनेकों माता-बहनें, भाई-बंधु यजमान के रूप में उपस्थित रहे और भगवान शिव का जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक कर श्रावण मास की महिमा का स्मरण किया। भक्तों ने सामूहिक रूप से विश्व कल्याण, सुख-शांति एवं रोग-नाश की कामना की।रुद्राभिषेक के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें मुहल्ले के साथ-साथ नगर के अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की विशेष सहभागिता रही।भक्ति और सौहार्द से परिपूर्ण इस आयोजन में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से सम्पूर्ण जीव-जगत के कल्याण की प्रार्थना की। आयोजकों ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और हर वर्ष इस तरह के आयोजन को निरंतर रखने की बात कही।



## पालेमुंडा टोंगरी टोली में जंगली हाथियों का कहर

# 2 घरों को ध्वस्त कर खाया अनाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड अंतर्गत बेहरीनबसा पंचायत के पालेमुंडा टोंगरी टोली गाँव में शुक्रवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने जबरदस्त तांडव मचाया। हाथियों ने गांव के प्यारी सोरेंग और जोसेफ मिंज के घरों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया और घर में रखे सभी अन्नाज को खा गए। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का झुंड देर रात गाँव में घुसा और घंटों उत्पात मचाता रहा। घटना की सूचना मिलते ही विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने तत्काल कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को घटनास्थल पर भेजा। कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें तत्काल राहत सामग्री के रूप में चावल व तिरपाल उपलब्ध कराई। ग्रामीणों ने प्रशासन से हाथी भगाने की सामग्री और सुरक्षा उपायों की मांग की है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर, सांसद प्रतिनिधि सुनील टोप्पो मंडल, प्रखंड उपाध्यक्ष ज्वालंत बेक, पिड़ियापोंछ पंचायत अध्यक्ष रोशन बरला, बेहरीनबसा पंचायत अध्यक्ष अम्रीत मिंज, महासचिव पिंटू हजाम, भूषण सोरेंग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने वन विभाग से त्वरित हस्तक्षेप कर मुआवजा देने और हाथी प्रभावित क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने की मांग की है।

### बानो के बेडाइरगी रुगरी गांव में जंगली हाथी का आतंक, एक घर को पहुंचाया नुकसान



**बानो।** प्रखंड के बेडाइरगी पंचायत अंतर्गत रुगरी टोली में एक बार फिर जंगली हाथी ने तांडव मचाते हुए एक ग्रामीण के घर को भारी नुकसान पहुंचाया। घटना शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे की है, जब गांव निवासी एनेम कंडुलना के घर में घुसे हाथी ने दीवार तोड़कर अंदर रखे अनाज को खा लिया और कुछ को नष्ट कर दिया।घटना में घर की दीवारें गिर गईं, जिससे घर में रखी मोटरसाइकिल, कपड़े व अन्य घरेलू सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। हाथी की आहट और तोड़फोड़ से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर ग्रामीणों ने शोर मचाकर हाथी को गांव से बाहर खदेड़ा।घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के बानो कार्यालय से वनकर्मी मनीष डुंगडुंग और सुधीर टेटे मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया और मुआवजा हेतु आवश्यक आवेदन अग्रसारित करने की बात कही।ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में हाथियों की लगातार आवाजाही से दहशत का माहौल है और प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है।



## हटिया-बंडामुंडा रेलखंड का निरीक्षण किया, ग्रामीणों ने ठहराव की रखी मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** दक्षिण पूर्व रेलवे हटिया मंडल की डीआरएम करूणा निधि सिंह ने शनिवार को हटिया-बंडामुंडा रेलखंड का निरीक्षण कर दोहरीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने हटिया से लेकर कनारावां, ओड़गा, बानो सहित विभिन्न स्टेशनों का दौरा किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बताया गया कि हटिया से कनारावां तक रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि कनारावां से राउरकेला तक शेष खंड में कार्य प्रगति पर है। डीआरएम ने कनारावां से ओड़गा खंड में निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।बानो रेलवे स्टेशन पर उन्होंने स्टेशन बैरक, पार्किंग स्थल, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने डीआरएम को ज्ञापन सौंपते हुए मौर्या एक्सप्रेस, भुवनेश्वर-धनबाद एक्सप्रेस और जयनगर-राउरकेला एक्सप्रेस का ठहराव बानो स्टेशन पर सुनिश्चित करने की मांग रखी।निरीक्षण के दौरान स्टेशन मास्टर, आरपीएफ पदाधिकारी, पुलिस बल, रेलवे कर्मी और स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## झूठी मौत की खबर पर शिक्षा मंत्री को दी गई श्रद्धांजलि, बाद में निकली अफवाह

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की मौत की झूठी खबर शनिवार को जिले में अफवाह बनकर फैल गई, जिसके चलते सिमडेगा नगर भवन में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित नीति आयोग के संपूर्णता अभियान से संबंधित कार्यक्रम को बीच में ही स्थगित कर दिया गया।कार्यक्रम की शुरुआत के कुछ देर बाद अफवाह फैली कि शिक्षा मंत्री का निधन हो गया है। जानकारी मिलते ही कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, उपायुक्त कंचन सिंह, पुलिस अधीक्षक एम अर्शी कई अधिकारी मौजूद थे।हालांकि, बाद में स्पष्ट हुआ कि मंत्री की हालत गंभीर जरूर है, परंतु उनका इलाज दिल्ली के मेदांता अस्पताल में चल रहा है और निधन की खबर पूरी तरह भ्रामक थी।जिला प्रशासन ने इसे मानवीय भूल बताते हुए खेद व्यक्त किया और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। शहर में यह घटना चर्चा का विषय बनी रही, वहीं मंत्री के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की गई।

## मरोमड़ेगा पंचायत में स्तनपान सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठाईटांगर।** प्रखंड के मरोमड़ेगा पंचायत में स्तनपान सप्ताह के अवसर पर छोटानागपुर कल्याण निकेतन संस्था द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्तनपान और बाल पोषण के महत्व से अवगत कराना था।मुखिया लक्ष्मी देवी ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि "स्तनपान केवल एक जैविक प्रक्रिया नहीं, बल्कि शिशु के स्वस्थ जीवन की नींव है।" संस्था की सचिव प्रियंका सिन्हा और पंचायत कोऑर्डिनेटर शांति देवी ने छह माह तक केवल माँ का दूध देने और संतुलित आहार की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी।इंडिया रूरल अपलिफ्टमेंट इनिशिएटिव के अंतर्गत बच्चों को प्रतिदिन संतुलित आहार, दूध और बिस्कुट उपलब्ध कराए गए।स्थानीय आंगनबाड़ी सेविकाओं और स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता, टीकाकरण और मातृ-स्वास्थ्य पर भी जानकारी दी।कार्यक्रम में महिलाओं ने अनुभव साझा किए और कई मिथकों का समाधान पाया। इस प्रयास ने बाल स्वास्थ्य और कुपोषण उन्मूलन की दिशा में सामुदायिक जागरूकता को मजबूती दी।



## 30 अगस्त को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत के लेकर हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आगामी 30 अगस्त को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को पीडीजे के कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक हुई। प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विशेष लोक अदालत को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में न्यायिक अधिकारियों,प्रशासनिक अधिकारियों,अधिवक्ताओं और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में पीडीजे ने कहा कि यह विशेष लोक अदालत 30 अगस्त को आयोजित की जाएगी। जिसमें अधिकतम वादों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। पीडीजे ने कहा कि इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य लंबित वादों का शीघ्र और सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। इससे आम जनता को सस्ता,सरल और त्वरित न्याय मिल सकेगा। पीडीजे ने प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम को निर्देश दिया कि इस विशेष लोक अदालत में लंबित चेक बाउंस संबंधित मामले,मोटर दुर्घटना,जमीन,राजस्व और वैवाहिक मामलों के दोनों पक्षों को नोटिस जारी करें। ताकि अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन किया जा सके। बैठक में एडीजे नरंजन सिंह,सीजेएम निताशा बारला,प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम,अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र,एसडीओ प्रभात रंजन ज्ञानी,डीसीएलआर अरुणा कुमारी, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव,बार एसोसिएशन के सचिव प्रदुम्न सिंह,सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

### बोलबाः पाकरबहार गांव में सांप के काटने से युवती गंभीर, सिमडेगा रेफर

**बोलबा।** प्रखंड अंतर्गत पाकरबहार गांव में शुक्रवार की रात एक विषैले नाग साँप के काटने से अस्मिता डूंग डूंग की गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना उस समय हुई जब वह घर के आंगन में किसी काम में व्यस्त थी। अचानक उसके पैर में साँप ने डंस लिया, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ी।परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत बोलबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहाँ डॉ. देबतोष भूटिया के नेतृत्व में प्राथमिक इलाज किया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्र में बरसात के मौसम में विषैले साँपों की गतिविधियाँ बढ़ जाती हैं, जिससे इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही हैं।

## घोड़बहार में सड़क सुरक्षा अभियान, 29 वाहनों का कटा चालान, 93,000 वसूले गए



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सड़क सुरक्षा को लेकर 2 अगस्त 2025 को घोड़बहार में परिवहन विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान सिमडेगा जिला परिवहन पदाधिकारी की प्रत्यक्ष मौजूदगी में संचालित किया गया, जिसमें मोटरसाइकिल, हल्के वाहन, हेलमेट, सीट बेल्ट और लाइट जांच जैसे प्रमुख बिंदुओं पर फोकस किया गया।अभियान के दौरान लगभग 50 वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में विभिन्न मोटर वाहन अधिनियमों का उल्लंघन करने वाले 29 वाहनों का चालान काटा गया, जिससे कुल 93,000 का जुर्माना वसूला गया।जांच के दौरान मुख्य रूप से बिना हेलमेट चलना, सीट बेल्ट का उपयोग न करना, वाहन कागजातों की कमी, प्रदूषण प्रमाणपत्र न होना तथा ओवरलोडिंग जैसी गड़बड़ियों पर कार्रवाई की गई।जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।मौके पर परिवहन विभाग की टीम के साथ स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद रहा, जिससे अभियान शांतिपूर्वक और प्रभावी ढंग से संपन्न हो सका।

**जागरूक अभियान** किसी भी अनजान व्यक्ति से निजी जानकारी साझा न करें : आनंद कुमार प्रधानाध्यापक

# साइबर अपराध से बचना जरूरी : थाना प्रभारी

- फर्जी कॉल, लॉटरी, इनाम आदि के लालच में न आएं, इन्हें इग्नोर करें

**नवीन मेल संवाददाता**





**बानो।** प्रखंड के एस एस उच्च विद्यालय में साइबर क्राइम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया इस अवसर पर बानो थाना प्रभारी सोनू कुमार और विद्यालय के प्राचार्य आनंद कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया तथा लोगों को साइबर क्राइम में होने वाले ऑनलाइन ठगी फ्रॉड के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया थाना प्रभारी ने कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्कता जरूरी है उन्होंने आगे कहा कि सतर्कता से ही साइबर क्राइम फ्रॉड से बचा जा सकता है। किसी को भी अपनी निजी जानकारी जैसे आधार नंबर एटीएम नंबर ओटीपी बैंक खाता नंबर किसी भी हालत में शेयर ना करें ऐसी स्थिति आने पर तत्काल थाना को सूचित करें आसपास के लोगों को भी साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करें।अज्ञात लिंक व वेबसाइट पर क्लिक न करें या आपके मोबाइल और कंप्यूटर लैपटॉप आदि को हैक कर सकता है जिससे आपकी निजी जानकारी साझा हो सकती है।फर्जी कॉल या व्हाट्सएप मैसेज लॉटरी इनाम आदि के लालच में ना आए ऐसे कॉल को इग्नोर करें। सोशल मीडिया पर साझा की गई है जानकारी सत्य नहीं होती है इसलिए बिना पुष्टि के फेक लिंक आदि को क्लिक न करें उन्होंने डिजिटल अरेस्ट के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अधिकारी बनकर लोग वीडियो कॉल के माध्यम से डराने धमकाने का प्रयास करते हैं इन सब से बिल्कुल ना डालें और ऐसे कॉल को रिसीव ना करें।ऐसी स्थिति होने पर तत्काल थाना को सूचना दें।प्राचार्य आनंद ने साइबर क्राइम के बारे में कहा कि उत्तर की सुरक्षा आपके हाथ में है। साइबर अपराधी अब केवल ओटीपी ही नहीं बल्कि लिंक वॉयस सैंपल वह फोटो तक का उपयोग कर धोखाधड़ी कर रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### वज्रपात से बचाव व 'सचेत एप्प' सीएपी करें डाउनलोड,जिला प्रशासन सिमडेगा की अपील

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार, आपदा प्रबंधन विभाग के दिशा-निर्देशन में जिला प्रशासन, सिमडेगा ने आम जनता से वज्रपात से बचाव एवं जनहानि को न्यूनतम करने हेतु सीएपी एवं "दामिनी" मोबाइल ऐप डाउनलोड करने की अपील की है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा विकसित "सचेत" ऐप सीएपी आधारित एकीकृत चेतावनी प्रणाली है, जिसके माध्यम से आईएमडी द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान, पीला, नारंगी, एवं लाल अलर्ट संबंधी सूचना मोबाइल नोटिफिकेशन एवं एसएमएस द्वारा प्राप्त की जा सकती है। इसी तरह, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित "दामिनी" ऐप द्वारा 20 से 40 किलोमीटर के दायरे में बिजली गिरने की संभावना की पूर्व चेतावनी देकर लोगों को सतर्क करता है। आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा है कि गूगल प्ले स्टोर एवं आईओएस एप स्टोर पर उपलब्ध इन दोनों ऐप को अधिक से अधिक लोग डाउनलोड करें, ताकि समय पर अलर्ट प्राप्त कर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। प्रशासन ने जन-जागरूकता अभियान चलाने एवं सूचना को जन-जन तक पहुँचाने पर बल दिया है, जिससे जिले में वज्रपात से होने वाली जानमाल की हानि को न्यूनतम किया जा सके।

### अठारह महीने बाद गांव में लौटी रौशनी महिलाओं ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बानो।** बानो प्रखंड की कानारोवां पंचायत अंतर्गत बाघरूपटा गिरजा टोली में डेढ़ साल बाद बिजली की आपूर्ति बहाल होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। गांव में पिछले 18 महीनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा था, जिससे पूरा टोला अंधेरे में डूबा हुआ था।ग्रामीणों की लगातार शिकायतों को देखते हुए झामुमो के बानो प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन और सचिव अमित बडिंग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया तक इसे पहुँचाया। विधायक के निर्देश पर बिजली विभाग ने नया ट्रांसफॉर्मर लगवाया, जिससे गांव में एक बार फिर से बिजली की रौशनी लौटी।इस अवसर को खास बनाते हुए ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक रीति से फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में तनवीर हुसैन, अमित बडिंग, समाजसेवी क्रिस्टोफर सिंदुरिया, वार्ड सदस्य राहिल समद, मुखिया मेंसिलिना तिर्की, विकास मगहिया, ललित बड़ाइक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब बच्चों की पढ़ाई, रात्रि समय में कार्य और घरेलू जीवन सुचारु रूप से चल सकेगा।

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में विज्ञान गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी का आयोजन

**कोलेबिरा।** पीएम श्री योजना के अंतर्गत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा में "समाज के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी" विषय पर विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया।प्रदर्शनी में छात्रों ने खाद्य, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन, गणितीय मॉडलिंग और संगणनात्मक चिंतन जैसे उपविषयों पर आकर्षक और नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए। कक्षा 7 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।शिक्षकों मनोज कुमार एवं विजय कुमार ने छात्रों से प्रश्नोत्तरी की, जिसमें विद्यार्थियों ने ज्ञानपूर्ण और आत्मविश्वासपूर्ण उत्तर देकर अपनी समझ का परिचय दिया।प्रदर्शनी में "सतत भविष्य एवं स्वास्थ्य के लिए मिलेट्स" विषय पर भी विशेष जानकारी दी गई, जिससे विद्यार्थियों में पोषण, स्वास्थ्य और पर्यावरण संतुलन को लेकर जागरूकता बढ़ी।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों रूपा रोज बिलुंग, अनु गुप्ता, आशीष कुमार, अमर कुमार और हरिणी कुमारी का विशेष योगदान रहा। यह आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रेरक पहल साबित हुई।

### बानो अंचल कार्यालय में स्थानांतरित सीओ को दी गई भावभीनी विदाई

**बानो।** बानो अंचल कार्यालय में शनिवार को अंचल अधिकारी रवि भूषण प्रसाद के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी सहित अंचल के सभी कर्मियों ने उन्हें बुके और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अपने विदाई संबोधन में सीओ रवि भूषण प्रसाद ने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए अंचल कर्मियों को कर्मनिष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी कर्मचारियों के सहयोग और टीम भावना के लिए आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि सीओ के नेतृत्व में बानो अंचल में प्रशासनिक कार्यों का संचालन सुचारु रूप से हुआ। उन्होंने उनके कार्यकाल को उल्लेखनीय बताते हुए भविष्य में भी ऐसे ही कार्य करने की शुभकामनाएं दीं।समारोह के अंत में बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी ने अंचलाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**बानो।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को लेकर बानो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन आज समय अपराह्न 02:00 बजे से किया गया है। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस व थाना क्षेत्र की अन्य समस्याओं को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया है,उन्होंने शांति समिति की बैठक में सभी सम्मानित सदस्यों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### वीर शहीद फुटबॉल टूर्नामेंटः एयूएफसी सिमडेगा ने बिरमित्रापुर को 3-0 से दी मात

**सिमडेगा।** 26वां वीर शहीद थॉमस सोरेंग अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर मुकाबले में एयूएफसी सिमडेगा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिरमित्रापुर फुटबॉल डायमंड क्लब को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा अंचल अधिकारी मोहम्मद इम्तियाज और विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी राजकुमार गुप्ता, मंजु लकड़ा, सावधानी सोरेंग, नोमीता बा और बीनिता तिर्की मौजूद थीं। सभी अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के आयोजक राजेश कुमार सिंह, अध्यक्ष अमित डुंगडुंग और सचिव मोनु बड़ाईक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया, जबकि शीला देवी ने बैच पहनाकर सम्मानित किया।खेल से पूर्व सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, जिसमें आयोजक राजेश कुमार सिंह, अध्यक्ष अमित डुंगडुंग, सचिव मोनु बड़ाईक, समसुल अंसारी, समीउल्लाह, खेल प्रभारी कंचन कबीर, डेनियल मिंज और शीला देवी शामिल रहे। इसके उपरांत राष्ट्रीय गान के साथ मैच की विधिवत शुरुआत हुई।मैच में रेफरी की भूमिका राजकुमार पाणिग्रही ने निभाई, जिनका सहयोग सूचित टोप्पो और राकेश किस्कु ने किया। मेडिकल टीम में विवेक कुमार और हेमलता कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।मंच संचालन श्यामसुंदर मिश्रा ने प्रभावी ढंग से किया। आयोजन की सफलता में आयोजक राजेश कुमार सिंह, अध्यक्ष अमित डुंगडुंग, सचिव मोनु बड़ाईक, उपाध्यक्ष अजीत नवरंगी, कोषाध्यक्ष कुलदीप किंडो, उपसचिव विकास साहू, खेल प्रभारी कंचन कबीर, मीडिया प्रभारी राजेश बड़ाईक और सुबास महतो, साथ ही रिंकू अग्रवाल, प्रताप बाड़ा, कमल शर्मा, विकास बेसरा, अभिषेक कुमार, शम्भू केशरी, शम्मीउल्लाह, संदीप मिंज, डेनियल मिंज, निषित टोप्पो, मुख्तार खलीफा, सिंहासन डुंगडुंग, कृष्णा बड़ाईक का सराहनीय योगदान रहा।

### राष्ट्रीय प्रवासी बहन के भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने बिहार में संगठन का जाना हाल

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिहार चुनाव को देखते हुए बिहार में राष्ट्रीय प्रवासी बहन के निमित्त महिला कार्यकर्ताओं का प्रवास कार्यक्रम तय किया था इसी निमित्त सिमडेगा से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुषमा देवी एवं महिला मोर्चा के प्रदेश सह प्रवक्ता माग्रेट बा अररिया जिले के विभिन्न विधानसभा में प्रवास किया एवं संगठन को धारदार बनाने का टिप्स कार्यकर्ताओं को दिया। साथ ही महिला कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया की हर घर मे चूल्हा तक जाकर एनडीए गठबंधन सरकार की उपलब्धियां को बताएं और पुनः भाजपा सरकार बनवाने का कार्य करें।जिलाध्यक्ष सुषमा देवी ने बताया कि बिहार में एनडीए की लहर है लोग भाजपा जदयू गठबंधन सरकार के सुशासन को याद कर रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किए गए कार्य का भी बखान कर रहे हैं निश्चित रूप से बिहार में भारतीय जनता पार्टी और जदयूगठबंधन की पुनः सरकार बनेगी।

## राखी निर्माण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# प्रखंडों से कुल 30 सखी मंडल की दीदियों ने लिया भाग

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति के तत्वावधान में राखी निर्माण के लिए दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, सखी मंडल की दीदियों के लिए रखी निर्माण आत्मनिर्भरता और रचनात्मकता का प्रतीक बनकर उभरा है। यह प्रशिक्षण सीएमटीसी गोला में आयोजित किया गया, जिसमें जिले के सभी प्रखंडों से कुल 30 सखी मंडल की दीदियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सखी मंडल की दीदियों को राखी निर्माण के कौशल में दक्ष बनाना है, जिससे वे रक्षा बंधन के अवसर पर सुंदर और आकर्षक राखियों का निर्माण कर सकें। यह पहल न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगी बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित करती है। प्रशिक्षण के दौरान दीदियों ने विभिन्न प्रकार की सामग्री का उपयोग करके राखियों का निर्माण किया, जिसमें मोती, जरी, गोटा, रेशम धागा, रुद्राक्ष और अन्य सजावटी वस्तुएं शामिल थीं। इन सामग्रियों का उपयोग करके उन्होंने सैकड़ों राखियों का निर्माण किया है, जो उनके कौशल और रचनात्मकता का प्रमाण है। निर्मित राखियों को सखी मंडल की दुकानों एवं विभिन्न स्टाल के माध्यम से बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा प्रति राखी की दर 10 रुपए से 50 रुपए तक की होगी, जिससे स्थानीय लोगों को हस्तनिर्मित सुंदर और आकर्षक राखियों की सुविधा मिलेगी। यह पहल दीदियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ स्थानीय बाजार में उनकी उपस्थिति को भी मजबूत करेगी। रक्षा बंधन जैसे पावन पर्व पर दीदियों द्वारा निर्मित राखियों का उपयोग भाई-बहन के रिश्ते को और भी मजबूत बनाता है। यह पहल न केवल आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी प्रोत्साहित करती है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से दीदियों को नए कौशल सिखाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करके महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए जाएंगे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत



**राजधनवार।** गिरिडीह जिले के धनवार सरिया मुख्य मार्ग स्थित केंदुआ मोड़ के पास शनिवार को बस की चपेट में आने से दो युवकों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. ग्रामीणों के अनुसार बाइक सवार युवक को एक बोलेरो गाड़ी ने चकमा दिया जिसके कारण बाइक सवार बस की चपेट में आ गया. जिससे बाईक पर सवार दोनों युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. मृतक युवक की पहन बिरनी थाना क्षेत्र के पेशम निवासी सोहन कुमार रवानी एवं संतोष कुमार रवानी के रूप में की गई है. घटना की सूचना पाकर पुलिस मोके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## 12वें बैच के जेपीएस अधिकारी बने बरही के 13वें इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी



**बरही।** झारखंड पुलिस सेवा 12वें बैच के पुलिस अधिकारी बिनोद कुमार ने शनिवार को बरही के 13वें इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है. इंस्पेक्टर कुमार का स्थानांतरण पेलावल थाना से हुआ है. पदभार ग्रहण के दौरान बरही थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सुमित कुमार, रंजीत भगत, बादल हेम्ब्रम, सीसीटीएनएस ऑपरेटर संजय कुमार, चौकीदार गणेश यादव आदि थाना कर्मी मौजूद थे. इन लोगों ने नव पदस्थापित इंस्पेक्टर को बुके देकर स्वागत किया. मौके पर पेलावल के इंस्पेक्टर शाहिद रजा और पदमा थाना प्रभारी संचित कुमार भी उपस्थित थे. नवपदस्थापित थाना प्रभारी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना व अपराध पर नियंत्रण करना उनकी प्राथमिकता होगी. जनहित मामले में कोई समझौता नही किया जायेगा. उन्होंने लोगों से पुलिस को अपना दोस्त समझकर समस्या बताने की अपील किया है. क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए वह हर संभव कदम उठाएंगे.

## नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपित गिरफ्तार

**तिसरी।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड इलाके से एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है.आरोप चारो युवकों पर लगा है जिसमें दो नाबालिग हैं. मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. इस संबंध में पीड़िता के परिजन द्वारा दिए आवेदन पर तिसरी थाना कांड संख्या 69/25 दर्ज किया गया. आवेदन में बताया गया कि नाबालिग शुक्रवार की शाम घर के पास स्थित दुकान गई थी. इस दौरान नाबालिग युवक द्वारा किशोरी का मुंह दबाकर जबरन बाइक पर बिठाकर एक अन्य युवक के कमरे में ले गया, जहां अपने साथियों के सहयोग से उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. जिसके बाद उक्त किशोरी ने तिसरी थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दी.थाना प्रभारी रंजय कुमार ने त्वरित एक्शन लेते हुए घटना में शामिल तीन आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया. थोड़ी देर बाद चौथे फरार नाबालिग आरोपी को भी पुलिस ने धर दबोचा. सभी आरोपियों को पोक्सो व अन्य धाराओं के तहत शनिवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. जहां से दो बालिग आरोपियों को न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल जबकि दो नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया. घटना को लेकर खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद भी तिसरी पहुंचे, जहां उन्होंने घटना स्थल का मुआयना भी किया

## उपायुक्त ने श्रीनगर मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



**गुमला।** विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) के अवसर पर गुमला जिले में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जारी प्रखंड के श्रीनगर स्थित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण शुक्रवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में मौजूद माताओं एवं गर्भवती महिलाओं से संवाद स्थापित कर स्तनपान की महत्ता, लाभ और सही तरीके से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उपायुक्त ने कहा कि जन्म के पहले घंटे में माँ का पहला दूध (कोलोस्ट्रम) शिशु को अवश्य दिया जाना चाहिए, क्योंकि यह उसके जीवन की पहली सुरक्षा कवच होता है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केंद्र की संरचना, बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार की गुणवत्ता, पंजी संधारण एवं साफ-सफाई जैसी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे गर्भवती महिलाओं एवं माताओं को स्तनपान, शिशु पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करें। साथ ही सामुदायिक स्तर पर नियमित स्वास्थ्य एवं पोषण संवाद कार्यक्रम चलाएं। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने केंद्र की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि हर माँ तक स्तनपान के लाभ की जानकारी पहुंचे, ताकि एक स्वस्थ, सुपोषित और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सके।

## उपायुक्त ने गर्ल्स हाई स्कूल का किया औचक निरीक्षण कहा

# सरकार बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए है प्रयासरत

नवीन मेल संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज SSSGDNF गर्ल्स हाई स्कूल, पचम्बा का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति, शैक्षणिक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा, नामांकन, पोषाहार, साफ-सफाई और आधारभूत संरचनाओं की स्थिति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात उपायुक्त ने विद्यालय की साफ-सफाई एवं सौंदरीकरण का निरीक्षण कर विद्यालय में स्वच्छता एवं सुंदर वातावरण बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा उपायुक्त ने नवी एवं दसवीं कक्षा का निरीक्षण कर बच्चों से उनके पठन-पाठन, उनके अधिकार एवं दायित्व के बारे में बातचीत की तथा कहा कि विद्यार्थियों का पहला कर्तव्य पढ़ाई करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को स्वच्छ रखना आपकी प्राथमिक जिम्मेवारी होनी चाहिए, जिला प्रशासन आपके सर्वांगीण विकास को लेकर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुगम रूप से मिले। इसके अलावा उपायुक्त ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, बिजली, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की साफ-सफाई साइकिल वितरण एवं अन्य से संबंधित जानकारियां प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने शिक्षकों को शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि विद्यालय में शैक्षणिक माहौल बनाये रखें। उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक समझ की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों से भी बातचीत की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्राओं से बात की और उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उनके पढ़ने की गुणवत्ता की जांच की। विद्यालय के कार्यालय मे उपस्थिति पंजी सामग्री पंजी, शिक्षक डीटीपी इत्यादि की जांच की। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने का सार्थक प्रयास करे। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, जिला शिक्षा पदाधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## हाथी पीड़ितों को आपूर्ति विभाग ने दिया खाद्यान्न

**विष्णुगढ़।** प्रखंड की गोविन्दपुर पंचायत अंतर्गत आदिवासी टोला गिधनियां में बीते सोमवार की रात में हाथियों द्वारा ध्वस्त किए गए घर के पीड़ितों के बीच आपूर्ति विभाग द्वारा खाद्यान्न का वितरण किया है। पीड़ितों में मुनिया देवी पति मोतीलाल मरांडी तथा मालती देवी पति छोटू मरांडी शामिल हैं। प्रत्येक को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निर्देश पर जप्रवि डीलर टेकलाल महतो द्वारा 35-35 किलो खाद्यान्न दिया गया।


### शपथ पत्र

मैं, तृप्ति तिर्की, पिता दया किशोर तिर्की, निवास ग्राम कहुपानी पाहन टोली, पो० जामपानी, थाना ठेठईटांगर, जिला सिमडेगा, (झारखण्ड) की स्थायी निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक ब्यान करती हूं कि Council For the Indian School Certificate Examination new Delhi, Indian School Certificate Exa, (Class XII) Year 2024 एवं No. BH 10033041 के द्वारा है। मैं SDA Senior Secondary School Khunti, Unique से वर्ष 2024 में Class XII पास की हूं, जिसका ID 7609771 है। यह कि Sda School Khunti से XII पास की हूं जिसमें Marks Sheet में पिता का अंग्रेजी के अंतिम नाम में TORKEY लिखा हुआ है जो कि गलत अंकित है। मैं अपने MARKS SHEET में अपने पिता के अंग्रेजी के अंतिम अक्षर में TIRKEY कराने के लिए शपथ-पत्र निष्पादित कर रही हूं।

शपथ पत्र संख्या : 1592 दिनांक : 29/07/2025


## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किसानों के लिए वरदान : महेन्द्र भगत



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला के अंबेडकर सभागार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन भव्य रूप से किया गया। 325 से अधिक किसानों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की इस महत्वाकांक्षी योजना को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि महेन्द्र भगत (संयुक्त सचिव, विकास भारती) ने किया। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए एक मील का पत्थर है। यह योजना सीधे किसानों के बैंक खातों में सहयोग राशि भेजकर उनकी कृषि लागत को कम करने में सहायक हो रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संजय कुमार ने की। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत छोटे एवं सीमांत किसानों को प्रति वर्ष 6000 की आर्थिक सहायता तीन किश्तों में दी जाती है। उन्होंने किसानों से भू-अभिलेख, आधार व बैंक विवरण अद्यतन रखने की अपील की ताकि वे योजना का समुचित लाभ प्राप्त कर सकें। गोष्ठी में खरीफ फसलों में कीट प्रबंधन पर एक विशेष तकनीकी सत्र भी आयोजित किया गया। एकीकृत कीट प्रबंधन (IPM) की उपयोगिता और फेरोमोन ट्रैप, ट्राइकोग्रामा, एनपीवी, नीम आधारित कीटनाशकों के प्रयोग को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के अंत में किसानों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र, योजना से संबंधित पंपलेट, एवं कीट प्रबंधन पुस्तिकाएं वितरित की गईं। विशेषज्ञों द्वारा किसानों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए, जिसे किसानों ने बेहद उपयोगी और मार्गदर्शक बताया। वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने जानकारी दी कि भविष्य में भी तकनीकी आधारित प्रशिक्षण, प्रयोगशालाएं और प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## भंडरा के गरियाटोली मार्ग पर कीचड़ और जलजमाव, ग्रामीण परेशान

भंडरा (लोहरदगा)। एक ओर सरकार स्वच्छता और ग्रामीण विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर भंडरा प्रखंड की गडरपो पंचायत अंतर्गत गरियाटोली जाने वाला मुख्य मार्ग इन दावों की पोल खोल रहा है। भंडरा-सिसई मुख्य पथ से गरियाटोली को जोड़ने वाली यह सड़क कीचड़, गड्ढों और जलजमाव के कारण दलदल में तब्दील हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों में पानी जमा है और चारों ओर कीचड़ फैला हुआ है। दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को आए दिन फिसलने और चोटिल होने की घटनाओं का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण मुस्तफा खान समेत अन्य लोगों ने बताया कि यह गांव का मुख्य मार्ग है, जिससे रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं। लेकिन अब तक इसकी मरम्मत या निर्माण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में सड़क पूरी तरह कीचड़ में डूब जाती है और गांव का मुख्य संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो जाता है।

## ज़मैतुल कुरैश बरही व नौजवान कुरैशी कमिटी गठित

# समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के बेहतरी के लिए कमिटी गठित : डॉ हैदर

नवीन मेल संवाददाता



**बरही ।** देर संध्या शुक्रवार को डॉ हैदर अली और रहबर कुरैशी के सरप्रस्त में कोनरा पंचायत भवन में कुरैशी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसमें समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई. बैठक में कुरैशी समाज के दर्जनों लोग शामिल हुए और समाज के विकास व मजबूती के लिए अपने सुझाव दिए. सर्वसम्मति से जमैतुल कुरैश बरही और नौजवान कुरैशी कमिटी नामक दो पंचायत का गठन किया गया. जमैतुल कमिटी में अभिभावकों को और नौजवान कमिटी में नवयुवकों को शामिल किया गया. दोनो कमिटियां अपने श्रेणी के लोगो के विकास, सुरक्षा व सहयोग के लिए समर्पित रहेंगे. दोनो कमिटी के लिए डॉ अली हैदर को प्रमुख व मो रहबर कुरैशी को सरप्रस्त चुना गया. वहीं जमैतुल कुरैश के लिए मो आफताब कुरैशी को सदर, मो तौफिक कुरैशी को नाएब सदर, मो अल्ताफ कुरैशी को सेक्रेट्री, मो माशूक कुरैशी को जेनरल सेक्रेटरी, मो अबरार कुरैशी व मो शमशेर कुरैशी को खाजीन तथा मो अमजद कुरैशी को इज़नी (छड़ी बरदार) चयनित किए गए. नौजवान कुरैशी कमिटी के लिए मो मज़हर इमाम कुरैशी को सदर, मो एजाज़ कुरैशी व मो एहसान कुरैशी को सेक्रेटरी, मो महताब कुरैशी (काजल) को नाएब सदर मनोनित लिए गए. जिन्हे पगड़ी पहनाकर जिम्मेवारी सौंपी गई. बैठक के अंत में दोनो पंचायतों के नवमनोनित पदाधिकारियों ने समाज को विकास के पथ पर ले जाने के लिए शपथ लिया व एक दूसरे को बधाई दी. समाज प्रमुख डॉ हैदर ने सबों को शुभकामनाएं देते हुए कमिटी के बेहतरी की उम्मीद जताई और बधाई दी. बैठक में इन लोगो के अलावा राजू कुरैशी, इबरार कुरैशी, गुलाम मुस्तफा, जुल्फिकार कुरैशी, तजम्मुल कुरैशी, छोटू कुरैसी, मोबारक कुरैशी आदि कुरैशी समाज के लोग शामिल थे.


### पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी।

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)



दिनांक–30.04.25 के मारंगहादा थाना क्षेत्र के छोटा लान्दुप गाँव के मुख्य सड़क के पश्चिम में स्थित चट्टान पर एक अज्ञात भाव उम्र करीब 30–35 वर्ष बरामद हुआ है। जिसका पहचान नहीं हो पाया है। इस संबंध में मारंगहादा थाना काण्ड सं0–15/25, दिनांक–30.04.25, धारा–103(1)/238(a)/3(5)BNS 2023 काण्ड दर्ज किया गया है। जिसके पहचान/पता बताने वाले के लिए 10,000/–(दस हजार रूपये) का पुरस्कार राशि घोषित किया गया है।

उक्त अज्ञात पुरूष के भाव का हुलिया की विवरणी:–

1. उम्र 30–35 वर्ष करीब,
2. सांवला बाल काला,
3. लम्बाई–करीब–5 फीट
4. पहनावा–निला रंग का पैजमा, काला सफेद रंग का कोर्ट, काला सफेद रंग ऊनी मफलर, दहिना हाथ में मौली धागा, दहिने पैर में काला धागा पहना हुआ, गला में लाल रंग का धागा पहना हुआ।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त मृत अज्ञात पुरुष के बारे में पहचान/पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलम्ब सूचित करेंगें एवं सूचित करने वाले को 10,000/–(दस हजार रूपये) से पुरस्कृत किया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक, खूँटी – 9431706116
थाना प्रभारी, मारंगहादा– 9709027483
डी0सी0बी0, भाखा, खूँटी–8340655295

पुलिस अधीक्षक, खूँटी।

PR.NO.358866 Police(25-26):D


## बरही-गया रोड पर कांग्रेस का एकदिवसीय धरना सफलतापूर्वक हुआ समाप्त

# एनएचएआई की लापरवाही बर्दाश्त नहीं जनता के हक़ के लिए लड़ेगी कांग्रेस : दीपक

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** गया रोड की जर्जर स्थिति और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की लापरवाही के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी, बरही द्वारा आयोजित एकदिवसीय धरना शुक्रवार को ओवरब्रिज के समीप सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। धरना सुबह 11 बजे शुरू हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी ने की, जबकि संचालन मंडल अध्यक्ष बबलू साव ने किया। इस धरना प्रदर्शन में जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर के कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ-साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धरने का मुख्य उद्देश्य बरही-गया रोड पर बड़े-बड़े गड्ढों की समस्या, आए दिन हो रही दुर्घटनाओं और एनएचएआई की अनदेखी के खिलाफ जनआवाज उठाना था। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट मांग रखी कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित हो, समयबद्ध कार्यान्वयन हो और दुर्घटनाओं को रोकने हेतु प्रभावी सुरक्षा उपाय किए जाएं। साथ ही दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई। धरने में ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि बरही-गया रोड की यह हालत केवल सड़क का मामला नहीं है, बल्कि यह हमारी सुरक्षा, सम्मान और जीवन के अधिकार का सवाल है। जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन ने भी एनएचएआई की लापरवाही को गंभीर बताया और कहा कि कांग्रेस हर स्तर पर जनता की सुरक्षा के लिए संघर्ष करेगी। धरने में उपस्थित स्थानीय नागरिकों ने भी अपनी पीड़ा साझा की। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीओ जोहन टुडू को एक ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग दोहराई। मौके पर मंडल अध्यक्ष बरही पूर्वी विष्णुधारी महतो, जितेंद्र गिरी, प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष रजवार, धमना मोहम्मद तैयब अंसारी, प्रखंड महासचिव प्रकाश विश्वकर्मा, भोली पासवान, मोहम्मद सगीर सहित अनेक अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## पथ निर्माण परियोजना में मुआवजा भुगतान से संबंधित शिविर 05 अगस्त से

**लोहरदगा।** एनएच-143 ए के लोहरदगा बाईपास पथ निर्माण परियोजना में भूमि अधिग्रहण के मुआवजा भुगतान हेतु रैयतों से आवश्यक दस्तावेज यथा; खतियान की छायाप्रति, अद्यतन लगान रसीद, आधार कार्ड, वोटर आईडी, बैंक पासबुक, शपथ पत्र, इण्डमिनिटी बॉण्ड पेपर, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली, दो रंगीन फोटो प्राप्त करने एवं अन्य आवश्यक जानकारी देने हेतु शिविर का आयोजन 05 अगस्त से लोहरदगा, किस्को व सेन्हा अंचल के लिए किया जाएगा। यह शिविर सदर अंचल अंतर्गत दिनांक 05.08.2025 को ग्राम निंगनी के रैयतों के लिए पंचायत भवन निंगनी में, दिनांक 07.08.2025 को बंजार किस्को, सहेदा, जोरी ग्राम के रैयतों के लिए सहेदा सामुदायिक भवन में, दिनांक 08.08.2025 को कैमो ग्राम के रैयतों के लिए तहसील कचहरी कैमो में आयोजित किया जाएगा।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

अति अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना

ई० निविदा संख्या MID/GUMLA/ $F_2$-09 /2025-26(2nd Call) दिनांक –01.08.2025

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 04.08.2025 (अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 11.08.2025 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 13.08.2025 (अपराह्न 02:00 बजे)

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | मद | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गुमला जिलान्तर्गत रायडीह प्रखण्ड के पतराटोली में निर्मित बख्तर साय स्टेडियम का जीर्णोद्धार कार्य। | रायडीह | पर्यटन | 6528700.00 | 130600.00 | 10000.00 | 06 माह |

नोट:–

(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

PR 358857 Minor Irrigation(25-26).D

# सावन के झूले



सावन की जब हम बातें करते हैं तब चारों ओर हरे भरे वृक्षों के संग स्वच्छ धवल पादपों और पल्लवों के लुभावने नजारों के साथ ही साथ हरी-भरी वसुंधरा का जो मनभावन चित्र हमारे मन मस्तिष्क में उभरता है वह है झूला। सावन के साथ झूला तो इस प्रकार से जुड़ गया है, जैसे सावन जब आए तो झूला झूलना ही है। बड़े-बड़े पेड़ों की मजबूत डालों में रस्सियों से बाँधकर बनाए गए झूले और उस पर सखियों के साथ झूलते हुए कजरी गाना, यह सारा कुछ सावन के साथ इस तरह से जुड़ा हुआ है कि इसके बिना तो लगता है सावन की कल्पना ही नहीं कर सकते हैं। और जब झूले की बात आती है तो कृष्ण राधा की छवि भी अनायासी मानस पटल पर उभर आती है। झूले पर बैठे प्रेम रस में डूबे हुए राधकृष्ण जैसे इस सृष्टि को प्रीत का ही गहरा संदेश देते हुए प्रतीत होते हैं। जाने कितने ही झूले और कजरी के गीत हम सबकी जुबान पर चढ़े हुए हैं। बड़े-बड़े महान कवियों की लेखनी भी इससे अछूती नहीं रह सकी है। उन्होंने भी झूले और कजरी पर जाने कितनी ही मनभावन पंक्तियां रची हैं, जिन पंक्तियों के साथ हमारा मन भी हिंडोले लेने लगता है। सावन के इन झूलों का आनंद हम में से बहुतों ने बचपन में अवश्य ही लिया होगा। रिमझिम बारिश में भीगना, सखियों के साथ झूले झूलना और अपने-अपने प्रेमी और प्रियतम की बातें करना एक रोमांचक अनुभूति दे जाता है। कुछ प्रेमी युगल भी इस झूले का आनंद साथ-साथ लेते हैं। जब झूले में बैठी प्रेमिका को उसका प्रेमी हौले-हौले पीछे से झूला झुलाता है, तब झूले की इस डोर के माध्यम से उनके मन की डोर भी जुड़ती और मजबूत होती चली जाती है। झूला झूलने की प्राचीन प्रथा मात्र सखी सहेलियों या प्रेमी-प्रेमिका के साथ ही नहीं है। इसे एक पारिवारिक उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। घर में झूले लगाकर परिवार के सदस्य आपस में मिलकर उत्सव मनाते हुए एक दूसरे को झूला झुलाते हैं।



**रुणा रश्मि 'दीप्त'**

कृष्ण-राधा और राम-सीता ही नहीं शिव-पार्वती के प्रेम से भी झूले की इस प्रथा को जोड़ा जाता है। जैसा कि हम सभी जानते हैं पूरे सावन मास शिव की आराधना अत्यंत की भक्ति भावना के साथ की जाती है। ऐसे में कई मंदिरों में भी झूले का आयोजन होता है, जहाँ पर बैठकर शिव पार्वती के प्रेम प्रसंगों को सुनाया जाता है। भक्तगण उन प्रसंगों को पूर्ण भक्ति भाव से सुनते हुए अपने-अपने दांपत्य जीवन में भी इस प्रेम को पाने और बनाए रखने की कामना करते हैं। वैज्ञानिकों का भी मानना है कि झूला एक प्रकार से मनुष्य के लिए मूड बूस्टर का काम करता है अर्थात उसकी मनोदशा को उल्लासित करता है। झूला झूलते समय शरीर के अंदर हैप्पी हॉर्मोंस का सिक्रिशन बढ़ जाता है जिससे मनुष्य के मन का अवसाद काम होता है और आनंद की अनुभूति करते हुए उसका स्वास्थ्य भी उत्तम रहता है।

किंतु आधुनिकीकरण के इस दौर में हमारी अनेकानेक पुरानी परंपराओं के साथ ही सावन के झूलों की यह मनभावन परंपरा भी विलुप्तप्राय ही हो गई है। अब तो सावन के झूलों की बातें हम पुस्तकों में ही पढ़ते हैं या गीतों में ही सुनते हैं। यह मात्र हमारी कल्पनाओं में ही रह गया है। आज की दौड़ती भागती दिनचर्या और शहरों की ऊँची इमारतों के मध्य न तो मनुष्य के मन में और न ही कहीं किसी आँगन में इस झूले के लिए कोई स्थान बच सका है। अपने छत या घर की बालकनी में, लोहे या लकड़ी के बने खूबसूरत झूले में अकेले बैठकर कोई सावन के उन विशेष त्यौहार रूपी झूलों के आनंद की कल्पना भी नहीं कर सकता है। इसकी विशेष अनुभूति को तो वही समझ सकता है जिसने इन पलों को मूर्त रूप में जीया है।

# मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग



**मंजुला शरण 'मनु'**





सावन का महीना हर भारतीय के लिए कृषि और धार्मिक महत्व के कारण बहुत विशेष माना जाता है। सावन भगवान शिव को समर्पित एक पवित्र महीना है। पौराणिक कथा के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में इसी महीने में पाया था। इस लिए सावन में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में एक है और 52 शक्तिपीठों के 18 श्रेष्ठ शक्तिपीठों में भी एक है। यहाँ माता पार्वती की भ्रामरी रूप में पूजा होती है।

मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग को श्री शैलम मंदिर और दक्षिण का कैलाश भी कहा जाता है। यह आंध्रप्रदेश के कृष्णा जिले में श्री शैलम नामक स्थान पर स्थित है; जो नल्लामाल पर्वत श्रृंखला में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है।

मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग की कथा का संबंध कार्तिकेय से है। माता-पिता ने अपने दोनो पुत्रों को पृथ्वी की प्रदक्षिणा के लिए कहा। कार्तिक मयूर वाहन से चले, और गणेश ने अपने मूषक वाहन से माता- पिता की प्रदक्षिणा करके प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया। इससे गणेश का पहले विवाह हो गया। नाराज हो कर कार्तिकेय क्रौंच पर्वत चले गए। माता पार्वती उन्हें मनाने क्रौंच पर्वत गयीं। कार्तिकेय और दूर चले गए। तब पुत्र वियोग में शिव-पार्वती साथ वहाँ पहुँचे। भगवान शिव वहाँ साक्षात हो कर ज्योति रूप प्रकट हुए और माता पार्वती उसी ज्योति में समा गयीं। इसी से इस स्थान को ज्योतिर्लिंग कहा गया। एक पौराणिक कथनानुसार सती की गर्दन का भाग यहाँ गिरा था।

मल्लि का अर्थ है मालिका जो माता पार्वती का नाम है , अर्जुन भगवान शिव हैं। मल्लिका चमेली के फूल को कहते हैं। मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग को श्री शैलम मंदिर और दक्षिण का कैलाश भी कहा जाता है। यह बहुत प्राचीन मंदिर है। शिलालेखों के अनुसार यह दूसरी शताब्दी पूर्व का है। चालुक्य साम्राज्य ( 624--848 ई0 ) और काकतीय ( 953--1323 ई0 ) ने मल्लिकार्जुन मंदिर के विकास में योगदान दिया। फिर इसका जीर्णोद्धार विजयनगर शासनकाल के दौरान 1336 से 1678 तक हुआ। 1874 ई0 में छत्रपति शिवाजी ने भी मंदिर का जीर्णोद्धार एवं पुनरुद्धार किया।

यह एकमात्र मंदिर है जो ज्योतिर्लिंग के साथ शक्तिपीठ भी है। यहाँ शैव्य और शाक्त एक भाव से पूजा करते हैं।

यह विशाल मंदिर द्रविड़ वास्तुकला का अद्भुत स्वरूप है । इसकी मोहक और जटिल नक्काशी बहुत विशेष है। इस मंदिर में चार प्रमुख द्वार हैं जिसे गोपुरम कहा जाता है। मंदिर का शिखर सोने से बनाया गया है । गर्भगृह में आठ अंगुल ऊंचा शिव लिंग स्थापित है जिसके ऊपर पंचमुखी नाग का छत्र है। गर्भ गृह से पहले बाईं ओर गणपति की अद्भुत उज्जवल मूर्ति स्थापित है। दो कदम की दूरी पर गर्भगृह है , जहाँ भगवान शंकर लिंग रूप में स्थापित हैं। गर्भगृह बहुत छोटा जिसके कारण श्रद्धालुओं को बहुत लंबी लाइन में लग कर अपनी बारी की प्रतीक्षा करनी पड़ती है , और दर्शन की अवधि बहुत छोटी मिलती है।

गर्भगृह के पीछे विशाल प्रांगण है। प्रांगण के पीछे की दीवार पर पंक्तिबद्ध आठ दिक्पालों की मूर्तियाँ हैं, जो आठो दिशाओं के रक्षक देवता हैं। ये भी मूर्तियाँ धार्मिक महत्व के साथ, साथ स्थापत्य कला का अनूठा उदाहरण भी हैं ।

गर्भगृह के पीछे एक बड़ा सा प्रांगण है, जहाँ चंदन का बड़ा सा पेड़ है, नीचे व्यवस्थित रूप से प्राचीन शिलापट्टियों में नागों की आकृति और उनकी जाति-वंशावली उत्कीर्ण है। चंदन वृक्ष पर सांप होना एक मिथक है।

इसी प्रांगण में एक और चकित करने वाला वृक्ष है। जिसके फल हूबहू मिट्टी की हांडियों जैसे दिखते हैं। लगता है जैसे बड़ी-बड़ी हांडियो को रस्सी से बांध कर लटका दिया गया हो। ये फल आकर में तो बड़े होने के साथ काफी सख्त भी होते हैं। यदि किसी के सिर पर गिर जाए तो सिर फूटना निश्चित है। ये हिंदू धर्म का धार्मिक वृक्ष है। पुडुचेरी का यह राजकीय पुष्प है। इस पेड़ को वनस्पति विज्ञान में " कैनन बॉल फ्रूट " कहा जाता है।

पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार भगवान शिव यहाँ अमावस्या के दिन प्रकट हुए थे और देवी पार्वती पूर्णिमा के दिन। शिवरात्रि के दिन यहाँ मेला लगता है और विशेष पूजा साज-सज्जा भी होती है ।

श्री शैलम के लिए विजयवाड़ा और हैदराबाद से जाने का मार्ग है। हैदराबाद से सड़क मार्ग घने जंगलों के बीच से होकर है। यह जंगल कभी चंदन तस्कर वीरप्पन का स्वघोषित साम्राज्य था। पर अब सरकार ने वीरप्पन और उसके आतंक दोनों को समाप्त कर दिया है। अब इसी जंगल पर सड़क मार्ग बना दिया है पूरे मार्ग में सुन्दर जीव जंतुओं को देखने को मिलते हैं। सूर्यास्त के बाद प्रवेश वर्जित है। क्योंकि शाम के बाद खतरनाक जंगली जानवरों का खतरा हो सकता है। श्री शैलम मंदिर धार्मिक स्थल साथ प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी विशेष है।

# नैना की इच्छा

आज तो तुम्हारे चेहरे पर अलग सी चमक दिखाई दे रही है। नैना क्या बात है?

"मां ! मैं आज बहुत खुश हूं। मेरे विद्यालय से जो राखियां बनाकर देश के जवानों के लिए भेजी जाती थीं तो मैं भी भेजा करती थी । आप तो जानती हैं, मां। "



**खुशबू बरनवाल 'सीपी'**

"हां, मेरी बिटिया ।"

"मैंने राखियों के साथ पत्र भी लिख कर भेजा था। पिछले साल पत्र लेखन कक्षा में सिखाया गया था तो मैंने पत्र में विनती किया था कि मैं सभी जगह केवल अपने हाथों से बनाई राखियां भेजती हूं लेकिन राखी कभी किसी की कलाई पर नहीं बांध पायी हूं। मैं जो पांच राखियां देश के रक्षकों को भेज रही हूं यानी अपने पांच भाइयों को भेज रही हूँ। एक भाई भी मुझसे अपनी कलाई पर राखी बँधवा लें। मेरी इच्छा है कि एक भाई भी देश की रक्षा के साथ इस बहन की इच्छा को पूरा करें । "

"ओह ! मेरी बिटिया।"

"आगे सुनो तो मां..... !"

"ठीक है मैं चुप रहूंगी ,अब बताओ।"

"मेरे विद्यालय में प्रधानाध्यापिका अपने पास बुलवा कर शाबाशी देते हुए गले लगायीं और बताया कि रक्षाबंधन के दिन मुझे आपके साथ स्कूल जाना है।

"क्यों ? "

"वहां मेरा पत्र जिन्होने पढ़ा उन्होंने यह निर्णय लिया कि एक सैनिक भाई मुझसे अपनी कलाई पर राखी बँधवाने हर वर्ष आएंगे।"

"यह तो बहुत खुशी की बात है ,आज स्वयं देश के रक्षकों ने एक बहन की इच्छा का सम्मान किया है। "

"मां! जल्दी-जल्दी अपने हाथों की स्वादिष्ट मिठाइयां बना दो। मैं भी आपकी मदद करूँगी।"

दस साल की नैना के आंखों में खुशी की चमक देख लेने के बाद स्वयं के आजीवन गर्भवती नहीं होने की पीड़ा में एक मरहम महसूस करते हुए नैना की मां ने अपने खुशी के आंसू पोंछते हुए कहा , "बिल्कुल बिटिया ! अभी से तैयारी में लग जाती हूं।"

## रक्षाबंधन



**मनोज कुमार झा 'मनु'**

समाँ सुहाना बँधा सकल है,
सावन की रिमझिम छाई है,
घनमाला के ढोल-थाप पर,
शिखावली-थिरकन भायी है,
बाँधी राखी इंद्रधनुष की,
चंद्र-कलाई पर धरणी ने,
मोहिनी प्रकृति ने
विहँस-उछल, चंचल चपला
चमकाई है।
लिए आरती-थाल हाथ
में, शुभ्र तिलक करती है
बहना,
बाँध कलाई रेशम-धागे,
कहती है- भाई! खुश रहना,
गर्वित प्रमुदित सीना चौड़ा,
भाई की बाँछें खिल जातीं,
हर संकट हर लूँगा तेरा,
आज शपथ खाता हूँ, बहना!
सरहद पर सीना तान खड़ा,
वह मातृभूमि की रक्षा में,
अरि की हरकत पर नजर
रखे, वह सुबहो-शाम
सुरक्षा में,
मणिबंध सजे कच्चे धागे, री
बहना! पावन-प्रीत अमर,
उपहार शीश दे, हुआ विदा,
छल-छद्म-शत्रु-प्रतिरक्षा में।
कच्चे धागे का बंध प्रबल,
यह बहन-प्रेम का दर्पण है,
भाई का वादा रहे अटल,
यह मंत्र-सुरक्षा-अर्पण है,
है अद्भुत रक्षासूत्र कलित,
भाई की ललित कलाई पर,
इक-दूजे-हित मंगल-प्रतीक,
यह अनुपम प्रेम-समर्पण है।

**काव्य कोना**

## क्षणिक अवसाद

कंधा ढूंढ़ने चला है, वो
शहर-शहर घूमकर ढूंढ़ने चला है, वो
आशा की मड़ईयां में बैठा
उत्साह के पतंग पर उड़ता
उल्लासित, वह बढ़ता चला है
फिर भी क्या कहें!
कैसे बतलायें!
कंधा ढूंढ़ने चला है, वो।
साहसी कर्तव्यनिष्ठ है
निराशा और परेशानी पास फटकती नहीं
आकर्षित है जिंदगी से
सम्बल दूसरे का बनता चला है
कैसे समझाऊं - कैसे बतलाऊं
कंधे मिलेंगे, तुम्हें भी जरूर
होगा जब आशा- निराशा, उत्साह-भय से परे
दूर पथ का राही बनेगा
एक नहीं चार मिलेगा
पर,अभी इतनी जल्दी
तू कैसे कमजोर पड़ा है
अभी तू कहां, कंधा ढूंढ़ने चला है।

**नाग मणि**

**एक समीक्षात्मक आलेख**

# यथार्थवादी उपन्यास गबन



**डॉ. गीता सिन्हा गीतांजलि**



गबन का प्रारंभ होता है इन पंक्तियों से ------ "बरसात का दिन है,सावन का महीना, आकाश में सुनहरी घटाएँ छाई हुई हैं। रह रहकर रिमझिम रिमझिम बरसा होने लगती है। अभी तीसरा पहर है, पर ,ऐसा मालूम हो रहा है, शाम हो गई। ग्रामों के बागों में झूला पड़ा है। लड़कियां भी झूल रही हैं, उनकी माताएं भी। दो-चार झूल रही हैं दो-चार झूला रही है। कोई कजरी गाने लगती है कोई बारहमासा। इस ऋतु में महिलाओं की बाल-स्मृतियाँ जाग उठती हैं। यह फुहारें मानो चिंताओं को हृदय से धो डालती है, मानो मुरझाए हुए मन भी हरा देती है। सबके दिल उमंगों से भरे हुए हैं यानी साड़ियों ने प्रकृति की हरियाली से नाता जोड़ा है।"

यह तो है ग्रामीण यथार्थ का वर्णन। पढ़ कर ऐसा लगता है झूला झूलने वालियों और झुलानेवालियों के बीच हम भी हैं। यह उपन्यास उन्नीस सौ एकतीस में लिखा गया था। उस समय की ग्राम वासिनी भारत माता की हम साक्षात जैसे दर्शन कर लेते हैं।

गबन में मध्य वर्ग की वास्तविक स्थिति तथा खोखले आदर्श का चित्रण है ।रमानाथ अपनी पत्नी जालपा के साथ समक्ष बड़ी-बड़ी बातें करता है, जबकि सत्य है कि वह छोटी सी नौकरी के लिए भटक रहा होता है।

जालपा के पति रमानाथ की जब शादी नहीं हुई थी, वह बेरोजगार था।

प्रेमचंद के शब्दों में.... " इधर दो साल से रमानाथ बेकार था। दोस्तों के बदौलत उसका शौक पूरा होता।......किसी से सूट मांग कर पहन लिया ....तो किसी से कलाई घड़ी मांग कर बाँध ली......"

शादी ब्याह में उन दिनों भी दिखावा के लिए खर्च होता था। बैंड बाजा, समियाना, नाच गाना, जेवरात का चढ़ावा.....वगैरह वगैरह। बाद में सुनार, बाजा वाला, नाच गाना वाला जब घर में पैसे मांगने पहुँचते थे तो पता चलता था कि घर में पैसे की जोड़-तोड़ लगी है। नई ब्याह कर आई बहू से सब बातें छुपा कर रखी जाती थी। इसका सटीक यथार्थपरक चित्रण लेखक ने किया है। कैसे रमानाथ अपनी नवविवाहिता पत्नी के संदूक से सारे गहने उड़ा लेता है। रात के अंधेरे में "चोर चोर "चिल्लाता है। यह सब वह आर्थिक फटेहाली के कारण ही करता है। फिर जालपा के शौक से तंग आकर सरकारी रुपए गबन कर गहने बनवा देता है।

उन्नीस सौ एकतीस में स्वतंत्रता आंदोलन बहुत ही सक्रिय था। ब्रिटिश सरकार की दमनकारी नीति के विरुद्ध जहाँ तहाँ क्रांतिकारियों का दल सक्रिय हो उठा था। इसका मुख्य अड्डा था बंगाल। आंदोलन अपने शुरुआती दौर में ब्रिटिश पुलिस के भय से दबा दबा था। ब्रिटिश पुलिस सूंघ सूंघकर क्रांतिकारियों को पकड़ने में लगी हुई थी। इसका वर्णन उपन्यास में बखूबी हुआ है।

प्रेमचंद के शब्दों में..... "कलकत्ते में रमानाथ अपने हितेषी देवादीन खटिक के यहां कुछ दिनों तक रुकने के बाद चाय की दुकान खोल देते हैं।........ एक दिन जब वे नाटक देख कर लौट रहे थे, पुलिस उन्हें शुबहे में पकड़ लेती है। रमानाथ घबराहट में अपने गबन इत्यादि के बारे में सारी कथा बता देते हैं। पुलिस वाले उन्हें निर्दोष जानकर भी नहीं छोड़ते। क्रांतिकारियों पर चल रहे एक मुकदमे के गवाह के रूप में पेश कर देते हैं...।"

उन दिनों जब (2*मार्च 19*1)शहीद भगत सिंह एवं उसके दोनों साथी सुखदेव और राजगुरु को फांसी की सजा दे दी गई थी। यह वर्ष उनीस सौ इकतीस ही था जब यह उपन्यास (गबन) लिखा जा रहा था, अंग्रेजों के पिछलग्गू पुलिसकर्मियों का बुरा चरित्र लेखक ने उजागर किया है।

यह उपन्यास सिर्फ रमानाथ और जालपा (पति -पत्नी ) का प्रेम वर्णन या जालपा का आभूषणप्रियता का वर्णन नहीं है। मध्यवर्गीय समाज का आर्थिक पिछड़ापन का वर्णन भी नहीं है। यह उपन्यास आँखों में उंगली डालकर दिखाता है.... स्वतंत्रता आंदोलन की प्रारंभिक चरण को,जो उस समय देश का सबसे बड़ा यथार्थ (सच) था। उन्नीस सौ बयालीस की क्रांति का आगाज था।

**संयोजक : नरेश अग्रवाल**

## बरसात और चांद



**दीपक वर्मा दीप**

आज कई दिनों बाद
आसमान में चाँद दिखा।
मैंने पूछा,
कैसे कट रही है मामूं
बरसात में !
कहीं बोर तो नहीं हो जाते हो
भीगी रात में!
चाँद ने मुस्कुराकर कहा,
अजी,बोरियत की क्या बात है !
बरसात के दिनों में तो मुझे,
बादलों का मिलता साथ है।
मैं उनकी ओट से
जी भर कर
अपनी प्यारी वर्षा को
निहारता हूँ,
नेपथ्य में रह कर
उसकी खातिर,
खुद को संवारता हूँ।
पर, बेचारी चाँदनी!
मेरी और वर्षा रानी की
आंख मिचौली से
बहुत जलती है ।
क्योंकि इन
भीगी-भीगी रातों में
उसकी जरा भी,
दाल नहीं गलती है।
और इस बात से अक्सर,
आहत होते रहते
उसके जज्बात हैं।
मैंने तो उसे
कई बार समझाया कि,
अरी बावरी !
ये महज कुछ दिनों की बात है।
और याद रख!
जब तक ये बरसात है।
तभी तक तो लोग
वर्षा के प्रेम में,
हर पल गुजारेंगे।
उस पर ही
गीत-गजल लिखेंगे,
उसे ही संवारेंगे,
बाकी पूरे वर्ष तो,
बस हमें ही निहारेंगे।

# सावन : प्रकृति, प्रेम और काव्य का उत्सव

सावन न केवल प्रकृति का उत्सव है, बल्कि हिंदी साहित्य का भी अत्यंत प्रिय और जीवंत विषय रहा है। भारतीय काव्य-परंपरा में सावन मात्र एक ऋतु नहीं, बल्कि मन की एक भाव-स्थिति है — जहाँ प्रेम, विरह, अनुराग और आत्म-आलाप की धाराएँ एक साथ बहती हैं।

भक्तिकाल में सावन का भावात्मक रूपः

तुलसीदास के दोहों में सावन ईश्वर और आत्मा के मिलन की प्रतीकात्मक भाषा में आता है —
"सावन के पावस झड़ी, तुलसी बिरवा रोय।"

यहाँ सावन आत्मा की उस व्याकुल प्रतीक्षा का प्रतीक है, जो प्रभु के मिलन की बाट जोह रही है।



**चारुमित्रा**

मीरा के भजनों में सावन विरह की वेदना का पर्याय बन जाता है। उनके लिए यह ऋतु प्रियतम श्रीकृष्ण के बिना अधूरी है —
"सावन के झूले पड़े, सखी री राधे रै द्वार।"मीरा के गीतों में सावन मिलन की तीव्र इच्छा का समय है, जो विरहिणी के कष्ट को और गहरा कर देता है।

सूरदास के काव्य में सावन ब्रज की रास-लीलाओं, राधा-कृष्ण के संयोग और उस मधुर स्मृति से भरा हुआ है - "सावन आयो, रस बरसाए। बृज बिहारी की प्रीति जगाए।"उनके लिए सावन रस, रंग और रचना का उल्लास है।

छायावाद में सावन का आत्मिक रूपः

महादेवी वर्मा सावन को स्त्री-मन के अंतर्द्वंद्व और अकेलेपन का प्रतीक बनाकर प्रस्तुत करती हैं। उनके लिए यह ऋतु एक अंतरात्मा की पुकार है -
"मैं नीर भरी दुख की बदली।"

जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' और सुमित्रानंदन पंत जैसे कवियों ने सावन को श्रृंगार और प्रकृति के गहरे संबंधों का वाहक बनाया।

पंत लिखते हैं —
"पकड़ वारि की धार झूलता है मेरा मन,



आओ रे सब मुझे घेर कर गाओ सावन,
इंद्रधनुष के झूले में झूलें मिल सब जन,
फिर-फिर आए जीवन में सावन मन-भावन !"

प्राचीन और आधुनिक संदर्भों में सावनः

कालिदास ने 'मेघदूत' में वर्षा ऋतु का अत्यंत सुंदर और कलात्मक वर्णन किया है, जहाँ बादल संदेशवाहक बनकर प्रेम की यात्रा करते हैं।

नीरज की पंक्तियाँ सावन के साथ जुड़ी करुणा और विडंबना को सामने लाती हैं —
"अब के सावन में ये शरारत मेरे साथ हुई,
मेरा घर छोड़कर सारे शहर में बरसात हुई।"

दिनकर सावन को देखकर हृदय की जलन और प्रकृति की माया का अनुभव कराते हैं —
"जेठ नहीं, यह जलन हृदय की, उठकर ज़रा देख तो लो,
जगती में सावन आया हे मायाविनी ! सपने घोलें।"

गुलज़ार के शब्दों में बारिश आते ही शहर की संवेदना जाग उठती है —
"बारिश आती है तो मेरे शहर को कुछ हो जाता है।"

विश्व साहित्य में सावन जैसी ऋतुओं का सौंदर्यः

रूमी लिखते हैं —
"अपनी आवाज नहीं, शब्दों को उठाओ;
बादलों की गरज नहीं, बारिश उपजाती है फूलों को।"

यह हमें उस गहराई की ओर ले जाता है जहाँ प्रकृति की कोमलता ही सृजन का मूल है।

स्त्री-कविता और समकालीन स्वरः

छोटे शहरों की लड़कियों पर लिखी कविता बताती है कि सावन की तरह वे भी किसी दिन चुप्पी तोड़ेंगी और समाज की बंदिशों से बाहर आएँगी —
"मौका मिलते ही फव्वारों-सी फूटती है
एक दिन पौ-सी फटेंगी
छोटे शहर की लड़कियाँ।"

कवि लाल्टू (हरजिंदर सिंह) सावन को उस जगह से जोड़ते हैं जहाँ सौंदर्य, कल्पना और सृजन की धारा बहती है —
"शायद वह अपनी हँसी वहीं से पैदा करता है
जहाँ चाँद का इत्र बनता है।"

सावन केवल एक ऋतु नहीं, एक जीवंत अनुभव है — प्रेम, विरह, चेतना और आत्म-चिंतन का समन्वित रूप। हिंदी साहित्य में यह विविध कवियों की संवेदनाओं से होकर एक गहरा सांस्कृतिक और भावनात्मक प्रतीक बन गया है। यह ऋतु जीवन को नई दृष्टि, नई भाषा और नई अनुभूतियों से समृद्ध करती है।

## आज का दोहा

कभी तने की शाख थे, हम बेहद मजबूत।
झुकी डाल पर झूलने लगे समय के 'ऊत'।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# राहुल गांधी का दावा, 'हमारे पास मतदाता सूची में हेराफेरी के पुख्ता सबूत'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को 'वार्षिक लीगल कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब स्वतंत्र संस्था नहीं रह गई है और हमारे पास यह साबित करने के लिए पक्के सबूत हैं कि चुनावों में बड़े स्तर पर गड़बड़ियां हुई हैं। इस कार्यक्रम का विषय था 'संवैधानिक चुनौतियां – दृष्टिकोण और रास्ते,' जिसमें करीब 1,500 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिनमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कई वकील शामिल थे।राहुल गांधी ने अपने भाषण में दावा किया कि कांग्रेस पार्टी के पास अब "पूरे देश को दिखाने लायक सबूत" हैं, जो यह साबित करते हैं कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है और चुनाव आयोग की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध रही है।"राहुल गांधी ने कहा, "मेरे सहयोगी पहले कहते थे कि हां, कुछ गड़बड़ी हुई है, लेकिन हमारे पास कोई प्रमाण नहीं है अब मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हमारे पास प्रमाण है।"उन्होंने बताया कि पार्टी ने 6 महीने तक एक जांच अभियान चलाया, जिसमें चुनाव आयोग से मिली बूथवार मतदाता सूचियों का विश्लेषण किया गया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने जानबूझकर ऐसी मतदाता सूचियां दीं जिन्हें स्कैन या कॉपी करना संभव नहीं था। उन्होंने कहा, "आखिर चुनाव आयोग मतदाता सूची को इस तरह क्यों सुरक्षित रखना चाहता है?"उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने 6.5 लाख मतदाताओं की तस्वीरें और नाम एक-एक कर मिलाए, जिसमें 1.5 लाख फर्जी नाम पाए गए। राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें 2014 से चुनावों में गड़बड़ी की आशंका थी, लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की अचानक हार के बाद उन्हें शक और पुख्ता हो गया।

## राहुल को अपनी भाषा पर नियंत्रण रखना चाहिए : नीरज



**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रवक्ता नीरज कुमार ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राजनीति में एटम बम जैसे बयानों के बजाय तथ्यों और रणनीतियों पर ध्यान देना चाहिए। नीरज कुमार ने राहुल गांधी से उनकी भाषा पर संयम बरतने और उनके सहयोगी तेजस्वी यादव के चुनाव बहिष्कार संबंधी बयान पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। दूसरी ओर राहुल गांधी की पार्टी जहां जीतती है, वहां सब ठीक रहता है, चुनाव आयोग से लेकर ईवीएम तक ठीक। लेकिन, हारने पर आरोप लगाए जाते हैं। एसआईआर की प्रक्रिया में क्या मृतकों को वोटर लिस्ट में रहने दिया जाए, क्या राहुल गांधी यही चाहते हैं?उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार, एक मतदाता को केवल एक वोट देने का अधिकार है। राहुल गांधी देश की सबसे पुरानी पार्टी के नेता हैं, इसीलिए, जिम्मेदारी के नाते बयान दें। पीएम-किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी करने पर उन्होंने पीएम मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसानों के बैंक खातों में सीधे राशि हस्तांतरित करना किसानों के प्रति सम्मान और समर्थन का प्रतीक है।

## राहुल के पास सबूत हैं तो सार्वजनिक करें : राम कदम



**मुंबई।** महाराष्ट्र भाजपा के वरिष्ठ नेता राम कदम ने राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि अगर उनके पास ठोस सबूत हैं तो सार्वजनिक करना चाहिए। आईएएनएस से बातचीत के दौरान भाजपा नेता ने कहा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर राहुल गांधी लंबे समय से आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि अगर राहुल गांधी के पास वाकई कोई 'एटम बम' जैसा ठोस सबूत है, तो वे उसे छिपाकर क्यों रख रहे हैं। एटम बम घर में रखने के लिए नहीं होता है। कदम ने सुझाव दिया कि अगर राहुल गांधी को चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं है, तो उन्हें अपने सबूत न्यायपालिका के सामने पेश करने चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने पहले महाराष्ट्र सहित अन्य चुनावों में राहुल के आरोपों का प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए विस्तृत जवाब दिया है। फिर भी राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं। अगर राहुल गांधी अभी भी विस्फोटक सबूत होने का दावा कर रहे हैं, तो उन्हें इसे सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि बिहार चुनाव में संभावित हार का बहाना बनाने के लिए राहुल गांधी इसे छिपाए रखना चाहते हैं। मालेगांव विस्फोट मामले में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर के बयान पर उन्होंने कहा कि सच्चाई छिपाई नहीं जा सकती है। कांग्रेस ने सनातन हिंदू धर्म और भगवा को आतंकवाद से जोड़कर बदनाम करने की साजिश रची।

## हरियाणा में कांवड़ियों से झगड़े के बाद सीआरपीएफ जवान की हत्या

**एजेंसी। हरियाणा**



- तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

हरियाणा के सोनीपत में 28 जुलाई को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। कुछ दिन पहले ही हरिद्वार में कांवड़ यात्रा के दौरान अपने ही गाँव के कुछ लोगों के साथ हुए झगड़े में उसका हाथापाई हुई थी। जवान कृष्ण कुमार की हत्या के सिलसिले में तीन आरोपियों को आज गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जवान कृष्ण लगभग 30 साल का था और छुट्टी पर था। सोमवार तड़के घर लौट रहे कृष्ण पर गोली चलाने के बाद दोनों संदिग्ध फरार हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी इंस्पेक्टर लाल सिंह ने बताया, कुछ दिन पहले कांवड़ यात्रा के दौरान गाँव के कुछ युवकों का उससे झगड़ा हो गया था। उनकी पहचान कर ली गई है। कृष्ण की हत्या की साजिश कथित तौर पर हरिद्वार तीर्थयात्रा पर जाने से पहले ही रची गई थी। पुलिस ने इंडिया टुडे टीवी को बताया कि कृष्ण के अलावा, आरोपियों ने आनंद उर्फ पहिया नामक एक और व्यक्ति की हत्या की भी योजना बनाई थी। पुलिस ने हत्या के मामले में निशांत और अजय को मुख्य आरोपी के रूप में पहचाना है। कंवर जाने से पहले, अजय ने अपनी बिना लाइसेंस वाली बंदूक मोहित नाम के एक व्यक्ति के पास छोड़ दी थी।

## जेल में मुझे इतना प्रताड़ित किया जाता था, जिसके लिए शब्द नहीं हैं : प्रज्ञा ठाकुर

**एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट मामले में एनआईए की विशेष अदालत से 17 साल बाद बरी होने के बाद पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने जेल में बिताए अपने दिनों को याद करते हुए कहा कि मुझ पर इतना अत्याचार किया गया कि इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि एटीएस अधिकारियों ने मुझे 13 दिनों तक अवैध रूप से रखा। इस हिरासत के दौरान मुझे जितनी यातनाएं दी गईं, ऐसे अत्याचार किए गए जिसके लिए शब्द कम पड़ जाएंगे। शब्दों की भी अपनी मर्यादा होती है। उन्होंने कहा, "मुझे नरेंद्र मोदी, योगी आदित्यनाथ, मोहन भागवत, सुदर्शन, इंद्रेश, रामजी माधव जैसे लोगों के नाम लेने के लिए मजबूर किया जाता था। वे कहते रहे कि इन लोगों के नाम लो तो हम तुम्हें नहीं मारेंगे। उनका मुख्य उद्देश्य मुझे प्रताड़ित करना था। मुझसे सब कुछ असत्य बोलने के लिए कहा जा रहा था। इसलिए मैंने किसी का नाम नहीं लिया। इन लोगों ने प्रताड़ित करके बहुत कुछ कहलवाना चाहा, लेकिन हम असत्य बोलेंगे नहीं। राष्ट्र को भयभीत होने की जरूरत नहीं है।

## पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उठाए गए सवालों पर विपक्ष को घेरा, कहा

# भारत पर जो वार करेगा, वो पाताल में भी नहीं बचेगा : पीएम मोदी

**एजेंसी। वाराणसी**



- **कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना :** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से विपक्ष को "पेट में दर्द" हो रहा है।
- **भारत की सैन्य शक्ति और जवाबी कार्रवाई पर बल :** "जो भारत पर वार करेगा, वो पाताल में भी नहीं बचेगा।"
- **सिंदूर को 'तमाशा' कहने पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया :** "क्या सिंदूर तमाशा हो सकता है?"
- **विपक्ष पर सवाल :** "क्या आतंकवादियों को मारने के लिए सपा से फोन करके पूछूं ?"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सवाल उठाने पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि वो इस नाम पर परेशान हो रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि भारत पर जो वार करेगा, वो पाताल में भी नहीं बचेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को वाराणसी के सेवापुरी में 2183.45 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके साथ ही पीएम मोदी काशी से दूसरी बार देश के 9.70 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त भेजी। इसके बाद उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्षी दलों को कटघरे में खड़ा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हमारे देश के कुछ लोगों को भी पेट में दर्द हो रहा है। कांग्रेस पार्टी, उनके चेले-चपाटे, उनके दोस्त इस बात को पचा नहीं पा रहे कि भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि आज महादेव की नगरी में विकास और जनकल्याण के इतने काम हुए हैं। शिव का अर्थ ही यही होता है- कल्याण। लेकिन, शिव का दूसरा रूद्र रूप है। सामने जब आतंक और अन्याय होता है तो हमारे महादेव रूद्र रूप धारण करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने भारत का यही रूप देखा है। पीएम मोदी ने आगे कहा, भारत पर जो वार करेगा, वो पाताल में भी नहीं बचेगा। मोदी ने कहा कि शिव का एक रूप कल्याण है, तो दूसरा रूप रुद्र रूप भी है।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर काशी में पीएम मोदी बोले

## जब आतंक और अन्याय होता है, तब रुद्र रूप धारण करते हैं हमारे महादेव...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी पहुंचे, जहां उन्होंने भारत के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को महादेव के चरणों में समर्पित किया और इसे वादा पूरा हुआ बताया। ऑपरेशन सिंदूर, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की नृशंस हत्या का जवाब था। मोदी ने कहा कि आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं। जब 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ था। 26 निर्दोष लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। उनकी परिवार की पीड़ा, उन बच्चों का दुख, उन बेटियों की वेदना से मेरा हृदय बहुत तकलीफ से भर गया था। नरेंद्र मोदी ने कहा कि तब मैं बाबा विश्वनाथ से यही मना रहा था कि सभी पीड़ित परिवार को इस दुख को सहने की हिम्मत दें। काशी के मेरे मालिकों, मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने का जो वचन दिया था, वो भी पूरा हुआ है।

## मोदी ने वाराणसी पहुंचकर 2200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की शुरुआत की

प्रधानमंत्री ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा किया। सेवापुरी के बनौली (कालिकाधाम) में आयोजित इस कार्यक्रम में पीएम-किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त भी जारी की गई। इस योजना के तहत, देश भर के 10 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 21,000 करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी का दौरा कर लगभग 2,183.45 करोड़ रुपए की 52 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने पीएम-किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त भी जारी की, जिसके तहत देश भर के 9.70 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के बैंक खातों में 20,500 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सेवापुरी ब्लॉक के बनौली गांव में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को व्हीलचेयर, तिपहिया साइकिल और सहायक उपकरण वितरित किए।कार्यक्रम में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने स्थानीय बोली में कहा, हम काशी के हर परिवार-जन को प्रणाम करते हैं। इसपर उपस्थित जनसमूह ने जोरदार तालियां बजाईं।

### राहुल को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा

## अगर उनके पास सबूतों का परमाणु बम है तो तुरंत परीक्षण करें...



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत में चुनावों में धांधली का आरोप लगाने के लिए निशाना साधा और कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता के पास अपने दावे को पुष्ट करने के लिए कोई सबूत नहीं है। राजनाथ सिंह ने पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा वोटों की धांधली पर सबूतों का एक परमाणु बम तैयार किया है... अगर उनके पास सबूतों का परमाणु बम है, तो उसका तुरंत परमाणु परीक्षण किया जाना चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सच तो यह है कि उनके पास कोई सबूत या प्रमाण नहीं है। रक्षा मंत्री ने राहुल गांधी से देश की संवैधानिक संस्थाओं को अपना कर्तव्य निभाने देने की भी अपील की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सनसनीखेज दावे करना उनकी आदत है। पहले भी उन्होंने इसी तरह के बयान दिए हैं। संवैधानिक संस्थाओं को अपना कर्तव्य निभाने दें। राहुल गांधी से मेरी यही अपील है। यह कांग्रेस के स्वास्थ्य के लिए और लोकतंत्र के लिए भी अच्छा है। वहीं, उन्होंने कहा कि बिहार तो भारत ही नहीं पूरे विश्व में लोकतंत्र की जननी है।

## जमानत मिलने के बाद केरल की दो नन छत्तीसगढ़ की दुर्ग केंद्रीय जेल से रिहा

**बिलासपुर ।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले की एक विशेष अदालत से जमानत मिलने के बाद शनिवार को केरल की दो ननों को दुर्ग केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। जेल के बाहर से प्राप्त तस्वीरों में देखा जा सकता है किवाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के सांसदों, भारतीय जनता पार्टी की केरल इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर समेत केरल के कई नेताओं ने कैथोलिक नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस का स्वागत किया। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए)-अदालत) सिराजुद्दीन कुरैशी की विशेष अदालत ने मानव तस्करी और जबरन धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार दोनों ननों और एक अन्य व्यक्ति को शनिवार को इस शर्त पर जमानत दे दी कि वे अपने पासपोर्ट जमा कर दें तथा देश छोड़कर न जाएं। बचाव पक्ष के वकील अमृतो दास ने बताया कि अन्य शर्तों में 50 हजार रुपये का मुचलका जमा करना, देश नहीं छोड़ना और अपना पासपोर्ट जमा करना शामिल है।

# आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है| आज कृषकों के लिए दिन बेहतर रहेगा और कृषि कार्यों में प्रगति होगी| अगर आज आप कोई काम शुरू करना चाहते हैं , तो आपको सफलता जरूर मिलेगी।आज प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा ,साथ ही अपनी तैयारी जारी रखनी चाहिए|

**वृष :** इस राशि वालों के लिए आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा| आज आपको व्यापारिक दृष्टी से अच्छा धन लाभ होगा| आज आपको ऑफिस में प्रमोशन मिलने की खुशखबरी मिल सकती है| आज आपके परिवार में ख़ुशी का वातावरण रहेगा, जिससे आपको सुकून मिलेगा|आज आप अधिक सोचने से बचें, जिससे आप व्यर्थ की उलझन से दूर रहेंगे|

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है| आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे और परिवार के सदस्य आपकी सराहना करेंगे| आज आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द की बढ़ोत्तरी होगी| आज आप राजनीती से जुड़े व्यक्तियों के साथ ताल-मेल बनाकर रखेंगें|

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा| आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है| आज कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी| इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा|

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है| आज आप अपने करियर को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगें| इस राशि के एम.टेक के छात्र किसी टॉपिक को समझने के लिए सीनियर की मदद ले सकते हैं| आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा और आपको कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी|

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा| आज आपको अधिकतर कार्यों में सफलता मिलेगी , जिससे मन में प्रसन्नता बनी रहेगी| आज आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा| आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए व्यक्तियों से मुलाकात हो सकती है, जिनके माध्यम से आपको महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी|

**तुला :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा| आज प्राइवेट जॉब कर रहे व्यक्तियों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा| आज पारिवारिक सुख- समृद्धि में वृद्धि होगी| आज आप किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बना सकते हैं, लेकिन आप अपनी जरूरत का सामान रखना न भूलें|

**वृश्चिक :** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा| आज आपके मनोबल में वृद्धि होगी और कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी| आज आपके व्यापार में वृद्धि होगी और आपके व्यावसायिक रिश्ते मजबूत बनेगें| आज सेल्स में कार्यरत व्यक्तियों की आय में बढ़ोत्तरी होगी| आज आप दोस्तों के साथ पार्टी का आयोजन कर सकते हैं|

**धनु :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है| आज आपको सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया जायेगा| आज आपको स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या से राहत मिलेगी| आज आप जीवनसाथी के साथ ताल - मेल बनाकर रखें, जिससे आप दोनों के बीच अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी|

**मकर :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहेगा| आज आपको बिजनेस में बड़ी डील मिलने की संभावना है| आज आपकी बेटी का किसी मनचाही फील्ड में सिलेक्शन होने के योग बन रहे हैं| आज आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा|

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा| आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगें, जिनका लाभ उठाकर आप जीवन में आगे बढ़ सकते हैं| आज राजनीति में कार्यरत व्यक्तियों की कार्यभार से सम्बंधित जिम्मेदारी बढ़ सकती है| आज वैवाहिक जीवन में ताल-मेल बना रहेगा , जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा|

**मीन :** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है| आज आप सबके प्रति स्नेहपूर्वक व्यवहार करेंगें और बातों को भी अच्छे से समझेंगें| आज आपके लिए आय के नए स्रोत खुलेंगें, जिससे आपके आर्थिक हालात में सुधार आएगा| आज छात्र मन लगाकर पढ़ाई करेंगें और किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं|

## बिहार में मतदाता सूची जारी होने के बाद राजनीतिक दलों ने नहीं दर्ज कराई आपत्ति : चुनाव आयोग

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को बिहार राज्य में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) 2025 को लेकर विस्तृत जानकारी दी। आयोग ने एक प्रेस नोट जारी किया, जिसमें 1 अगस्त दोपहर 3 बजे से 2 अगस्त दोपहर 3 बजे तक के आंकड़ों और घटनाक्रमों का विस्तृत ब्यौरा दिया गया है। प्रेस नोट के अनुसार, 24 जून से 25 जुलाई तक चले गणना चरण के बाद बिहार की प्रारूप मतदाता सूची 1 अगस्त को आम जनता के लिए प्रकाशित कर दी गई। राज्य के सभी 38 जिलों के डीएम ने 243 विधानसभा क्षेत्रों के कुल 90,712 मतदान केंद्रों पर यह सूची तैयार कर साझा की। यह सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को 1 अगस्त को प्रदान कर दी गई है। जो मतदाता 24 जून की मतदाता सूची में दर्ज थे, लेकिन 1 अगस्त की प्रारूप सूची से उनका नाम हट गया है, उनके नामों की अलग से सूची तैयार कर सभी राजनीतिक दलों को दी गई है ताकि वे उसका परीक्षण कर सकें। इस विशेष सत्यापन अभियान में भाग लेने के लिए 12 प्रमुख राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों द्वारा नियुक्त किए गए करीब 1.6 लाख बूथ लेवल एजेंट्स भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। आयोग ने बताया कि जन सामान्य को इस प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए अखबारों, टेलीविजन और सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। मतदाता सूची को और अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाने के लिए हर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय और शहरी निकाय कार्यालय में 1 सितंबर 2025 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं, जिसमें लोग आकर अपने नाम की पुष्टि कर सकते हैं या फिर दावा व आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। मतदाता अपने एपिक नंबर के माध्यम से निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर भी प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम जांच सकते हैं। यदि नाम सूची में नहीं है या किसी सुधार की जरूरत है, तो उसी पोर्टल से दावा या आपत्ति दर्ज की जा सकती है।

## बिहार में पांच साल के आपराधिक घटनाओं पर पुलिस की निगाह

**पटना।** बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में कानून-व्यवस्था का मुद्दा गरमाया हुआ है। विपक्ष इसको लेकर सरकार पर हमलावर है। वहीं, बिहार पुलिस ने अपराध नियंत्रण के लिए अपनी ओर से तैयारियां तेज कर दी हैं।

इस क्रम में पिछले पांच साल के अंदर हुई आपराधिक घटनाओं के इतिहास खंगाले जा रहे हैं तथा अपराधियों की कुंडली जुटाई जा रही है। पुलिस मुख्यालय द्वारा सभी जिलों के अधिकारियों को साफ तौर पर कहा गया है कि जेल में बंद कुख्यात अपराधी भी अपराध की साजिश रचते हैं, इसलिए उन पर नजर बनाए रखना जरूरी है। जेल से हाल ही में छूटे अपराधियों जैसे सुपारी किलर, लुटेरे, डकैत और गंभीर अपराधों में शामिल लोगों की एक लिस्ट तैयार करने का निर्देश भी दिया गया है। थाना स्तर पर इन अपराधियों की गतिविधियों की लगातार निगरानी करने को कहा गया है।

## तेजस्वी के मतदाता सूची में 'नाम नहीं होने' के दावे पर पटना जिला प्रशासन ने दिया जवाब, जदयू भी भड़का

**एजेंसी। पटना**



बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया था कि विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची से उनका नाम गायब है। इस दावे को पटना जिला प्रशासन ने सिरे से नकारते हुए कहा कि तेजस्वी का नाम मतदाता सूची में है। मतदाता सूची का प्रारूप जारी किया है, जिसमें उनका नाम है। दरअसल, राजद नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता में दावा कर दिया कि उनका वोटर लिस्ट से नाम गायब है; अब वे किस तरह से चुनाव लड़ पाएंगे? तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरा नाम वोटर लिस्ट में नहीं है। उन्होंने सवाल पूछा है कि अब मैं चुनाव कैसे लड़ूंगा? तेजस्वी यादव के इस दावे के बाद पटना जिला प्रशासन ने बाकायदा मतदाता सूची का वह प्रारूप भी जारी किया है, जिसमें तेजस्वी की फोटो के साथ उनका नाम, उम्र, पिता का नाम, मकान संख्या दर्ज है। पटना जिला प्रशासन ने कहा, "कुछ समाचार माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का नाम विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रारूप मतदाता सूची में नहीं है। इस बारे में जिला प्रशासन, पटना द्वारा जांच की गई। इसमें यह स्पष्ट हुआ है कि नेता प्रतिपक्ष का नाम प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज है। वर्तमान में उनका नाम मतदान केन्द्र संख्या 204, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन, क्रम संख्या 416 पर अंकित है। पूर्व में उनका नाम बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन, मतदान केन्द्र संख्या 171, क्रम संख्या 481 पर दर्ज था।" इसके साथ जिला प्रशासन ने मतदाता सूची का प्रारूप भी जारी किया है। इधर, जदयू ने भी राजद नेता तेजस्वी यादव पर जोरदार निशाना साधा। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव को राजनीति का फरेबी बताते हुए कहा कि राजनीति का जालसाज पकड़ा गया। तेजस्वी यादव ने कहा कि मतदाता सूची के ड्राफ्ट पब्लिकेशन में उनका नाम नहीं है। लेकिन यह फरेब है, झूठ है। उन्होंने आगे कहा कि सच यह है कि उनका नाम मतदाता सूची में है, जिसमें उनके नाम के साथ मकान संख्या 110, उम्र 36 दर्ज है।

**सरकार की योजना** | किसानों को मिली 'सम्मान निधि,' कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बोले-

# केंद्र कृषकों की आय बढ़ाने के लिए कई योजना चला रही

- **योजना के तहत किसानों के लिए पेंशन का भी प्रावधान है।**

**एजेंसी। पटना**




पीएम मोदी ने वाराणसी से 9.7 करोड़ किसानों के लिए 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना' की 20वीं किस्त जारी की। इसे लेकर पटना स्थित बापू सभागार में 'किसान उत्सव दिवस' का आयोजन किया गया, जहां कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित रहे। उन्होंने कहा, "केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगभग 10 करोड़ किसानों के खाते में 20,000 करोड़ रुपए से ज्यादा डीवीटी के माध्यम से ट्रांसफर किए। उन्होंने कहा, "ऐसी अनेकों योजनाएं हैं, जो किसानों की आय बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार चला रही है, और बिहार सरकार योगदान दे रही है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसानों के लिए पेंशन का भी प्रावधान है। कृषि मंत्री ने कहा, "इसके अलावा, लगभग 2 लाख करोड़ की फर्टिलाइजर सब्सिडी भी भारत सरकार किसानों को प्रदान कर रही है। केसीसी और अन्य संस्थाओं की ओर से भी किसानों को करीब 25 लाख करोड़ रुपए मिल रहे हैं। कृषि क्षेत्र में यह वृद्धि हो रही है।उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत, जब से यह योजना 2016 में शुरू हुई, अब तक 1,83,000 करोड़ रुपए किसानों के खाते में भेजे गए हैं। पानी के साधनों के विस्तार, सिंचाई योजनाओं और कोशी जैसी परियोजनाओं पर काम हो रहा है।" शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस और राजद के काल में कोई भी सहायता राशि नहीं दी जाती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए की सरकार हमेशा किसानों के हित में सोचती है। भारत सरकार किसानों के कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

## युवाओं के संघर्ष और जेपी आंदोलन की गूंज

शिवराज सिंह चौहान ने कहा, "यह वही पवित्र धरती है, जहां भगवान बुद्ध और महावीर ने तपस्या की। यह आचार्य कौटिल्य की बुद्धिमत्ता का उदाहरण है और चंद्रगुप्त मौर्य का शौर्य है। यह वही धरती है, जहां किसानों के साथ हुए अन्याय के खिलाफ बापू ने चंपारण में पहला आंदोलन शुरू किया, जहां महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और गलत शिक्षा के खिलाफ यहां के नौजवानों ने आंदोलन का शंखनाद किया, और लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने इसका नेतृत्व किया।

# फुटबॉलप्रेमियों को एक दशक बाद मेसी का हो सकता है दीदार



**एजेंसी। कोलकाता**

अगर सब कुछ अनुकूल रहा तो कोलकाता के फुटबॉलप्रेमियों को एक दशक बाद महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी के दीदार का मौका मिलेगा जो कोलकाता के बाद अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली भी जाएंगे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। जानकार सूत्रों ने बताया कि मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग समेत सारी औपचारिकतायें पूरी कर ली गई है लेकिन मेसी की ओर से आधिकारिक पुष्टि मिलना बाकी है। सूत्र ने कहा, 'सब कुछ तय हो गया है और हमें मेसी से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। जल्दी ही उसके सोशल मीडिया हैंडिल पर इसकी जानकारी मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'अभी प्रस्तावित कार्यक्रम पर सहमति बन गई है। हमें सोशल मीडिया पर उनकी ओर से पुष्टि का इंतजार है जो जल्दी ही आयेगी।' कार्यक्रम के अनुसार मेसी 12 दिसंबर को रात दस बजे कोलकाता पहुंचेंगे जहां वह दो दिन और एक रात रूकेंगे। कोलकाता में 13 दिसंबर को सुबह नौ बजे 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम होगा जिसके बाद वीआईपी रोड पर लेकटाउन श्रीभूमि में उनकी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण होगा। इसके बाद वह ईडन गार्डंस जाएंगे जहां दोपहर 12 से डेढ बजे तक जीओएटी कप और जीओएटी कन्सर्ट होगा।

सूत्र ने कहा, 'वह प्रति टीम सात खिलाड़ियों का सॉफ्ट टच और सॉफ्ट बॉल मैच खेलेंगे, जिसमें सौरव गांगुली, लिएंडर पेस, जॉन अब्राहम और बाईचुंग भूटिया भी होंगे। ईडन गार्डंस पर होने वाले इस आयोजन के लिए टिकट की न्यूनतम दर 3500 रूपये होगी। हमें उम्मीद है कि 68000 की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा होगा। मेसी वहां एक घंटा 20 मिनट तक होंगे।' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उन्हें वहां सम्मानित कर सकती हैं। मेसी 13 दिसंबर की शाम को अहमदाबाद में अडाणी फाउंडेशन के निजी कार्यक्रम में भाग लेंगे।

वह 14 दिसंबर को मुंबई पहुंचेंगे जहां सीसीआई पर शाम 3.45 पर 'मीट एंट ग्रीट ' कार्यक्रम होगा। इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम पर 5.30 से जीओएटी कप और कन्सर्ट होगा। सूत्र ने बताया कि इसके लिए वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग हो चुकी है। मीडिया रपटों में कहा गया था कि मेसी सात सात खिलाड़ियों वाला क्रिकेट मैच एम एस धोनी और विराट कोहली के साथ खेल सकते हैं लेकिन सूत्र ने इससे इनकार किया।



**कोलकाता दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद में दिखेगा भौकाल**

- 12 दिसंबर को रात दस बजे कोलकाता पहुंचेंगे

## लक्ष्य और मन्नेपल्ली की हार, खत्म हुआ भारतीय अभियान

**एजेंसी। मकाऊ**

लक्ष्य सेन और थारुन मन्नेपल्ली अपने-अपने पुरुष एकल सेमीफाइनल गंवा बैठे, जिसके साथ 'मकाऊ ओपन' में भारत का अभियान शनिवार को समाप्त हो गया। लक्ष्य को पांचवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई शटलर अल्वी फरहान के खिलाफ 39 मिनट में 16-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, मन्नेपल्ली को मलेशिया के जस्टिन होह के खिलाफ एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 16-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

यह 2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में लक्ष्य सेन का अब तक का सबसे सफल अभियान रहा। इस सीजन में वह पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे। पिछले साल के अंत में सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीतने के बाद से उन्होंने 10 बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट खेले, लेकिन किसी में सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच सके थे।



इस सीजन में लक्ष्य को दो बार दूसरे राउंड और छह बार पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ा, जिसमें चाइना ओपन जैसी बड़ी प्रतियोगिता भी शामिल है।

लक्ष्य ने गुरुवार को कड़े मुकाबले में जीत के बाद क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और उसके बाद चीन के झू झुआन चेन पर तीन गेम से जीत दर्ज की। 23 वर्षीय थारुन मन्नेपल्ली के लिए मकाओ ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचना करियर की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि रही।

उन्होंने चीनी शटलर हू झे आन को 21-12, 13-21, 21-18 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले थारुन ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए हांगकांग के टॉप सीड ली चिउक यियू को जबरदस्त वापसी करते हुए हराया था। ओपनिंग गेम में थारुन ने तेज शुरुआत करते हुए 11-6 की बढ़त बना ली थी, लेकिन फिर मलेशियाई खिलाड़ी होह ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 पर ला दिया। हालांकि, थारुन ने संयम बनाए रखते हुए गेम को अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में मलेशियाई खिलाड़ी होह ने लगातार बढ़त बनाए रखी, हालांकि थारुन भी बराबरी की टक्कर देते रहे।

## जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए महिला टीम हुई रवाना



**रांची।** 12 अगस्त 2025 तक काकीनाडा आंध्रप्रदेश में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने के लिए झारखंड जूनियर महिला हॉकी टीम आज अहले सुबह टाटा से काकीनाडा के लिए रवाना हुई। हॉकी झारखंड और खेल विभाग के अधिकारियों ने झारखंड टीम को जीत की शुभकामनाएं दी है। झारखंड टीम इस प्रतियोगिता में ए डिविजन में है पूल ए में हॉकी कर्नाटक और हॉकी छत्तीसगढ़ के साथ है, पहला मैच 5 अगस्त को कर्नाटक के साथ तथा 06 अगस्त को हॉकी छत्तीसगढ़ के साथ है।

## उद्घाटन मैच में नगड़ी अचीवर्स लायंस टीम ने नगड़ी अचीवर्स पैंथर्स को 43 रनों से हराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नगड़ी क्रिकेट एकेडमी और द अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में नगड़ी के कोलांबी मैदान में आज नगड़ी अचीवर्स चैलेंजर ट्रॉफी — 2 प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व खिलाड़ी एवं नगड़ी क्रिकेट एकेडमी के अध्यक्ष संजय मिश्रा , कोच एवं सचिव सौमित्र पटनायक, पूर्व खिलाड़ी उदय शर्मा उर्फ टारजन ,समाजसेवी गौतम सिंह, अंबर इंडस्ट्रीज के निदेशक अंबर कुमार व समाजसेवी चारो उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में नगड़ी अचीवर्स लायंस और नगड़ी अचीवर्स पैंथर्स के बीच में हुआ। पैंथर्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया। लायंस ने निर्धारित 20 ओवरों में 141/7 रन बनाया। लक्ष्य की पीछा करने उतरी पैंथर्स की टीम 19 ओवर में 98 रन बना कर ऑल आउट हो गई।और लायंस की टीम ने मैच 43 रनों से जीत लिया। मैच के उपरांत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए लायंस के ऑलराउंडर खिलाड़ी अभिषेक उरांव को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। प्लेयर ऑफ द मैच का इनाम संजय मिश्रा एवं उदय शर्मा ने संयुक्त रूप से दिया।

# ओवल टेस्ट में भारत ने इंग्लैंड को दिया 374 रनों का टारगेट



**118 रनों की शानदार पारी खेली**

**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 का आखिरी टेस्ट मैच लंदन के ओवल क्रिकेट ग्राउंड पर हो रहा है. इस मुकाबले का आज (2 अगस्त) तीसरा दिन है. भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में 396 रन बनाए. यानी भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रन का टारगेट दिया है। इस मैच में भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 224 रन बनाए. जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 247 के स्कोर पर सिमटी. यानी इंग्लैंड को पहली पारी के आधार पर 23 रन की बढ़त मिली. यह मैच भारतीय टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण है. भारतीय टीम पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज को तभी बराबर कर पाएगी, जब वो ये मैच जीतेगी. अगर ओवल टेस्ट ड्रॉ रहा या इंग्लैंड ने जीत हासिल की तो शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम सीरीज गंवा देगी। भारतीय टीम के लिए दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने तूफानी बैटिंग की. यशस्वी जायसवाल ने 7 चौके और दो छक्के की मदद से महज 44 गेंदों पर ही अपना अर्धशतक पूरा कर लिया. हालांकि यशस्वी को इस दौरान दो जीवदान भी मिलो. उधर केएल राहुल (7 रन) और साई सुदर्शन (11 रन) कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके। फिर तीसरे दिन के खेल के पहले सेशन में नाइटवॉचमैन आकाश दीप और यशस्वी जायसवाल ने पारी को आगे बढ़ाया. दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 107 रनों की पार्टनरशिप हुई. आकाश दीप ने इस दौरान 9 चौके की मदद से 70 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा कर लिया. अपने इंटरनेशनल करियर में आकाश दीप ने पहली बार अर्धशतक जड़ा. जेमी ओवर्टन ने आकाश दीप को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा. आकाश दीप ने 94 गेंदों पर 66 रन बनाए, जिसमें 12 चौके शामिल रहे। इसके बाद भारतीय टीम ने तीसरे दिन के दूसरे सेशन में कप्तान शुभमन गिल का विकेट सस्ते में गंवा दिया. गिल को 11 रनों के निजी स्कोर पर गस एटकिंसन ने चलता किया. गिल के आउट होने के कुछ देर बाद यशस्वी ने अपना छठा टेस्ट शतक जड़ा. यशस्वी ने 11 चौके और दो छक्के की मदद से 127 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया. यशस्वी के टेस्ट करियर का छठा शतक रहा. करुण नायर (17 रन) कुछ खास नहीं कर पाए और उन्हें गस एटकिंसन ने आउट किया। यशस्वी जायसवाल आउट होने वाले अगले बल्लेबाज रहे, जिन्हें जोश टंग ने चलता किया. यशस्वी ने 14 चौके और दो छक्के की मदद से 164 गेंदों पर 118 रन बनाए. इसके बाद ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने सातवें विकेट के लिए 50 रनों की पार्टनरशिप की।



# ट्रेड डील के बाद अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच अच्छे संबंध : ट्रंप

**एजेंसी। वाशिंगटन**



- "हमारा दक्षिण कोरिया के साथ बहुत अच्छा रिश्ता है
- अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के लिए शुल्क दर 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दी है

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच रिश्ते बेहद अच्छे हो गए हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच हुए नए व्यापार समझौते के बीच ट्रंप का ये बयान सामने आया है। यह समझौता कई महीनों से चल रही टैरिफ वार्ताओं के बाद हुआ है। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह टिप्पणी एक पत्रकार के सवाल के जवाब में की। पत्रकार ने उनसे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ होने वाली बैठक के बारे में पूछा था। ट्रंप ने कहा कि यह बैठक दो हफ्तों के भीतर व्हाइट हाउस में होगी। एजेंसी के मुताबिक, ट्रंप ने कहा, "हमारा दक्षिण कोरिया के साथ बहुत अच्छा रिश्ता है।" बुधवार को ट्रंप ने इस व्यापार समझौते की घोषणा की। इसके तहत अमेरिका ने कोरिया पर लगाए जाने वाले "रेसिप्रोकल टैरिफ" को 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। इसके बदले में दक्षिण कोरिया ने अमेरिका में निवेश करने और कुछ अन्य वादे किए हैं। ट्रंप ने यह भी दोहराया कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति दो हफ्तों के अंदर व्हाइट हाउस आएंगे। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून ने भी कहा कि इस बैठक के लिए तारीख तय करने पर बातचीत चल रही है। वित्त, उद्योग और कृषि मंत्रालयों ने प्रेस रिलीज में कहा, "कोरिया-अमेरिका व्यापार समझौता चावल से जुड़ा नहीं है।" गुरुवार को हुए इस समझौते के अनुसार, अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के लिए शुल्क दर 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दी है। इसके बदले में दक्षिण कोरिया ने वादा किया है कि वह आने वाले चार वर्षों में अमेरिका में 350 अरब डॉलर का निवेश करेगा और 100 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद खरीदेगा। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका ने दक्षिण कोरिया पर यह दबाव डाला था कि वह अपने चावल और बीफ बाजार के द्वार उनके लिए खोले, खासकर 30 महीने से अधिक उम्र की गायों से बने अमेरिकी बीफ उत्पादों पर लगे प्रतिबंध को हटाने की बात की गई थी।

## बीसीआई टाइटेनियम के गठन के छह माह पूरे, मासिक व्यापारिक प्रगति पर चर्चा

# एक दूसरे का रिफ्रेंस देकर कारोबार को दे रहे बढ़ावा: किशोर मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया (बीसीआइ) टाइटेनियम रांची की बैठक शनिवार को स्थानीय होटल में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीसीआइ प्लेटिनम के अध्यक्ष हिमानी गुप्ता ने कहा कि सदस्यों के सहयोग पिछले माह बीसीआई टाइटेनियम के सदस्यों ने करोड़ों का कारोबार किया है। यह हमारे संगठन के लिए एक सुखद प्रयास है। मेंटर किशोर मंत्री ने कहा कि बीसीआई टाइटेनियम के गठन के छह माह हो गये हैं। इन छह माह में सदस्यों के सहयोग से अपने कारोबार को नई गति दे रहे हैं। सदस्य एक दूसरे का रिफ्रेंस देकर कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे ही एक दूसरे का सहयोग करेंगे तो सदस्यों का कारोबार निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। मिलने जुलने से कारोबार बढ़ता है। एक दूसरे के व्यापार को जानने और समझने का अवसर प्राप्त होता है। बैठक में सभी सदस्यों ने पिछले एक माह के व्यापारिक प्रदर्शन की समीक्षा प्रस्तुत की और व्यापार बढ़ाने को लेकर अनुभव साझा किए। बेहतर कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। बैठक में शहर के जाने-माने फिजिशियन और डायबिटीज स्पेशलिस्ट डॉ आशुतोष सिंह ने फिट रहने के गुर बताएं। बैठक में कई नए विज़िटर्स ने भी भाग लिया। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किये। इस अवसर पर निदेशक धीरज ग्रोवर, शिव कुमार, बीसीआइ टाइटेनिमय की उपाध्यक्ष डॉ शिप्रा साह, सचिव अनूज अग्रवाल, अभिषेक रंजन, सुबोध कुमार, अनुमप गुप्ता, प्रियंका शास्त्री, नीरज कुमार रंधीर सिंह, विवेक बाजोरिया समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

## अमेरिका-रूस तनाव से कच्चे तेल की कीमतें 80 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं

**एजेंसी। मुंबई**

अमेरिका-रूस तनाव से कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति में व्यवधान पड़ने का खतरा पैदा हो गया है जिससे कारण ब्रेंट क्रूड की कीमतें 80 से 82 डॉलर प्रति बैरल के बीच पहुंच सकती हैं। यह जानकारी शनिवार को विश्लेषकों की ओर से दी गई। विश्लेषकों के अनुसार, ब्रेंट ऑयल के अक्टूबर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट का शॉर्ट-टर्म टारगेट 72.07 डॉलर से बढ़कर 76 डॉलर हो गया है। 2025 के अंत तक, ब्रेंट क्रूड की कीमत 80-82 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है। नीचे की ओर समर्थन 69 डॉलर पर है। डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल के सितंबर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट, जो अभी 69.65 डॉलर पर है, का शॉर्ट-टर्म टारगेट 73 डॉलर है। 2025 के अंत तक, डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमत 76-79 डॉलर तक पहुंच सकती है। नीचे की ओर समर्थन 65 डॉलर पर है। इस सप्ताह की शुरुआत में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस को यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए 10-12 दिन की समय सीमा दी थी। ऐसा न करने पर रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अतिरिक्त प्रतिबंध और सेकेंडरी टैरिफ लगाए जा सकते हैं, जिससे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं।



ट्रंप ने पहले घोषणा की थी कि सेकेंडरी टैरिफ 500 प्रतिशत तक हो सकते हैं। रूस से कच्चे तेल के आयात पर निर्भर देशों को अब डिस्काउंटेड प्राइस और अमेरिका को निर्यात पर हाई टैरिफ के बीच संतुलन बनाना चाहिए।

वेंचुरा सिक्योरिटीज में कमोडिटीज और सीआरएम प्रमुख एनएस रामास्वामी ने कहा, "इससे अतिरिक्त उत्पादन क्षमता में कमी और आपूर्ति में कमी के कारण तेल बाजार में अचानक बदलाव आ सकता है, जिससे 2026 तक बाजार में कच्चे तेल का सरप्लस कम हो जाएगा।"

## आरबीआई अगस्त एमपीसी बैठक में रेपो रेट में कर सकता है 25 आधार अंक की कटौती

**एजेंसी। मुंबई**

आरबीआई वैश्विक अस्थिरता और महंगाई में कमी के कारण आने वाली मौद्रिक नीति कमेटी की बैठक में रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती कर सकता है। यह जानकारी शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया कि आरबीआई अगस्त एमपीसी बैठक में रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती कर सकता है। अगर यह रेट कट होता है तो इससे क्रेडिट ग्रोथ को वित्त वर्ष 26 के फेस्टिव सीजन शुरू होने से पहले बड़ा बूस्ट मिलेगा। रिपोर्ट में बताया गया कि ऐतिहासिक तौर पर जब भी फेस्टिव सीजन शुरू होने से पहले ब्याज दरों में कटौती की जाती है तो क्रेडिट ग्रोथ के बड़ा बूस्ट मिलता है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि केंद्रीय बैंकों के नीति निर्माताओं को बहुत देर से कार्रवाई करके प्रभावी हस्तक्षेप का अवसर गंवाने से बचना चाहिए। साथ ही कहा गया, "बैकलोडिंग या टाइप II गलती करने का कोई मतलब नहीं है।"टाइप II गलती तब होती है जब केंद्रीय बैंक शून्य परिकल्पना को अस्वीकार करने में विफल रहता है, यह मानते हुए कि महंगाई में कमी अस्थायी है, और इसलिए दरों में कटौती नहीं करता है, लेकिन वास्तव में, महंगाई लगातार कम बनी रहती है और आउटपुट गैप कमजोर होता रहता है।

## ऑटोपायलट क्रैश केस में अमेरिका में टेस्ला पर लगा 240 मिलियन डॉलर से अधिक का जुर्माना

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

अमेरिका में एक फेडरल जूरी ने अरबपति कारोबारी एलन मस्क के नेतृत्व वाली इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला पर 2019 में हुई एक दुर्घटना के पीड़ितों को 240 मिलियन डॉलर से अधिक का भुगतान करने का आदेश दिया है। यह दुर्घटना कथित तौर पर कंपनी की खराब "ऑटोपायलट" ड्राइवर असिस्टेंस टेक्नोलॉजी के कारण हुई थी। पीड़ितों के अनुसार, जूरी ने टेस्ला के सिस्टम को दुर्घटना के लिए आंशिक रूप से जिम्मेदार पाया।2019 में हुई इस दुर्घटना में एक टेस्ला मॉडल 3 कार ने देर रात सड़क किनारे तारों को निहार रहे प्रेमी युगल नाइबेल बेनावाइड्स लियोन और डिलन एंगुलो को टक्कर मार दी थी, इसमें 22 वर्षीय लियोन की मृत्यू हो गई थी, जबकि एंगुलो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटनाग्रस्त टेस्ला कार के ड्राइवर ने अपने मोबाइल फोन के कारण ध्यान भटकने की बात स्वीकार की है।

### गढ़वा डीसी ने खनन क्षेत्र का किया स्थलीय निरीक्षण

# पारदर्शिता व मानकों के अनुपालन का दिया सख्त निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** जिले के रंका प्रखंड में संचालित विभिन्न पत्थर खदानों एवं क्रशर प्लांटों का गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य खनन गतिविधियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, पर्यावरणीय एवं सुरक्षा मानकों के अनुपालन की स्थिति का मूल्यांकन करना, साथ ही दस्तावेजीय सुसंगतता की जाँच करना रहा। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त सर्वप्रथम इशान स्टोन क्रशर प्लांट पहुंचे।

जहां उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली के संबंध में संचालक से विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित सभी दस्तावेजों की सूक्ष्मता से जांच की। उन्होंने क्रशर प्रबंधन को पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने एवं सुरक्षित खनन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने एमजीसीपीएल द्वारा संचालित पत्थर खदान का भी स्थल निरीक्षण किया, जहां उन्होंने खनन प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। इसी क्रम में उन्होंने सोखा बाबा स्टोन माइन्स का भी भ्रमण किया और संपूर्ण खनन क्षेत्र की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि खनन कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता, पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों का कठोरता से पालन और सुरक्षा मानकों की अनिवार्य रूप से पालना अत्यंत आवश्यक है। नियमों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। इसके अतिरिक्त उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने बेलचंपा क्षेत्र का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने बालू घाटों की स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने पाया कि वर्तमान में जिले में बालू उठाव पर रोक लगी हुई है और ऐसे में किसी प्रकार की अवैध गतिविधि नहीं होनी चाहिए।

इस संदर्भ में उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी को निर्देशित किया कि बालू उठाव वाले संभावित स्थलों के समीप जाने वाले मार्गों को अविलंब अवरुद्ध किया जाए, ताकि बालू के अवैध दोहन की कोई संभावना न रहे। निरीक्षण के दौरान जिला खनन पदाधिकारी राजेन्द्र उराँव, खान निरीक्षक भाव प्रकाश महतो एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खनन से जुड़ी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखें और नियमों के उल्लंघन की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## चलता ट्रक बना आग का गोला चालक ने कूदकर बचाई जान



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवां (पलामू)।** एनएच-39 रांची–मेदिनीनगर मार्ग पर शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे खामडीह के पास एक चलती ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। ट्रक रेणुकूट से ब्लीचिंग पाउडर लेकर रांची की ओर जा रही थी। घटना के वक्त ट्रक तेज रफ्तार में थी, लेकिन गनीमत रही कि चालक ने समय रहते कूदकर जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टायर फटने के बाद ट्रक में आग लगी और कुछ ही पलों में पूरे वाहन को चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि दमकल की टीम के पहुंचने तक ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गया। सूचना मिलते ही सतबरवा पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को तत्काल जानकारी दी गई। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि चालक से पूछताछ की जा रही है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के लिए समय निर्धारित

**मझिआंव।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी सरकारी व गैर सरकारी स्थान पर ध्वजारोहण हेतु प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक ने की इस बैठक में सभी पंचायत के मुखिया, जिला परिषद जनप्रतिनिधि शामिल हुए बैठक में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमति कनक ने कहीं की सरकारी व गैर सरकारी ध्वजारोहण हेतु समय सारणी निर्धारित की गई है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय 8:30 बजे, थाना परिसर 8;50, प्रेस कार्यालय 9:05, रेफरल अस्पताल 9:15 बजे, पशु चिकित्सालय 9:30 बजे, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय 9:45 बजे, नगर पंचायत कार्यालय 10:00 बजे, सभी पंचायत भवन 10:5, प्रगतिशील यूनियन कार्यालय 10:10, भारतीय किसान संघ 10:15 बजे, शिवेशवर चंद्रवंशी इंटर कॉलेज 10;20, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स 10:30, दूरसंचार कार्यालय 10:35 ध्वजारोहण होना समय निर्धारित किया गया है।

# राहुल दुबे गिरोह के छह अपराधी गिरफ्तार

### पिस्तौल-कारतूस समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद

- कोल साइडिंग में आगजनी व गोलीबारी की वारदातों में संलिप्त, विशेष ऐप से हो रही थी गैंग की बातचीत

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** पुलिस ने अपराधी राहुल दुबे गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ये अपराधी जिले बालुमाथ थाना क्षेत्र के मगध कोलियरी, बारियातू थाना फुलबसिया एवं टोरी कोल साईडिंग में आगजनी एवं गोलीबारी की घटना में शामिल थे। उनके पास से पिस्तौल व जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि पिछले पांच जुलाई को फुलबसिया, नौ जुलाई को टोरी साईडिंग व 18 जुलाई को मगध कोलियरी में आगजनी व फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के उद्भेन और अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक एसआईटी का गठन किया गया था। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने विभिन्न जिलों से राहुल दुबे गिरोह के छह सदस्यों को पकड़ा। सख्ती से जब उनसे पूछताछ की गयी तो उन्होने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पूछताछ के क्रम में सभी अपराधियों ने तीनों घटनाओ में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

गिरफ्तार अपराधियों में बल्केश्वर उर्फ सत्या, शंकर महतो, मुकेश कुमार, मनोज कुमार साहू, सागर कुमार और बबलू कुमार शामिल हैं। उनके निशानदेही पर उक्त तीनों घटनाओं में प्रयुक्त किया गया हथियार 7.65 एमएम का पिस्तौल, 7.65 एमएम का पांच गोली, घटना में इस्तेमाल किया गया एक मोटरसाइकिल और 6 मोबाइल फोन बरामद किया है। उनके पास से मोबाइल फोन में विशेष ऐप इंस्टाल पाया गया। जिसमें राहुल दुबे एवं गैंग के अन्य सदस्यों की बातचीत रिकार्ड है। गिरफ्तार छह अभियुक्तों में दो अभियुक्त बल्केश्वर कुमार उर्फ सत्या और शंकर महतो अमन साहू गिरोह के अपराधी पूर्व में भी रह चुके हैं और उनके विरुद्ध कई थानों में मामले दर्ज हैं। दोनों टंडवा थाना क्षेत्र के एक घटना में वर्ष 2021 में भी शामिल रहे हैं। छापेमारी दल में डीएसपी बालूमाथ विनोद रवानी, डीएसपी लातेहार अरविंद कुमार, थाना प्रभारी बालूमाथ अमरेंद्र कुमार, थाना प्रभारी बरियातू रंजन पासवान, पुनि परमानंद बिरुवा, पुअनि अनुभव सिन्हा,जितेंद्र कुमार, निर्मल कुमार मंडल, अमित कुमार रविदास गौतम कुमार अजीत कुमार सरवन कुमार संजय चौधरी समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## मारपीट व छेड़खानी के मामले में पुलिस ने चार को भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के बेतर ओपी क्षेत्र अंतर्गत बान टोली रूद गांव में एक घर में घुसकर महिला के साथ छेड़खानी व मारपीट व घर ध्वस्त करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में जहरुद्दीन पंवरिया (कुदरत नगर बान टोली रूद) के आवेदन के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सफीक पंवरिया व नेमकी पंवरिया,फुलवा पंवरिया तीनों भाई (पिता स्व. करामत पंवरिया) व मेराज पंवरिया पिता सफीक पंवरिया को अग्रतर कार्रवाई के बाद मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। जबकि मामले में एक अज्ञात पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। बेतर ओपी प्रभारी किशोर मुंडा ने बताया कि गिरफ्तार लोगों एवं आवेदनकर्ता के बीच पूर्व से मामला चल रहा है। इसी मामले में दूसरे पक्ष पर दबाव बनाने को लेकर शुक्रवार की रात गिरफ्तार लोगों के द्वारा जहरुद्दीन पंवरिया के घर जाकर डराया धमकाया जा रहा था। जिसकी शिकायत की गई थी, मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 179/25 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## दो बाइक की आमने सामने टक्कर में 3 जख्मी, दो रेफर

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के जपला छतरपुर मुख्य रोड में अनुमंडल कार्यालय के समीप शुक्रवार की रात करीब आठ बजे दो बाइक की आमने- सामने की जोरदार टक्कर हो गयी। इस टक्कर में दोनों बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए , घायलों में थाना क्षेत्र के लंगरकोट गांव निवासी हरिओम सिंह, बरौली गांव निवासी रौशन सिंह दोनों एक बाइक पर सवार थे। जबकि मिरहियाडीह गांव निवासी अमित कुमार अकेले बाइक से घर लौट रहा था। स्थानीय और पुलिस के सहयोग से तीनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सक ने तीनों की प्राथमिक उपचार के बाद हरिओम सिंह, रौशन सिंह की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार एक बाइक पर हरिओम सिंह, रौशन कुमार जपला से अपने घर लौट रहे थे, इसी क्रम में दूसरी ओर से अमित कुमार अपनी बाइक से विपरित दिशा की ओर से आ रहा था, अचानक अनुमंडल कार्यालय के समीप दोनों बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। पुलिस ने दोनों बाइक को जब्त कर थाना ले आई हैं।

## एसडीओ ने प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण, कर्मियों का हाजरी काटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्घा ने प्रखंड कार्यालय केतार का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने प्रखंड व अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। जहां निलंबित पंचायत सचिव नंद कुमार मेहता, बीडीओ का वाहन चालक सुभाष कुमार, अंचल कार्यालय के निलंबित सहायक रामाशीष पासवान बीना जानकारी दिए कार्यालय से अनुपस्थित मिले। वहीं निलंबित पंचायत सचिव नंद कुमार मेहता विगत एक माह से और निलंबित सहायक रामाशीष पासवान फरवरी माह से अब तक कार्यालय में लगातार अनुपस्थित पाये गये। एसडीओ ने अनुपस्थिति कर्मियों का हाजरी काटी तत्पश्चात प्रखंड कार्यालय में उपस्थित कर्मियों से विकास योजनाओं के बारे में पुछताछ की तथा पारदर्शी तरीके से ससमय योजनाओं को पुर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड के उप प्रमुख शम्भू सिंह ने एसडीओ से शिकायत की गयी कि वन अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत केतार प्रखंड से व्यक्तिगत या सामुदायिक एक भी वन पट्टा का अभिलेख जिला वन अधिकार समिति द्वारा पारित करने के लिए नहीं भेजा गया है।जब एसडीओ ने प्रधान सहायक से पुछताछ की तो बताया गया कि तीन -चार माह पहले व्यक्तिगत वन पट्टा का 94 अभिलेख जिला भेजा गया था जो स्विकृति नहीं मिलने पर वापस भेज दिया गया है। एसडीओ ने अंचल निरीक्षक केतार एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी भवनाथपुर को निर्देशित किया कि दो-तीन दिन के अंदर उपरोक्त सभी अभिलेख का संयुक्त रूप से स्थल जांच कर अभिलेख स्वीकृति हेतु अनुमंडल वन अधिकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत करें।

## अंग्रेजी शराब के साथ दो अंतरराज्यीय शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** जपला आरपीएफ ने ऑपरेशन सतर्क के तहत निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में अधिकारी व स्टॉप द्वारा गश्त एवं आपराधिक गतिविधि निगरानी व शराब तस्करी रोकथाम के दौरान अंग्रेजी शराब के साथ दो अंतरराज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्री मीणा ने बताया कि जपला रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13347 अप मे चेकिंग के दौरान शराब व बीयर के साथ दो अंतराज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर 2- 3 नवीनगर साइड के शेड के पास दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में तीन पिट्ठू बैग में बजनी सामान के साथ पाया गया। संदेह होने पर पूछताछ करने पर बैग खोलकर दिखाने को बोला गया तो उन लोगों के द्वारा आना-कानी किए जाने लगा, तब समक्ष गवाहों के समक्ष बैग को खोलकर देखा गया। तो उसमें 65 गॉड फादर बियर,11 रॉयल स्टेज,9 ब्लेंडर स्प्राइट जिसकी लागत मूल्य करीब 17850 रुपये अंग्रेजी शराब पाया गया ।

आगे पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनों अंग्रेजी शराब बियर बिहार में ले जाकर ऊंचे दामों में बेचते हैं तथा अपना रोजी-रोटी चलाने का कार्य करते हैं।

उन्होंने बताया कि पकड़े गए शराब तस्कर में विक्की चौधरी, उम्र 25 वर्ष , पिता छटांगी चौधरी, ग्राम डेहरी , रोहतास (बिहार) एवं बिट्टू कुमार उम्र 15 वर्ष, पिता-अजय पासवान ,ग्राम- गम्हरिया थाना हुसैनाबाद का निवासी है।उन्होंने बताया कि उपरोक्त बरामद माल एवं गिरफ्तार अभियुक्तों को अग्रिम कार्रवाई हेतु उत्पाद अधीक्षक/ डाल्टनगंज पलामू को प्रेषित किया गया।

## हुसैनाबाद में जंग खा रही हैं बच्चों में बांटनेवाली साइकिलें

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** विभागीय उदासीनता के कारण हुसैनाबाद सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को मिलनेवाली साइकिलें खुले आसमान के नीचे बर्बाद हो रही है। बारिश के दिनों में सैकड़ों साइकिलें जंग खा रही है। नयी साइकिलों के टायर समेत अन्य पूर्जे खराब हो रहे हैं। समुचित जगह नहीं होने के कारण साइकिलों की फिटिंग भी खुले आसमान में की जा रही है। साइकिल के पार्ट-पूर्जे भी खुले में रखे हुए हैं। उक्त साइकिल पीएमश्री उर्दू राजकीय मध्य विद्यालय में लगभग 200 साइकिलों को खुले में रखकर छोड़ दिया गया है। जबकि विद्यालय में करीब600 साइकिल रखी गई हैं। एवन कंपनी के सुपरवाइजर ने भी स्वीकार किया कि खुले में साइकिल रखे जाने से जंग लगने की संभावना है।वहीं विद्यालय के एच एम व डीडीओ सुनील राम ने बताया कि कमरे में भी साइकिल रखा हुआ है, साथ ही बच्चों को पठन-पाठन कार्य में भी परेशानी हो रही हैं। इस विद्यालय में छात्रों की संख्या करीब 600 हैं। सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि उक्त विद्यालय के वर्ष 2024-25 के भी 94 छात्रों को साईकिल नहीं दिया गया है। साईकिल वितरण नहीं होने से बेकार साबित हो रहे है। उन्होंने बताया कि इस मामले में वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है, इसके बावजूद बच्चों के बीच वितरण नहीं किया गया है। सरकारी स्कूल में पढ़नेवाले छात्राओं को मिलने वाली साइकिल अब तक नहीं बांटे जाने से जंग खाने लगी है।

### क्या कहते हैं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी

इस संबंध में हुसैनाबाद के प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि पूर्व में छात्रों की सूची जिला को नहीं भेजी गई थी, अभी वर्तमान में हुसैनाबाद के 1206 छात्रों की सूची प्रखंड से जिला को भेज दी गई है। वहां से आदेश प्राप्त होते ही वितरण कर दिया जाएगा।

### भीमबराज पुल से भारी वाहनों की आवाजाही पर लगी पूर्ण पाबंदी को सख्ती से लागू करने का आदेश

# मुख्य अभियंता ने सुरक्षा में तैनात होमगार्ड जवानों को अनुपालन सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

- बराज के 36 नंबर गेट का काउंटर वेट के गिरने का खतरा बढा, रोकने का प्रयास शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**





**मोहम्मदगंज।** भीमबराज पुल से भारी वाहनों की आवाजाही पर लगी पूर्णतः पाबंदी को सख्ती से लागू करने को लेकर मुख्य अभियंता अर्जुन प्रसाद सिंह ने इसके दोनों छोर पर तैनात होमगार्ड जवानों को निर्देशित किया है। भीमबराज के निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस संबंध में होमगार्ड जवानों को निर्देशित करते हुए इसे हर हाल में सुनिश्चित करने का आदेश दिए। मुख्य अभियंता सहित अन्य कई अभियंताओं भीमबराज की संरचनात्मक स्थिति का जाएजा लेने के बाद इसे सख्ती से लागू करना जरूरी पाया। उन्होंने बताया कि बराज पुल 35 साल पुराना हो चुका है। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से इसकी संरचनात्मक मजबूती प्रभावित हो सकती है। वैसे,भी प्रारंभ से ही इस पुल को वाणिज्यिक उपयोग वर्जित क्षेत्र घोषित किया गया है। इस दौरान औरंगाबाद के मुख्य अभियंता अर्जुन प्रसाद सिंह के अलावा अजय कुमार सिंह (अधीक्षण सह मुख्य अभियंता, डेहरी ऑन सोन, बिहार) के अलावा सुबोध कुमार, गजेंद्र चौधरी अधीक्षण और कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश व शैलेंद्र तिवारी सहित अन्य तकनीशियन व स्थानीय अभियंता और सिंचाई कर्मी शामिल थे।

बताया गया कि मुख्य अभियंता का औचक निरीक्षण कार्यक्रम खासकर, भीमबराज के गेट नंबर 36 के काउंटर वेट के टूट कर गिरने की स्थिति की जांच को लेकर था। इसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्होंने संबंधित एजेंसी को तत्काल प्रभाव से इसको गिरने रोकना का उपाय करने की हिदायत दी। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि संबंधित एजेंसी हार्डवेयर एंड टूल्स कंपनी की टीम पहुंच गई है। रविवार सुबह से इस पर काम शुरू हो जाएगा। पहले काउंटर वेट को गिरने से रोकने का उपाय किया जाएगा।

## व्यवसायी नरेश प्रसाद के निधन पर शोक

**हैदरनगर।** शहर के मेन रोड निवासी 52 वर्षीय व्यवसायी नरेश प्रसाद का निधन लंबी बीमारी के बाद शनिवार को ही गया। लीवर में खराबी आने के बाद इनका कई अस्पतालों में इलाज कराया गया। किंतु उन्हें अंततः काल के गाल में समाना पड़ा। इनके निधन की सूचना हैदरनगर बाजार क्षेत्र में फैलते ही व्यवसायियों जनसमूह मृतक के घर जाकर शोक संतप्त परिवारों से गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस मौके पर व्यवसायी सुदर्शन लाल, अनिल लाल, प्रतीक कुमार, नागेंद्र प्रसाद, पप्पू कुमार, गोविंद प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार गुप्ता, मथुरा प्रसाद, कामता दुबे, पंचायत समिति सदस्य शैलू जयसवाल, समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल आदि ने शव का अंतिम दर्शन के बाद शोकाकुल परिवारों को इस संकट की घड़ी में संयम व धैर्य रखने पर जोर दिया है।

## पेज एक के शेष

### हजारीबाग पुलिस ने...

बोलिविया, पेरू, इक्वाडोर, कोलंबिया, पनामा, कोस्टा रिका, होंडुरास, ग्वाटेमाला होते हुए अमेरिका पहुंचाने की कोशिश की। वादी को 50 दिन तक माफिया के कब्जे में रखा गया। इस दौरान उदय कुमार ने वादी के गरीब पिता को अमेरिका से कॉल कर और पैसे की मांग की। विवश होकर वादी के पिता ने अपनी पैतृक जमीन बेचकर लगभग 45 लाख रुपए की राशि उदय कुमार के रिश्तेदारों को अलग-अलग माध्यम से दी। वादी को मेक्सिको सिटी होते हुए सैन डियागो भेजा गया, लेकिन अमेरिकी बॉर्डर पर उसे पकड़कर डिटेंशन सेंटर में डाल दिया गया। वहां वह लगभग चार महीने तक रहा। मार्च 2025 में उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। घर लौटने के बाद जब वादी ने अपनी रकम की मांग की, तो उदय कुमार और उनके भाई चोहान प्रसाद द्वारा गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। डर के कारण वादी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। इस पर टाटीझरिया थाना कांड संख्या 32/25 दिनांक-31/07/2025 धारा-338/336(2)/340(2)/61(2)(ए)/ 318(2)/ 143(2)/126(2)/115(2)/351(2) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया। छापामारी दल में बैजनाथ प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़, सरोज सिंह चौधरी, थाना प्रभारी, टाटीझरिया, पुअनि पवन कुमार (अनुसंधानकर्ता), टाटीझरिया, कुणाल किशोर, थाना प्रभारी, मुफस्सिल थाना, आरक्षी संजय कुमार, रिजर्व गार्ड, आरक्षी टिंकू कुमार, रिजर्व गार्ड, आरक्षी कादिर हुसैन अंसारी, तकनीकी शाखा एवं आरक्षी मोनू कुमार, तकनीकी शाखा शामिल थे।

### साहिबगंज में गंगा...

और बचाव अभियान शुरू कराया। गोताखोरों की टीम नदी में लापता युवकों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, नाव पर सवार कुल 31 लोगों में से 28 किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए, जबकि चार युवक गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय युवकों ने नदी में डुबकी लगाकर काहा हांसदा नामक युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसके साथ गए कृष्णा, जमाई और एक अन्य युवक का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। तीनों युवकों की तलाश जारी है। ग्रामीणों के अनुसार, ये सभी युवक रांगा थाना क्षेत्र से सुबह-सुबह चूहे पकड़ने के उद्देश्य से निकले थे। बारिश के मौसम में जब बिलों में पानी भर जाता है तो चूहे बाहर निकलते हैं और इसी मौके पर गांव के 17 युवक गंगा पार दियारा इलाके में पहुंचे थे। सुबह वे महाराजपुर घाट से नाव में सवार हुए और दियारा क्षेत्र पहुंचे, लेकिन लौटते समय नाव में आसपास के अन्य ग्रामीण भी सवार हो गए। इससे नाव में कुल 31 लोग हो गए। क्षमता से अधिक भार और गंगा के तेज बहाव के कारण नाव असंतुलित होकर बीच नदी में पलट गई। साहिबगंज के उपायुक्त हेमंत सती के अनुसार, एनडीआरएफ की टीम को तत्काल पटना के बिहटा से बुलाया गया है, जो बाढ़ की स्थिति सामान्य होने तक जिले में डटी रहेगी। गृह मंत्रालय से इस संबंध में अनुमति प्राप्त हो चुकी है। एनडीआरएफ की टीम जान-माल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह मुस्तैद रहेगी और गंगा में डूबे लोगों की तलाश के लिए राहत और बचाव कार्य में सहयोग करेगी। इधर, प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिया गया है।

### करंट की चपेट...

कांग्रेस महासचिव अभिषेक बागे और मंडल अध्यक्ष शमशेर अंसारी को दी गई। सूचना मिलते ही तत्काल 108 एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंचा और ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सहदेव कोटवार और कांग्रेस महासचिव सामुएल बुढ़, बिजली कर्मी और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से तीनों को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां अल्फोस होबो और उनकी बहु को मृत घोषित कर दिया गया।

### किसानों, छोटे उद्योगों...

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा यह दावा किए जाने के बाद कि भारत ने संभवतः रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है, सरकारी सूत्रों ने शनिवार को स्पष्ट किया कि रूस से तेल आयात पर ऐसी कोई रोक नहीं है। सूत्रों के अनुसार, भारत की ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हितों और बाजार की ताकतों से प्रेरित है। हमारे पास भारतीय तेल कंपनियों द्वारा रूसी आयात रोकने की कोई रिपोर्ट नहीं है। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत और अमेरिका साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जन-जन संबंधों पर आधारित एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं और इस साझेदारी ने कई बदलावों और चुनौतियों का सामना किया है। इधर, प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, सरकार देश के सर्वोत्तम हित में हर संभव प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री ने रैली में अपने भाषण के दौरान कहा, जो लोग देश का भला चाहते हैं और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखना चाहते हैं, उन्हें अपने मतभेदों को भुलाकर 'स्वदेशी' उत्पादों के लिए संकल्प लेना चाहिए। हम केवल वही चीजें खरीदेंगे, जो भारतीयों द्वारा बनाई गई हैं। हमें वोकल फॉर लोकल को अपनाने की जरूरत है।

## 7 साल के बच्चे पर आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का केस दर्ज, मानवाधिकार संगठन ने की निंदा

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)।** पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने बलूचिस्तान में सात साल के बच्चे पर आतंकवाद का केस दर्ज किए जाने की निंदा की है। उसने इस कदम को 'मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन' और देश में आतंकवाद विरोधी कानूनों का दुरुपयोग बताया है। 'एचआरसीपी' की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, "बलूचिस्तान के तुर्बत में एक 7 साल के नाबालिग बच्चे पर आतंकवाद की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करना बेहद निंदनीय और मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। यह कदम न केवल कानून की भावना के विपरीत है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा से संबंधित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का भी घोर उल्लंघन है। बयान में आगे कहा गया, "यह घटना तब हुई जब एक मासूम बच्चे ने यूट्यूब पर एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें मानवाधिकार कार्यकर्ता गुलजार दोस्त का एक भाषण शामिल था। महज एक वीडियो शेयर करने को आतंकवाद करार देना, राज्य की शक्ति के असंतुलित इस्तेमाल का एक उदाहरण है।

## कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे ने दी थी रिश्वत, अदालत ने अब सुनाई 12 साल की सजा

**बोगोटा ।** कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे की मुश्किलें बढ़ गई हैं। रिश्वत से जुड़े एक मामले में कोर्ट ने उनको 12 साल की कड़ी सजा सुनाई है। उन पर मुकदमा चलने के दौरान केस से जुड़े गवाहों को प्रभावित करने और रिश्वत देने का आरोप था। इस आपराधिक मामले में अब अल्वारों को 12 वर्षों की नजरबंदी की सजा सुनाई गई है। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद उरीबे ने कहा कि वे इस सजा के खिलाफ अपील करेंगे। वहीं, यह सजा लगभग छह महीने तक चली सुनवाई के बाद सुनाई गई, जिसमें अभियोजन पक्ष ने अदालत में सबूत पेश किए कि उरीबे ने उन गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की थी जिन्होंने उन पर 1990 के दशक में अर्धसैनिक समूहों से संबंध रखने का आरोप लगाया था। हालांकि उरीबे ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि यह मुकदमा राजनीति से प्रेरित है।

# 'दक्षिण-दक्षिण सहयोग' को बढ़ावा देने के लिए नौ देशों में चार प्रोजेक्ट्स शुरू

## विकासशील देशों के लिए सहयोग का नया मॉडल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



'साउथ-साउथ कोऑपरेशन' यानी दक्षिण-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए भारत और संयुक्त राष्ट्र ने नौ साझेदार देशों में चार कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोजेक्ट्स के पहले चरण की शुरुआत की है। यह पहल 'इंडिया-यूएन ग्लोबल कैपेसिटी बिल्डिंग इनिशिएटिव' के तहत शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजीएस) को हासिल करने में देशों की मदद करना है। इस पहल का शुभारंभ शुक्रवार को विदेश मंत्रालय (एमईए) के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने किया। इन नौ सहयोगी देशों में जाम्बिया, लाओस, नेपाल, बारबाडोस, बेलीज, सेंट किट्स एंड नेविस, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो और दक्षिण सूडान शामिल हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के मिशनों के प्रमुख, संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शॉम्बी शार्प, राजनयिक, भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम (आईटीईसी) की कार्यान्वयन संस्थाओं के अधिकारी, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां और अन्य साझेदार संगठनों ने भी हिस्सा लिया। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर लिखा, "एसडीजी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए 'दक्षिण-दक्षिण सहयोग' को बढ़ावा! 'इंडिया-यूएन ग्लोबल कैपेसिटी बिल्डिंग इनिशिएटिव' के तहत नौ साझेदार देशों में चार परियोजनाओं के पहले चरण की सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने शुरुआत की। मिशनों के प्रमुख, यूएन रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शॉम्बी शार्प, राजनयिक, आईटीईसी संस्थाओं के अधिकारी, यूएन एजेंसियां और अन्य साझेदार संगठन कार्यक्रम में शामिल हुए। ये परियोजनाएं खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, व्यावसायिक प्रशिक्षण और जनगणना की तैयारियों पर केंद्रित हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तन्मय लाल ने कहा कि "एसडीजी-17 और प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की भावना में, वैश्विक क्षमता निर्माण के लिए यह नई भारत-संयुक्त राष्ट्र पहल और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। इसका उद्देश्य एसडीजी से संबंधित प्रमुख क्षेत्रों में अनुभव साझा करना और वैश्विक दक्षिण साझेदारों को सशक्त बनाना है।

### भारत-यूएन साझेदारी से एसडीजी को मिलेगी रफ्तार

'इंडिया-यूएन ग्लोबल कैपेसिटी बिल्डिंग इनिशिएटिव' के तहत, संयुक्त राष्ट्र अपनी वैश्विक पहुंच का उपयोग करते हुए भारत की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों और संस्थानों को अन्य देशों से जोड़ने में मदद करेगा, ताकि सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजीएस) को हासिल करने की गति तेज की जा सके। इस पहल में स्किल्स ट्रेनिंग, नॉलेज एक्सचेंज, और साझेदार देशों में पायलट प्रोजेक्ट्स जैसी कई गतिविधियां शामिल हैं, जिन्हें नए 'यूएन इंडिया एसडीजी कंट्री फंड' और आईटीईसी कार्यक्रम के जरिए लागू किया जाएगा। यूएन रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शॉम्बी शार्प ने कहा, "वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया एक परिवार है)।

- **नौ सहयोगी देश शामिल :** जाम्बिया, लाओस, नेपाल, बारबाडोस, बेलीज, सेंट किट्स एंड नेविस, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो, दक्षिण सूडान।
- **कार्यक्रम में कई अहम संस्थाएं व प्रतिनिधि शामिल हुए :** मिशनों के प्रमुख, यूएन रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शॉम्बी शार्प, राजनयिक, आईटीईसी संस्थाएं, यूएन एजेंसियां और अन्य साझेदार संगठन।
- **विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का बयान :** 'दक्षिण दक्षिण सहयोग' को बढ़ावा देने और एसडीजी हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम।



## वियतनाम में आई बाढ़ से आठ लोगों की मौत, तीन लापता

**हनोई (आईएएनएस)**

वियतनाम के उत्तरी प्रांत डिएन बिएन में बीते कुछ दिनों से हो रही मूसलधार बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण भारी तबाही मची है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हाल के कुछ दिनों में 8 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 3 लोग लापता हैं। शनिवार सुबह 6 बजे तक की रिपोर्ट के मुताबिक, बाढ़ और भूस्खलन के कारण करीब 60 घर बह गए या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। डिएन बिएन प्रांत के करीब 30 गांवों का संपर्क बाहरी दुनिया से टूट गया है, क्योंकि बाढ़ के कारण सड़कें और पुल नष्ट हो गए हैं। वियतनाम डिजास्टर एंड डाइक मैनेजमेंट अथॉरिटी के अनुसार, लापता लोगों की तलाश और राहत कार्यों के लिए करीब 700 से ज्यादा सुरक्षाकर्मियों, मिलिट्री, स्थानीय स्वयंसेवकों और संगठनों के सदस्यों को लगाया गया है। ये टीमें बचे हुए लोगों को बचाने और राहत सामग्री पहुंचाने में दिन-रात जुटी हैं। शनिवार को वियतनामी उप प्रधानमंत्री ट्रान होंग हा ने हालात का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी नागरिक को भूखा, सूचनाविहीन या अलग-थलग न रहने दिया जाए।

## जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई रहा सबसे गर्म महीना

**टोक्यो (आईएएनएस)**

जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई का महीना सबसे गर्म रहा। मौसम एजेंसी के अनुसार, इस बार तापमान सामान्य से 2.89 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने शुक्रवार को बताया कि जुलाई में देश भर का औसत तापमान 1898 से अब तक का सबसे अधिक रहा, जो 2024 के पिछले रिकॉर्ड से 2.16 डिग्री सेल्सियस अधिक था। मौसम अधिकारियों ने बताया कि इस साल का तापमान सामान्य से बहुत ज्यादा था और देश में असामान्य रूप से उच्च तापमान का सामना करना पड़ा।

30 जुलाई को जापान के ह्योगो प्रान्त के ताम्बा शहर में तापमान 41.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो देश में अब तक का सबसे अधिक तापमान है।

# भारी स्कूल बैग बच्चों की रीढ़ की हड्डी के लिए है घातक

**ब्यूरो**



एआई जेनरेटेड

- **हो रहीं स्कोलियोसिस काइफोसिस व अन्य रीढ़ संबंधी विकृतियां**
- **भारी बैग कुबड़ापन या रीढ़ की हड्डी में टेढ़ापन पैदा कर सकते हैं**

**नई दिल्ली।** इनदिनों स्कूली बच्चों को बड़े व भारी स्कूल बैग ढोते , कभी इस कंधे कभी उस कंधे करते देखना आम बात है। लेकिन क्या आपको पता है कि इतना भारी बैग या स्कूल बैग न सिर्फ़ पीठ दर्द का कारण बन रहा है, बल्कि स्कोलियोसिस या रीढ़ की हड्डी की अन्य विकृतियों सहित अन्य प्रकार की क्षति भी पैदा कर रहा है। एक औसत स्कूली बच्चा एक दिन में लगभग 8 अलग-अलग विषय पढ़ता है। इसका मतलब है कि बच्चे कम से कम 8 अलग-अलग स्कूली किताबें ढोते हैं, और इसमें अन्य नोटबुक, वर्कशीट व अन्य ज़रूरी चीज़ें शामिल नहीं होतीं। समय के साथ भारी बैग ढोने के कारण अक्सर बच्चों को पीठ दर्द का अनुभव होता है, लड़कियों को आमतौर पर लड़कों की तुलना में ज़्यादा दर्द होता है। विशेष रूप से भारी स्कूल बैग ढोने वाले बच्चों का सिर अक्सर आगे की ओर झुक जाता है, जिससे पीठ पर पड़े भारी वज़न को संतुलित करने और संतुलित करने के लिए शरीर कूल्हों पर आगे की ओर झुक जाता है, जिससे आसन का अप्राकृतिक संरेखण होता है। चूंकि बच्चे पूरे दिन अपना बैग नहीं ढोते, शुक्र है कि इससे उनके विकास पर कोई खास असर नहीं पड़ता या बहुत कम असर पड़ता है। हालांकि भारी बैग कुबड़ापन या रीढ़ की हड्डी में टेढ़ापन पैदा कर सकते हैं, लेकिन इससे रीढ़ की हड्डी में स्थायी विकृति या स्कोलियोसिस नहीं होना चाहिए, जब तक कि बच्चे को पहले से ही ये समस्याएँ न हों। इसका मतलब है कि यदि किसी बच्चे को स्कोलियोसिस जैसी रीढ़ की हड्डी की समस्या पहले से ही है, लेकिन माता-पिता को इस स्थिति के बारे में पता नहीं है, तो रोजाना भारी बैग ढोने से रीढ़ की हड्डी में टेढ़ापन या झुकाव हो सकता है और बैग के अतिरिक्त वजन के कारण पहले से ही टेढ़ी या विकृत रीढ़ की हड्डी और भी खराब हो सकती है। लेकिन बच्चों को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है या उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है, खासकर जब बात उन छोटी-मोटी समस्याओं की आती है, जैसे कि यह समस्या, लेकिन असल में ये महत्वपूर्ण मामले हैं जिन पर ध्यान देने की ज़रूरत है। कुछ माता-पिता इस बात से पूरी तरह अनजान होते हैं कि उनके बच्चे हर दिन अपने बैग में कितना वज़न ढो रहे हैं, और जब उनके बच्चे पीठ दर्द की शिकायत करने लगते हैं, तो उन्हें इसका कारण पता भी नहीं चलता या हो सकता है, क्योंकि उन्होंने उस समय इस पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया या फिर ध्यान ही नहीं दिया। बच्चे के बैग का वज़न उसके वज़न और कद के हिसाब से होना चाहिए। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए, 30-40 किलो वज़न वाले बच्चे द्वारा ढोया जाने वाला बैग 2 किलो से ज़्यादा नहीं होना चाहिए। कई बच्चे 5 किलो तक वज़न वाले स्कूल बैग ढोते हैं, जिससे आगे चलकर बच्चे के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ने की संभावना रहती है। इसलिए, यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिस पर माता-पिता को ध्यान देना चाहिए और विकल्प तलाशने चाहिए। शैक्षणिक संस्थानों को भी इस समस्या को सुलझाने के उपायों पर विचार करना चाहिए, जैसे कि कक्षा में स्कूली किताबें रखने की अनुमति देना, जिससे आगे की समस्याओं को कम किया जा सके।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में विस्फोट 5 बच्चों की मौत, 12 घायल

**पेशावर ।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत ज़िले में शनिवार को घातक विस्फोट हुआ है। यह धमाका एक पुराने मोर्टार शेल में हुआ। इस घटना में 5 बच्चों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पाकिस्तान पुलिस ने दी है। यह हादसा उस वक्त हुआ जब बच्चों के एक समूह को पहाड़ियों में एक बिना फटा मोर्टार शेल मिला और वे उसे अपने गांव ले आए। पुलिस के अनुसार, वे बच्चे इस बात से अनजान थे कि वह एक बम है और खेलते समय शेल में विस्फोट हो गया। विस्फोट में पांच बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 12 अन्य घायल हो गए।

## यूक्रेन से युद्ध लड़ते-लड़ते एचआईवी एड्स का शिकार हुई पुतिन की सेना

**नई दिल्ली ।** एक तरफ जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस को धमका रहे हैं। वहीं अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 रूस के नजदीकी क्षेत्रों में परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है। ट्रंप ने ट्रूथ पर लिखा कि रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्रों मेदवेदेव के अत्यधिक भड़काऊ बयानों को देखते हुए, मैंने एहतियातन दो परमाणु पनडुब्बियों को उपयुक्त क्षेत्रों में तैनात करने का आदेश दिया है।

# हमारे पास समुद्र में अमेरिका से ज्यादा परमाणु पनडुब्बियां : रूसी सांसद का ट्रंप पर पलटवार

**मॉस्को (आईएएनएस)**



एक वरिष्ठ रूसी सांसद ने दावा किया है कि रूस के पास वर्तमान में दुनिया के महासागरों में अमेरिका से ज्यादा परमाणु पनडुब्बियां तैनात हैं। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने दो परमाणु पनडुब्बियों को 'उपयुक्त क्षेत्रों' में भेजने की बात कही थी। ट्रंप का यह बयान पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की हालिया टिप्पणी के बाद सामने आया था। राज्य ड्यूमा की सीआईएस मामलों, यूरेशियन एकीकरण और प्रवासी संबंध समिति के पहले उपाध्यक्ष विक्टर वोडोलात्स्की ने कहा कि ट्रंप ने जिन जहाजों को 'उपयुक्त क्षेत्रों' में भेजने का आदेश दिया, वे पहले से ही नियंत्रण में हैं। मॉस्को को अमेरिकी राष्ट्रपति की बातों पर प्रतिक्रिया देने की कोई जरूरत नहीं है।

रूसी सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने वोडोलात्स्की के हवाले से कहा, "दुनिया के महासागरों में हमारी (न्यूक्लियर) पनडुब्बियां काफी ज्यादा हैं, (और उनके पास) सबसे मजबूत, सबसे शक्तिशाली हथियार हैं। इसलिए (ट्रंप की) दो नावें अगर घूम भी रही हैं, तो वह लंबे समय से हमारी निगरानी में हैं। हमारी ओर से कोई जवाब नहीं हो सकता, क्योंकि हम अच्छी तरह समझते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप कौन हैं। बीते कुछ महीनों में यह स्पष्ट हो गया है कि वह हर 24 घंटे में अपना मन बदलते रहते हैं।" मेदवेदेव के 'बेहद भड़काऊ बयानों' के जवाब में ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस कदम का ऐलान किया।

# 'द केरल स्टोरी' की टीम को मिले दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, फिल्म को लेकर छिड़ गया विवाद

## कांग्रेस ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

*71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में बॉलीवुड के लिए 'द केरल स्टोरी' सबसे बड़ी विजेताओं में से एक रही। इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ छायांकन के लिए दो पुरस्कार जीते। हालांकि, फिल्म की टीम जश्न मना रही थी, लेकिन इस जीत पर राजनीतिक विवाद छिड़ गया। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार निर्णायक मंडल द्वारा फिल्म द केरल स्टोरी के लिए सुदीप्तो सेन को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार सहित दो पुरस्कार देने के फैसले की केरल में तीखी आलोचना हुई है।*




मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में लिखा "केरल की छवि धूमिल करने और सांप्रदायिक नफ़रत के बीज बोने के स्पष्ट इरादे से ज़बरदस्त ग़लत सूचना फैलाने वाली एक फ़िल्म को सम्मानित करके, राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कारों के निर्णायक मंडल ने संघ परिवार की विभाजनकारी विचारधारा में निहित एक कथानक को वैधता प्रदान की है। केरल, एक ऐसी भूमि जो हमेशा सांप्रदायिक ताकतों के ख़िलाफ़ सद्भाव और प्रतिरोध का प्रतीक रही है, इस फ़ैसले से घोर अपमानित हुई है। कांग्रेस नेता के. सी. वेणुगोपाल ने शुक्रवार को कहा कि फिल्म 'द केरल स्टोरी' को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना इस बात का एक उदाहरण है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) किस तरह नफरत को प्रायोजित करती है और बढ़ावा देती है। पार्टी महासचिव ने कहा, ''यह फिल्म 'कूड़ेदान' में फेंक दिए जाने लायक है।

कहानी फिल्म जगत की


